✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 31 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 27 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




लोकभवन से राज्यपाल से मिलते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## उच्च शिक्षा में सुधार से शैक्षणिक गुणवत्ता में होगी वृद्धि : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार लोक भवन में शुक्रवार को राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन की अयक्षता में राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार एवं प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण के लिए की जा रही नई पहलों की समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर भी उपस्थित थे। बैठक में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पारदर्शिता, दक्षता, डिजिटल प्रशासन तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करने हेतु संचालित विभिन्न सुधारात्मक पहलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बताया गया कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस संबंध में राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को 31 दिसम्बर तक समर्थ पोर्टल के लेखा एवं वित्त, कर्मचारी सेवाएं एवं अकादमिक पैकेज के सभी 26 मॉड्यूल्स पूर्णतः लागू करने का निर्देश दिया। यह भी अवगत कराया गया कि समर्थ



पोर्टल के क्रियान्वयन से प्रशासनिक व्यय में करोड़ों रूपये की बचत सुनिश्चित हुई है तथा पारदर्शी, डिजिटल एवं एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था के कारण निर्णय प्रक्रिया अधिक उत्तरदायी एवं प्रभावी बनी है। बैठक में बताया गया कि नवसृजित 211 राजकीय डिग्री महाविद्यालयों के लिए संविदा आधारित सहायक प्राध्यापकों की केन्द्रीयकृत नियुक्ति प्रक्रिया अपनायी जा रही है। इन पदों के लिए बेहतर वेतनमान का प्रावधान किया गया है तथा ऐसी चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिससे योग्य, सक्षम एवं समर्पित शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित हो सके और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आए। राज्यपाल ने कहा कि इन सभी पहलों के समन्वित एवं प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, डिजिटलीकरण, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा छात्र-केंद्रित प्रशासन को नई मजबूती मिलेगी। बैठक में उच्च शिक्षा व्यवस्था में दीर्घकालिक सुधार के लिए आवश्यक संरचनात्मक एवं नीतिगत परिवर्तनों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उच्च शिक्षा में सुधार के लिए  राज्यपाल द्वारा की जा रही पहलों की सराहना करते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से राज्य की शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए जिससे सामान्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिहार के विद्यार्थियों को राज्य से बाहर न जाना पड़े। उच्च शिक्षा मंत्री ने भी बैठक के दौरान अनेक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सुझाव दिए। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार एवं सचिव लोकेश कुमार सिंह, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो एनके अग्रवाल, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोयला लदे ट्रक ने सवारी वाहन में मारी टक्कर, आठ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास  बीती रात कोयला लदे एक ट्रक ने एक सवारी वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त वाहन में आठ लोग सवार थे जिनमें से सात की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को रांची के रिम्स में भर्ती करवाया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इसकी पुष्टि मृतक के रिश्तेदार ने की है। इस हादसे में मारे गये लोग बैंड-ताशा पार्टी के सदस्य थे। आठ में से तीन एक ही परिवार के सदस्य थे जबकि दो सगे भाई थे। मृतकों में अनोद कुमार, डेविड करमाली, पप्पू करमाली, पवन करमाली, अशोक कुमार, शक्ति कुमार, हेमंत कुमार महतो और मनीष कुमार शामिल हैं। यह हादसा बुध बाजार लारी-बरलौंग के समीप रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलसगरा के दो लोग और मारगमर्चा गांव के ताशा-बैंड पार्टी के सदस्य एक सवारी वाहन से मारगमर्चा आए थे। कार्यक्रम के लिए बैंड-ताशा पार्टी के अन्य सदस्यों को लेकर वापस बलसगरा लौट रहे थे। इसी दौरान रामगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे कोयला लदे ट्रक ने ओवरटेक करने के क्रम में सवारी वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण, रजरप्पा थाना पुलिस और अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सात लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि एक व्यक्ति की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे रांची रेफर कर दिया गया। वहीं ताशा पार्टी से जुड़े पिंटू ने बताया कि दो लोग बलसगरा से सवारी गाड़ी में आए थे मारगमर्चा से 6 लोगों को लेकर वापस बलसगरा जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना घटी है। मृतकों में 6 लोग मारगमर्चा के जबकि दो लोग बलसगरा के बताए जा रहे हैं। रामगढ़ एसडीपीओ आलोक रंजन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक के रॉन्ग साइड में जाकर सवारी वाहन को टक्कर मारने की बात सामने आई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### महेश दीक्षित बने नए आइबी प्रमुख

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** आईपीएस अधिकारी महेश दीक्षित को भारत की प्रमुख आंतरिक खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आइबी) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे मौजूदा आईबी डायरेक्टर तपन डेका का स्थान लेंगे और उनका कार्यकाल दो साल का रहेगा। तपन डेका का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो जाएगा। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एफआर 56 (क) और अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु सह सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16 (1इ) के प्रावधानों के तहत महेश दीक्षित को पदभार ग्रहण करने के लिए सेवाकाल में विस्तार दिया गया है।

#### हिरासत में ली गयी दो उजबेकिस्तानी महिलाएं

**मोतिहारी (नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर रक्सौल के हरैया थाना क्षेत्र स्थित कस्टम चौक के पास मैत्री ब्रिज पर एसएसबी ने दो उजबेकिस्तानी महिला नागरिकों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के भारत में अवैध रूप से ठहरने की आशंका जताई गई है। एसएसबी ने दोनों को हरैया थाना के हवाले कर दिया है। हिरासत में ली गई महिलाओं की पहचान 32 वर्षीय मखफूजा देखकोनोवा और 35 वर्षीय मफतुना किलिचेवा के रूप में हुई है।

#### कंपनी कमांडर के 65 पदों पर होगी भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग के तहत गुल्म समादेशक (कंपनी कमांडर) के 65 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इस भर्ती में अभ्यर्थियों का चयन प्रारंभिक, मुख्य लिखित परीक्षा तथा शारीरिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

#### इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए रैंक कार्ड जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में बीई/बीटेक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने यूजीईएसी-2026 का रैंक कार्ड जारी कर दिया है। इसबार 15 हजार से अधिक सीटों पर नामांकन होगा। हालांकि सीटों के बराबर आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। जेईई मेन-2026 के ऑल इंडिया रैंक के आधार पर तैयार यूजी यूईएसी-2026 रैंक कार्ड पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। पर्षद की ओर से जारी सूचना के अनुसार इससे बिहार के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों में बीई/बीटेक पाठ्यक्रमों में नामांकन लिया जाएगा।

## ड्यूटी से लौट रहे एसटीएफ जवान की सर्विस पिस्टल से चली गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में ड्यूटी से लौट रहे स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना घोसी पुलिस अनुमंडल के हुलासगंज थाना क्षेत्र स्थित सुकियावां-झुनकी मार्ग पर हुई। जवान की पहचान नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के सोनसा गांव निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार धीरज कुमार हुलासगंज क्षेत्र में ड्यूटी पूरी कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कमर में लगी सर्विस पिस्टल से अचानक गोली चल गई। गोली उनके बाएं जांघ में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। साथ में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत घोसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घोसी डीएसपी कृति कमल और हुलासगंज थानाध्यक्ष शैलेश कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सर्विस पिस्टल से गोली किन परिस्थितियों में चली। जांच में इस बात की भी पड़ताल की जा रही है कि यह महज एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## सीएम हेमंत सोरेन 1042 नये प्राथमिक शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने की दिशा में राज्य सरकार एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 29 जून को 1,042 नवनियुक्त सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह राजधानी रांची के खेलगांव में दोपहर एक बजे आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए सभी जिलों की जिला स्थापना समिति ने अपनी अनुशंसा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को भेज दी है। इस चरण में कक्षा एक से पांच तक के लिए 274 सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं कक्षा छह से आठ



तक के लिए 768 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इन नियुक्तियों के बाद कई सरकारी विद्यालयों में लंबे समय से खाली पड़े शिक्षकों के पद भर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था मजबूत होगी तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। कक्षा छह से आठ तक के विद्यालयों में विषयवार नियुक्तियां भी तय कर दी गई हैं। प्रत्येक विद्यालय में भाषा, गणित एवं विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषय के लिए स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इनमें भाषा विषय के 150, गणित एवं विज्ञान के 231 तथा सामाजिक विज्ञान के सर्वाधिक 387 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। विषयवार नियुक्ति का उद्देश्य विद्यालयों में सभी प्रमुख विषयों के लिए पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराना है ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। जिलावार नियुक्तियों पर नजर डालें तो सबसे अधिक 123 शिक्षकों की नियुक्ति पलामू जिले में होगी। इसके बाद गिरिडीह में 92, कोडरमा में 81, साहिबगंज में 63, पश्चिमी सिंहभूम में 61, देवघर में 59, दुमका में 54, गोड्डा में 53 और पाकुड़ में 51 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। दूसरी ओर सबसे कम केवल चार शिक्षकों की नियुक्ति रामगढ़ जिले में होगी। रांची में 36, खूंटी में 12, लोहरदगा में 11, गुमला में 27, सिमडेगा में 21, लातेहार में 41, गढ़वा में 34, पूर्वी सिंहभूम में 39, सरायकेला-खरसावां में 34, हजारीबाग में 15, धनबाद में 42, बोकारो में 24 और जामताड़ा में 39 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। राज्य सरकार ने प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में लगभग 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू की थी। चरणबद्ध तरीके से नियुक्तियां लगातार की जा रही हैं। अब तक करीब 12,500 शिक्षकों को नियुक्ति दी जा चुकी है।

## करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम चंपारण के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को घर निर्माण के दौरान बिजली का करंट लगने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, चौबरिया गांव निवासी भिखारी गोंड के पुत्र नन्हू गोंड और सनहू गोंड सिसवा बसंतपुर पंचायत के डोभी टोला में घर निर्माण का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान सनहू गोंड अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। छोटे भाई को बचाने के लिए नन्हू गोंड दौड़ पड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। देखते ही देखते दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों भाइयों को तत्काल जीएमसीएच ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## दारोगा ने दामाद को तलवार से काट खुद को भी मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिले के बहादुरपुर थाना के एक गांव में प्रेम विवाह से नाराज दारोगा ने अपनी भतीजी के पति की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी पटना पुलिस में दारोगा के पद पर कार्यरत है। उसने तलवार से हत्या करने के बाद खुद के सिर में भी गोली मार ली। गंभीर स्थिति में जिले के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक ने करीब तीन साल पहले दारोगा की भतीजी से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों अहमदाबाद में रहकर नौकरी करने लगे थे। दो दिन पहले ही दोनों घर लौटे थे। दारोगा भतीजी की शादी से नाराज था। इसलिए बहाने से बुलाकर घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद से पूरे इलाके में भारी तनाव बना हुआ है। छुट्टी पर आए आरोपी दारोगा ने शुक्रवार तड़के युवक को फोन कर धोखे से बाहर बुलाया था। जैसे ही वह घर से बाहर निकला वहां मौजूद लोगों ने लाठी-डंडों और तलवार से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद बाकी लोग फरार हो गए। घटना के दौरान जब आरोपी को यह निश्चित हो गया कि युवक की मौत हो चुकी है तो उसने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर अपने सिर में गोली मार ली जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। उसे स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए तुरंत निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा कर डीएसपी को जांच सौंपी है, जहां एफएसएल की टीम सैंपल जुटा रही है।

## गया सेंट्रल जेल के उपाधीक्षक निलंबित

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** गया सेंट्रल जेल के उपाधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। गृह विभाग की ओर से उनके निलंबन का आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मिली जानकारी अनुसार गया जी सेंट्रल जेल के उपाधीक्षक सुदर्शन प्रसाद सिंह को अपराधियों से सांठ-गांठ और ड्यूटी में भारी लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। गृह विभाग ने उनके निलंबन का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। सुदर्शन  प्रसाद सिंह पर कई तरह के गंभीर आरोप लगे हैं।

## बिहार के पूर्व अग्निवीरों को जेल वार्डन भर्ती में 12.5% आरक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरी का नया रास्ता खोल दिया है। राज्य सरकार ने जेलों में कक्षपाल (वार्डन) भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को अलग से आरक्षण देने का फैसला किया है। इसके लिए बिहार कक्षपाल संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2026 को मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले के बाद सेना में अग्निवीर के रूप में सेवा पूरी कर चुके युवाओं को बिहार की कारा सेवाओं में सरकारी नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। अब तक जेल कक्षपाल भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। नई नियमावली के तहत इसे दो बराबर हिस्सों में बांटा गया है। अब 12.5 प्रतिशत पद पारंपरिक भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रहेंगे। वहीं शेष 12.5 प्रतिशत पद केवल बिहार के पूर्व अग्निवीरों के लिए सुरक्षित होंगे। सरकार का मानना है कि सेना में चार साल तक प्रशिक्षण और सेवा देने वाले अग्निवीर अनुशासन, सुरक्षा और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकते हैं। ऐसे में जेल प्रशासन में उनकी नियुक्ति से व्यवस्था और मजबूत होगी। यह फैसला अग्निवीरों के पुनर्वास और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में भी अहम कदम माना जा रहा है।


## 140 माफियाओं की बेनामी संपत्ति जब्त करेगी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** तिरहुत रेंज में शराब के अवैध धंधे पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी और निर्णायक रणनीति तैयार की है। इसके तहत अब हर थाना क्षेत्र के तीन सबसे बड़े शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। डीआईजी चंदन कुशवाहा ने इस संबंध में रेंज के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को विशेष अभियान चलाने का कड़ा निर्देश जारी किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। मुजफ्फरपुर जिले में 48 थाना और ओपी मिलाकर कुल 140 शराब माफियाओं की एक विस्तृत सूची बनाई गई है। इन सभी की अवैध संपत्ति को जब्त करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ये ऐसे शराब धंधेबाज हैं जो कई बड़े मामलों में आरोपित रहे हैं। दूसरे राज्यों से शराब की बड़ी खेप मंगाने वाले सिंडिकेट से लेकर स्थानीय



स्तर पर स्प्रिट से नकली शराब बनाने और उसकी बिक्री करने वाले बड़े माफिया अब सीधे पुलिस की रडार पर आ चुके हैं। डीआईजी तिरहुत रेंज ने सभी थानेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने इलाके के टॉप-3 शराब माफियाओं की सूची और उनकी संपत्ति का पूरा ब्योरा 15 दिनों के भीतर सौंपें। थानेदार इसके लिए सीओ, निबंधन कार्यालय और बैंकों से समन्वय स्थापित करेंगे। वे माफियाओं के नाम पर दर्ज जमीन, मकान, लक्जरी वाहन और बैंक बैलेंस की पूरी जानकारी जुटाएंगे। अगर किसी थानेदार ने इस काम में लापरवाही बरती, तो उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होना तय है। डीआईजी का मानना है कि शराब माफिया की आर्थिक कमर तोड़े बिना इस काले धंधे पर रोक लगाना संभव नहीं है। पुलिस को आशंका है कि शराब माफियाओं ने काली कमाई से अपने परिजनों (पत्नी, बेटे, भाई) और करीबियों के नाम पर करोड़ों की बेनामी संपत्ति बनाई है। पुलिस इन सभी करीबियों की संपत्ति की भी गहन जांच करेगी। इसके साथ ही अप्रैल 2016 में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक खरीदी गई जमीन, मकान, फ्लैट, लक्जरी गाड़ियों और बैंक निवेश की विशेष जांच होगी। यदि यह साबित होता है कि संपत्ति शराब के अवैध धंधे से अर्जित की गई है,तो उसे तुरंत जब्त किया जाएगा। आय से अधिक संपत्ति मिलने पर आर्थिक अपराध इकाई और प्रवर्तन निदेशालय को भी केस भेजा जाएगा। यह अभियान मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में एक साथ चलाया जाएगा।

# मिथिला मल्टी-कमोडिटी उद्यान क्लस्टर को मिली केंद्र सरकार की मंजूरी, हजारों किसानों को मिलेगा लाभ

## करीब 100 करोड़ की लागत से मधुबनी और दरभंगा में शुरू होगी क्लस्टर आधारित बागवानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मिथिला के किसानों को केंद्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। बिहार सरकार का कृषि विभाग करीब 100 करोड़ की लागत से मधुबनी और दरभंगा जिले में क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत काम शुरु करने जा रहा है। भारत सरकार के राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड यानी एनएचबी ने मिथिला मल्टी-कमोडिटी उद्यान क्लस्टर के क्लस्टर गैप असेसमेंट रिपोर्ट, सीजीएआर, को स्वीकार कर लिया है। अब कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय जल्द ही क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम, सीडीपी, 2021 के अंतर्गत इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी का चयन कर कार्य शुरू करने जा रहा है। मिथिला मल्टी-कमोडिटी उद्यान क्लस्टर मेगा श्रेणी का एकीकृत बागवानी क्लस्टर है जिसकी कुल प्रस्तावित परियोजना लागत 98.80 करोड़ रुपए है। क्लस्टर का क्षेत्र लगभग 15,100 हेक्टेयर है तथा इससे 19,200 किसानों को लाभान्वित करने का प्रस्ताव है। इस क्लस्टर में प्रमुख फसलें केला एवं आम हैं। साथ ही लीची और मखाना अतिरिक्त क्लस्टर फसलें हैं। यह परियोजना एनएचबी, भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित केंद्रीय क्षेत्र कार्यक्रम सीडीपी के अंतर्गत है। कार्यक्रम के तहत पूर्व-उत्पादन एवं उत्पादन के लिए 38.4 करोड़ रुपये, कटाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन के लिए 42.5 करोड़ रुपये और लॉजिस्टिक्स, विपणन एवं ब्रांडिंग के लिए 17.9 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इससे हाई-टेक नर्सरी, टिश्यू-कल्चर एवं वायरस-इंडेक्सिंग सुदृढ़ीकरण, प्लांट हेल्थ क्लिनिक, ड्रिप इरिगेशन आधारित क्षेत्र विस्तार, हाई-डेंसिटी प्लांटिंग, पुराने आम बागों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके साथ ही सॉइल/लीफ/एमआरएल टेस्टिंग, 26 इंटीग्रेटेड पैक-हाउस, 4,500 मीट्रिक टन क्षमता का मल्टी-टेम्परेचर कोल्ड स्टोरेज, 21 राइपनिंग चैंबर्स, 15 रीफर वाहन, दरभंगा एयरपोर्ट पर पेरिशेबल कार्गो सुविधा और 'नॉर्थ बिहार फ्रूट बास्केट' नाम से क्लस्टर ब्रांडिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस मौके पर बिहार के माननीय कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सीडीपी 2021 के अंतर्गत मिथिला बहु-फसलीय बागवानी क्लस्टर की स्वीकृति बिहार के लिए रोजगार-उन्मुखी है। इससे आधुनिक मूल्य शृंखला विकसित होगी और यह महिलाओं और युवाओं के अनुकूल रोजगार के अवसर प्रशस्त करेगा। यह परियोजना 15,100 हेक्टेयर क्षेत्र में शुरू होने जा रही है। इससे 19,200 किसानों को लाभ होगा। परियोजना 98.80 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश तथा आधुनिक पौधशाला, सूक्ष्म-सिंचाई आधारित विस्तार, पौध स्वास्थ्य प्रवर्धन, शीत-चेन शृंखला, पैकहाउस, शीतक-परिवहन, डिजिटल मार्केटिंग और निर्यात-मानकों जैसे प्रमाणित तथ्यों एवं वैज्ञानिक वैल्यू-चेन प्लान पर आधारित है। इससे किसान, एफपीओ, उद्यमी, महिलाएं और युवा सशक्त होंगे तथा बिहार के किसान परिवारों में समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि उद्यान निदेशालय अब जल्द ही एनएचबी के साथ मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट का निष्पादन कर सीडीपी 2021 के प्रावधानों के अनुरूप इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी के चयन के लिए आरएफपी जारी करेगा।

# इस वर्ष अब तक 4 मेलों के लिए 8.24 करोड़ रुपये आवंटित

## श्रावणी मेला पर खर्च होगी 2.75 करोड़ से अधिक की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण मेलों के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अलग से राशि आवंटित करता है। इस वर्ष अब तक आयोजित हुए 4 मेलों के लिए 8 करोड़ 24 लाख रुपये आवंटित हो चुके हैं। इनमें खास महत्व रखने वाले एक मेला श्रावणी मेला की तैयारी के लिए 2.75 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित कर दी गई है। इसके आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। यह राशि उन जिलों को आवंटित की गई है जहां मेले का आयोजन होने वाले हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुसार राज्य में आयोजित हुए जिन 4 महत्वपूर्ण मेलों के लिए अब तक राशि आवंटित हो चुकी है, उनमें राजगीर मलमास मेला के लिए 4 करोड़ 85 लाख रुपये, दरभंगा में आयोजित हुए वीर लौरिक मेला और रामनवमी मेला के लिए भी अलग से राशि दी गई है। राज्यभर में प्रत्येक वर्ष करीब चार दर्जन मेलों का आयोजन होता है। इनमें कुछ मेलों का विशेष अवसर या महत्व को लेकर आयोजित किए जाते हैं। एक दर्जन से अधिक मेलों को राजकीय मेला का दर्जा भी प्राप्त है। कुछ मेलों का ही आयोजन पर्टयन विभाग के स्तर से होता है, लेकिन अन्य सभी मेलों का आयोजन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से होता है। इस मामले में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल का कहना है कि राज्य के महत्वपूर्ण मेलों के सफल आयोजन कराने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए इस वित्तीय वर्ष में अब तक 8.24 करोड़ रुपये से अधिक राशि आवंटित कर दिया गया है।

# सिवान की धरती ने विभिन्न क्षेत्रों की अनेक प्रतिभाओं को जन्म दिया : मंत्री

## सिवान जिले के गोरियाकोठी में मंत्री श्रवण कुमार ने किया पुस्तक का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि सिवान की धरती ने शिक्षा, समाजसेवा, राजनीति, स्वतंत्रता आंदोलन, खेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाओं को जन्म दिया है। इन विभूतियों के आंदोलन को एक पुस्तक में समाहित करना अत्यंत प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक कार्य है। मंत्री शुक्रवार को सिवान जिला के गोरियाकोठी प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने एक वरिष्ठ पत्रकार धनंजय कुमार सिंह की लिखी पुस्तक 'सिवान माटी की विभूतियां' का विमोचन किया। धनंजय कुमार सिंह गोरियाकोठी प्रखंड के दुधड़ा गांव के रहने वाले हैं और वर्तमान में नई दिल्ली स्थित नेशन न्यूज चैनल के वरिष्ठ पत्रकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुस्तक के लेखक धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि इस पुस्तक के लेखन का उद्देश्य सिवान जिले की महान हस्तियों को सम्मान देना है। इस मौके पर महाराजगंज विधायक हेमनारायण शाह, डॉ प्रभुनाथ शर्मा, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, डॉ मनु राय, दिलीप कुमार शर्मा, डॉ सतीश चंद्र सिंह, डॉ सीबी तिवारी, प्रो विजय शर्मा, पैक्स अध्यक्ष राघव प्रसाद राय, पिंटू सिंह, राम नरेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संतोष कुमार राय, अनुज तिवारी, रविंद्र कुमार सिंह, अधिवक्ता प्रिया रंजन सिंह, राजू कुमार सिंह, रतनलाल चौधरी, अवध प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# 15वें फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में बिहार का शानदार प्रदर्शन

## स्वर्ण पदक विजेता शत्रुघ्न पासवान को डॉ. रणबीर नंदन ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तत्वावधान में पंजाब के लुधियाना में आयोजित 15वें फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2026 में बिहार के खिलाड़ी एवं पटना रेल जीआरपी में कार्यरत शत्रुघ्न पासवान ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर न्यू बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन, बिहार के मुख्य संरक्षक डॉ. रणबीर नंदन (अध्यक्ष, बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड) ने अपने आवास पर आयोजित एक सम्मान समारोह में शत्रुघ्न पासवान को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके कार्यक्षेत्र में पदोन्नति (प्रमोशन) के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डॉ. रणबीर नंदन (अध्यक्ष, बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड) ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में बिहार के अन्य खिलाड़ियों प्रकाश कुमार, गोविंद कुमार एवं सुमित कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया। संघ के अध्यक्ष अभय सुंदर ने कहा कि यह सफलता बिहार में बॉडी बिल्डिंग खेल के निरंतर विकास, खिलाड़ियों की मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि शत्रुघ्न पासवान भविष्य में विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं तो एसोसिएशन हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि न्यू बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, अवसर एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने सूबे से सघन पौधारोपण अभियान 5 जुलाई तक चला रहे हैं। विश्व युवक केंद्र दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता माह के अंतर्गत सेमिनार, रैली, पोस्टर निर्माण एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए प्लास्टिक के कचरा को जमा किया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर देवानंद ने बताया कि राजधानी के युवा आवास में पौधारोपण किया गया जिसमें आम, अमरूद, जामुन, नीम, बेल, कटहल का पेड़ लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से छेड़छाड़ मानव सभ्यता के लिए खतरे की घंटी है जहां बागों से गुलजार गुलजारबाग हुआ करता था वहां हम एशिया के सबसे बड़ा कॉलोनी कंकड़बाग बना दिया। विकास की अंधी दौड़ में जिस रफ्तार से पेड़ों की कटाई हो रही है यह चिंता का विषय है। पटना में मेट्रो निर्माण के लिए सौ साल पुराना पेड़ों को काट दिया गया जबकि उस पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जा सकता था। वन क्षेत्रों में कमी का सीधा असर जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने है। अतिवर्षा, सुखाड़, सुनामी के रूप में सामने है। स्वयंसेवक ऋषिकेश भट्ट ने कहा कि हम सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाया है उसे हम सभी स्वयंसेवक मिलकर घर-घर पहुंचायेंगे। हर यादगार पल पर पौधारोपण करें। बिहार सरकार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मात्र दस रुपया में पौधा मिल रहा है।

# सम्राट चौधरी हर प्रयास का जवाब विकास से देंगे : श्याम सुन्दर शरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि लंबे समय बाद जब नेतृत्व परिवर्तन होता है तो कुछ राजनीतिक, प्रशासनिक और स्वार्थी तत्व नई व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास करते हैं। यह लोकतांत्रिक परिवर्तन की स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इन परिस्थितियों का जवाब आरोप-प्रत्यारोप से नहीं, बल्कि सुशासन, विकास और अपने राजनीतिक कौशल से दे रहे हैं। समय के साथ वे यह साबित करेंगे कि बिहार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब टकराव की राजनीति नहीं, बल्कि परिणाम चाहती है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर आगे बढ़ रही है। कुछ लोगों के दुष्प्रचार और अस्थिरता फैलाने के प्रयासों से विकास की गति रुकने वाली नहीं है। सम्राट चौधरी धैर्य, दृढ़ता और अपने राजनीतिक अनुभव के बल पर हर चुनौती का सामना करेंगे। श्याम सुन्दर शरण ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निवेश, उद्योग, रोजगार, शिक्षा, सिंचाई और बेहतर कानून-व्यवस्था के नए आयाम स्थापित करेगा। आने वाले वर्षों में बिहार देश के विकसित और अग्रणी राज्यों की श्रेणी में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। जनता ने जनादेश दिया है और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने नेतृत्व व राजनीतिक कौशल से उस विश्वास को विकास के परिणामों में बदलकर दिखाएंगे।

# कौशल विकास आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी और तकनीकी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उद्योगों और संस्थानों को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जिनके पास व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और बेहतर संचार कौशल हो। कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिटिक्स तथा अन्य रोजगारोन्मुखी कौशल युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर रहे हैं। डॉ. झा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शैक्षणिक पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी रोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करें, ताकि वे रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वरोजगार के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा युवाओं को आधुनिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। अंत में उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की मजबूत नींव है। यदि देश का युवा कुशल होगा, तो देश आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बनेगा।

# राज्य में नए सेटेलाइट शहरों के बसाने के साथ ही पुराने शहरों का होगा पुनरुद्धार : प्रधान सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नगर विकास एवं आवास तथा विश्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बिहार अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन कार्यक्रम के अंतर्गत 'को-क्रिएटिंग द विजन एंड स्ट्रेटेजी फॉर सस्टेनेबल अर्बनाइजेशन' विषय पर 'वर्किंग लेवल विजनिंग' कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने की। विश्व बैंक की ओर से रोसाना निट्टी ने टीम का नेतृत्व करते हुए सतत शहरीकरण एवं शहरी परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव विनय कुमार ने कहा कि बिहार सरकार शहरी विकास के क्षेत्र में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य में जहां एक ओर नए शहरों और सैटेलाइट टाउनशिप के विकास पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पुराने शहरों के व्यापक पुनरुद्धार एवं कायाकल्प की दिशा में भी ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तनकारी यात्रा में विश्व बैंक राज्य सरकार का महत्वपूर्ण साझेदार है। आने वाले दस वर्षों में विश्व बैंक के सहयोग से कई महत्वपूर्ण शहरी विकास परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। इनमें कुछ अल्पकालिक परियोजनाएं अगले दो से तीन वर्षों में धरातल पर दिखाई देने लगेंगी।

# किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए संघर्षरत रहे स्वामी सहजानंद सरस्वती : डॉ. अरुण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना के सभागार में आज अखिल भारतीय स्वामी सहजानंद सरस्वती विचार मंच के तत्वावधान में दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संयोजक संजीत कुमार चौधरी ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जमींदारी उन्मूलन की दिशा में हुए ऐतिहासिक बदलावों के पीछे स्वामी जी के संघर्ष और आंदोलनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने युवाओं, किसानों और मजदूरों से स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाने का आह्वान किया। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती विश्व के सबसे बड़े किसान नेता थे जिन्होंने किसानों को संगठित कर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद स्वामी जी के योगदान की अपेक्षित चर्चा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। सांसद रहते हुए उन्होंने संसद में स्वामी जी के योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने के प्रयास किए जिसके परिणामस्वरूप संसद भवन में उनका तैलचित्र स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि स्वामी सहजानंद सरस्वती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रमुख सहयोगियों में थे और उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने स्वामी जी के प्रसिद्ध विचार- 'जो अन्न और वस्त्र उपजाएगा, वही देश का कानून बनाएगा' का उल्लेख करते हुए किसानों की निर्णायक भूमिका पर बल दिया। मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय पासवान ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती केवल किसानों के नहीं, बल्कि पूरे समाज के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों और मजदूरों को उनका उचित अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है।

# विश्व संगीत दिवस उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर राजधानी पटना के बुद्ध मार्ग स्थित पटना म्यूजियम के सभागार में 27 जून को 'विश्व संगीत दिवस उत्सव सह सम्मान समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का आयोजन 'परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एजुकेटर्स ऑफ बिहार' द्वारा बिहार म्यूजियम, पटना के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत पोस्टर आज 25 जून को लांच किया गया। 'परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट एजुकेटर्स ऑफ बिहार' बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत संगीत, नृत्य एवं ललित कला के शिक्षकों, व्याख्याताओं और प्राध्यापकों का एक सक्रिय अकादमिक समूह है। वर्तमान में इस समूह से राज्य भर के एक हजार से अधिक कला-शिक्षक एवं शिक्षाविद जुड़े हैं। यह समूह बिहार में कला शिक्षा के उत्थान, लोक कलाओं के संरक्षण और शिक्षाविदों के व्यावसायिक विकास के लिए लगातार काम कर रहा है।

**60 शिक्षकों को मिलेगा 'आर्ट एजुकेटर्स अवार्ड'**

उत्सव के संयोजक डॉ. जैनेंद्र दोस्त ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत संगीत, नृत्य, ललित कला और रंगमंच विषय के 60 शिक्षकों, व्याख्याताओं और प्राध्यापकों को कला शिक्षा में बेहतर योगदान के लिए 'आर्ट एजुकेटर्स अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा।

# जीविका दीदियों के हाथों से तैयार चायपत्ती बनी किशनगंज की पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य में समूहों से जुड़ीं जीविका दीदियां अपनी हुनर और मेहनत लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। रसोई, सिलाई, पशुपालन, नर्सरी, लघु एवं कुटीर उद्योग के साथ अब उन्होंने दूसरे अन्य कई क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। नई बानगी के तौर पर किशनगंज के पोठिया प्रखंड में इन दीदियों के हाथों चायपत्ती फैक्ट्री के संचालन के रूप में देखा जा सकता है। इस फैक्ट्री में दीदियों ने अपनी दक्षता के बल पर न सिर्फ रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं बल्कि दूसरों की जीविका का भी एक सशक्त माध्यम खड़ा किया है। किशनगंज के पोठिया ब्लॉक में समूह से जुड़ीं दीदियां महानंदा एफपीसी (महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) की ओर से संचालित टी प्रोसेसिंग एंड पैकेजिंग इकाई के सहारे व्यापक स्तर पर चायपत्ती का उत्पादन कर रही हैं। इस काम से दीदियों को वार्षिक तौर पर लाखों की आमदनी भी हो रही है। वर्ष 2002 में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाइ) के तहत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) किशनगंज को एक विशेष परियोजना स्वीकृत की गई थी। इसे देखते हुए 2010 में किशनगंज के पोठिया प्रखंड के कुसियारी पंचायत स्थित कालीदास किस्मत में करीब 10 एकड़ भूमि पर 9.64 करोड़ रुपये की लागत से बिहार सरकार ने एक चाय कारखाना स्थापित किया। कारखाने की स्थापना का उद्देश्य चाय पत्ता की खेती और पत्ता तोड़ने वालों स्थानीय किसानों के संघ के माध्यम से कारखाने का संचालन करना था। इसी बीच जीविका के माध्यम से महानंदा संघ बनाने का निर्णय लिया गया। नतीजा, 14 जून 2021 को 10 प्रमोटर सदस्यों के सहारे महानंदा जीविका महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया। एफपीसी से जुड़ी सभी महिलाएं जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। आज कुल 45 दीदियां किसानों के यहां से खरीदकर लाए गए चाय पत्ता से चायपत्ती का उत्पादन कर रही हैं। इस कार्य से जुड़े कर्मियों की तनख्वाह 10 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये तक निर्धारित है। जीविका समूह के अधिकारियों का कहना है कि जीविका दीदियों के हाथों पिछले सीजन में डेढ़ लाख किलो चायपत्ती तैयार किया गया था।

# कौशल विकास योजना से 9 वर्षों में 45 हजार महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के अधीन महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इस कड़ी में निगम विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क या अनुदानित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है जिससे महिलाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। पिछले 9 वर्षों में 45 हजार 481 महिलाओं को लेखा सहायक, सौंदर्य चिकित्सक, शेफ, इलेक्ट्रीशियन, स्पा थेरेपिस्ट, ऑटो रिक्शा चालक, ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल मित्र, हेयरड्रेसर, गृह स्वास्थ्य सहयोगी, मोबाइल रिपेयर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी इंस्टॉलर समेत कई अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में महिलाओं की बढ़ती आकांक्षाओं को देखते हुए निगम ने उन्नत और तकनीकी आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शामिल किया है। इनमें ड्रोन टेक्नोलॉजी, किसान ड्रोन ऑपरेटर, मल्टी रोटर ड्रोन ऑपरेटर, पेस्ट्री/बेकरी असिस्टेंट तथा पेस्टिसाइड एवं फर्टिलाइजर एप्लिकेटर जैसे आधुनिक कोर्स शामिल हैं। हाल ही में 16 और 17 मार्च 2026 को निगम की ओर से पहली बार महिला मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक महिलाओं को राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार मिला। मेले में 50 से ज्यादा कंपनियां शामिल हुईं जिसने महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले। इच्छुक महिलाएं ऑनलाइन या फोन नंबर के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ अथवा जानकारी ले सकती हैं।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय पटना ने बैंक का 119वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा बैंक का 119वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातःकाल अरदास, संकीर्तन एवं सुखमनी साहिब पाठ का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष रंजन सहित समस्त कार्मिकों ने श्रद्धापूर्वक एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पूरे कार्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं आकर्षक प्रकाश सज्जा से सुसज्जित किया गया। समारोह के दौरान बैंक के सेवानिवृत्त सहकर्मियों को शॉल एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष रंजन ने सभी कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त साथियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैंक ने अपने गौरवपूर्ण 119 वर्षों की यात्रा में समाज के प्रत्येक वर्ग का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि बैंक ने सदैव अपने ध्येय वाक्य 'जहां सेवा ही जीवन का ध्येय है' को चरितार्थ करते हुए ग्राहकों एवं समाज के साथ मजबूत एवं आत्मीय संबंध स्थापित किए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सुदृढ़ उपस्थिति तथा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के कारण बैंक ने एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से बैंक की समृद्ध परंपराओं एवं मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए उत्कृष्ट सेवा एवं व्यवसायिक उपलब्धियों के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। इस प्रकार पूरे दिन क्षेत्रीय कार्यालय में उत्सव, सम्मान एवं आत्मीयता का वातावरण बना रहा तथा बैंक का 119वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने किया पीएचसी का औचक निरीक्षण

# बीपीएम की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी, दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** वृहस्पतिवार की देर शाम फ्लैग मार्च के बाद अचानक जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अकोढ़ी गोला पहुंच कर औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भंडार पंजी, चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति पंजी सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बीपीएम अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी और स्पष्ट कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने एक्सपायर दवाओं को तत्काल बदलने तथा सूची के अनुसार सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी चिकित्सकों को रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से ड्यूटी पर उपस्थित रहने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने लू वार्ड का भी जायजा लिया तथा आने वाले मौसम को देखते हुए डेंगू वार्ड तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने नवजात शिशुओं के समय पर टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर भी विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई को संतोषजनक बताया और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने पर बल दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में आए मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों को मरीजों की सुविधा और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के तहत सिविल सर्जन, रोहतास को निर्देश दिया कि जिले के सभी अस्पतालों का नियमित निरीक्षण कर वहां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करें। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी को भी निर्देशित किया गया कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते रहें। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन के पास मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**दुर्गावती (नबिटा सं.)।** कैमूर जिले के दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच कर रही है। इस मृत महिला की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। पुलिस आसपास के इलाकों में महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास कटीली झाड़ी के पास एक वृद्ध महिला का शव पड़ा हुआ था। झाड़ियों में शव को देखते ही आस-पास के लोगों और आमजनों की भारी भीड़ जुटने लगी। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई। शव मिलने की इस घटना से स्टेशन और आसपास के इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

## विकलांग बच्चों व दिव्यांगों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राई साइकिल देंगे सोनू सिंह, आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने दिव्यांगजनों और विकलांग बच्चों की सुविधा के लिए निःशुल्क बैटरी संचालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की पहल की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों से आवेदन लिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विधायक सोनू सिंह ने कहा कि जिन दिव्यांग बच्चों एवं लोगों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की आवश्यकता है, वे उनके कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच एवं आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लाभार्थियों को जल्द ही ट्राई साइकिल वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत दिलाना और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाना है। बैटरी संचालित ट्राई साइकिल मिलने से उन्हें दैनिक कार्यों, शिक्षा, रोजगार तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए आने-जाने में सुविधा होगी। विधायक ने जरूरतमंद दिव्यांगजनों से समय पर आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र तथा डिहरी नप के अधिक से अधिक पात्र लोगों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### विद्युत बॉक्स में लगी आग, आपूर्ति बाधित

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर परिषद के सुभाष नगर गली नंबर तीन स्थित विद्युत पोल पर लगे बॉक्स में शुक्रवार शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। विद्युत विभाग ने लाइन काट दिया। दो घंटे बाद नया बॉक्स लगने के बाद विद्युत आपूर्ति प्रारम्भ हुआ।

## डिहरी में युवक की संदिग्ध मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर अम्बेडकर चौक के समीप एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भलुआड़ी पंचायत के खुशबुद्दीन खलिफा के 28 वर्षीय पुत्र रहमत अंसारी के रुप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार रहमत अंसारी दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह जो भी कार्य मिलता, उसे मेहनत और लगन से करता था। अपने पीछे वह पत्नी समेत दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। उसके परिवार में चार वर्षीय पुत्र और लगभग दो वर्षीय पुत्री है। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार रहमत अंसारी गुरुवार को डिहरी काम पर गया हुआ था। बारह पत्थर अम्बेडकर मुहल्ला मुख्य सड़क के किनारे एक गुमटी के पीछे अचेत अवस्था में गिर पड़ा। बताया जाता है कि काफी देर तक वह धूप और खुले वातावरण में वहीं पड़ा रहा। समय पर चिकित्सकीय सहायता या अन्य मदद नहीं मिलने के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। बाद में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत देर रात शव परिजनों को सौंप दिया गया। अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री अरविंद सोसायटी द्वारा शनिवार को संबिका नगर स्थित कृष्णा पैलेस में वंदे मातरम राष्ट्रगीत के डेढ़ सौ वें वर्ष के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय के अनुसार देश के जाने-माने राष्ट्रवादी चिंतक एवं लेखक सूर्य प्रताप सिंह राजावत व श्री अरविंद सोसायटी हिंदी क्षेत्रीय समिति के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा का व्याख्यान होगा। अध्यक्षता श्री अरविंद सोसायटी हिंदी क्षेत्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमोद कुमार करेंगे। मुख्य अतिथि शाहाबाद के डीआईजी डा. सत्य प्रकाश होंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमारे राष्ट्र की एकता स्वाभिमान और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का प्रतीक है।

## खासमहल भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग तेज, राजस्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन

### डिहरी समेत 12 जिलों के लोगों को मिल सकती है राहत, अगस्त के बाद पटना में होगी उच्च स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के डिहरी सहित राज्य के लगभग 12 जिलों में वर्षों से लंबित खासमहल भूमि की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। भाजपा नेता एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बबल कश्यप ने बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल से मुलाकात कर खासमहल भूमि को फ्री-होल्ड करने की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बबल कश्यप ने बताया कि अकेले डिहरी के '12 पत्थर' क्षेत्र में करीब 50 हजार से अधिक लोग खासमहल भूमि की जटिलताओं से प्रभावित हैं। भूमि पर स्थायी बंदोबस्ती और मालिकाना अधिकार नहीं होने के कारण लोग अपने घरों का स्थायी निर्माण कराने तथा संपत्ति से जुड़े अन्य अधिकारों का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि डिहरी की तरह बिहार के करीब 12 अन्य जिलों में भी हजारों परिवार इसी समस्या से जूझ रहे हैं। इससे आम नागरिकों, व्यवसायियों और निवेशकों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सरकार को भी संभावित राजस्व की हानि हो रही है। बबल कश्यप ने कहा कि यदि खासमहल भूमि को फ्री-होल्ड कर दिया जाए तो जनता को राहत मिलने के साथ-साथ सरकार के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**अगस्त के बाद पटना में होगी बैठक**

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के बाद पटना में खासमहल भूमि से जुड़े लगभग 100 मालिकों एवं प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें इस समस्या के स्थायी समाधान पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि सरकार बाजार मूल्य (मार्केट वैल्यू) का एक निर्धारित प्रतिशत जमा कराकर खासमहल भूमि धारकों को मालिकाना हक देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इससे दशकों पुरानी इस समस्या का स्थायी और सर्वमान्य समाधान निकल सकता है।

**व्यापारियों और नागरिकों में जगी उम्मीद**

मंत्री के सकारात्मक रुख और बैठक के आश्वासन के बाद डिहरी समेत प्रभावित जिलों के नागरिकों और व्यापारी वर्ग में नई उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों ने खासमहल भूमि के मुद्दे को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाने के लिए कैट अध्यक्ष बबल कश्यप के प्रयासों की सराहना की है। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित बैठक के बाद सरकार इस विषय पर ठोस नीति बनाकर लाखों प्रभावित लोगों को राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकती है।

## मुहर्रम पर निकला भव्य ताजिया जुलूस, अमन-चैन और भाईचारे का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार को मुहर्रम पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया जहां विभिन्न क्षेत्रों से भव्य ताजिया जुलूस निकाले गए। बिक्रमगंज थाना चौक, घोसिया, काराकाट प्रखंड, सूर्यपुरा, दिनारा, संझौली, दावथ के सहनाव बभनौल, नगर पंचायत कोआथ और सेमरी समेत पूरे अनुमंडल में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और 'या हुसैन' के नारों के बीच ताजिया तथा अखाड़ा प्रदर्शन किया। युवाओं ने पारंपरिक लाठी-डंडों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान खींचा और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर नगर के विभिन्न हिस्सों से गुजरा जिसमें आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति का संदेश प्रमुख रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शहर के नेतृत्व में कई जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही और विशेष निगरानी रखी गई। प्रशासन ने मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे जिसके कारण पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिकारियों ने पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी लोगों के सहयोग पर संतोष व्यक्त किया और क्षेत्र में अमन-चैन की कामना की।


## हजरत इमाम की याद में मुहर्रम शांतिपूर्ण मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह से चल रहे मुहर्रम शुक्रवार को ताजिया जुलूस के साथ शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। जुलूस के दौरान या अली, या हुसैन का नारा लगाते हुए ताजिया जुलूस निकाली गई जिसके बाद अंसार मुहल्ला, राइन मोहल्ला आदि जगहों से ताजिया जुलूस सब्जी मंडी मोड़ पर पहुंची जहां पर सभी खालिफाओं ने ताजिया का मिलान किया जिसके बाद जुलूस सिनेमा रोड राजपुर रोड होते हुए चांदी रोड पहुंची जहां वर्षों पुरानी परंपरा के दौरान छपरा व खपड़ा से आए ताजिया जुलूस के खलीफा को माला पहना कर स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान तलवार बाजी, गदका, लाठी, बनैठा आदि खेलों का जगह-जगह पर प्रदर्शन किया गया। वहीं अकोढ़ी स्थित कर्बला पर छपरा, खपड़ा, अकोढ़ी सहित सदर चौक अंसार मुहल्ला, शहंशाह कमेटी, राइन मोहल्ला का ताजिया कर्बला पर पहुंची। कमिटी सदस्यों ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं लोगों ने कहा कि इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला पर्व हमें यह सिख देती है कि हमें कभी भी झूठ के आगे झुकना नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि बड़ों का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने कहा कि कोई भी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ रवि रंजन, सीओ निधि ज्योत्सना क्षेत्र में गश्त लगाते रहे। शरारती तत्वों पर ड्रोन से निगरानी प्रशासन द्वारा रखा जा रहा था।

### दरिहट में आकर्षण का केंद्र बना ताजिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** दरिहट, भुसहूला, अर्जुनबिगहा, मझिआंव, टंडवा आदि गांवों में बड़े ही शानदार तरीके से इमाम हुसैन का शहादत दिवस मनाया गया और मुहर्रम जुलूस निकाली गई। वहीं दरिहट आदर्श इस्लामिया मुहर्रम कमिटी का ताजिया आकर्षक का केंद्र बना रहा। वहीं बच्चों ने जगह-जगह पर एक से बढ़कर एक खेलों का शानदार प्रस्तुत किया जहां लोगों ने कमेटी के इस कार्यों को काफी सराहा। यह जुलूस दरिहट चौक से शुरू किया और गांधी स्मारक होते हुए मिडिल स्कूल तक पहुंचा इसके बाद पुनः चौक पर समापन किया गया। वहीं अर्जुनबिगहा गांव से भी प्रत्येक साल की तरह इस साल भी ताजिया जुलूस लाकर दरिहट मुहर्रम कमिटी सदस्यों से मिलन किया। इस मौके पर दरिहट खलिफा सत्तार अंसारी, मजहर हुसैन, जहुर अंसारी, मंसूर अंसारी, मो. रफी, मकसुद आलम, मुला, असगर हुसैन, सोनू, जावेद मियां, बहाब अंसारी के साथ कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पंचायत का कार्यकाल समाप्ति की ओर लेकिन दावथ बाजार में नाली की समस्या बरकरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** पंचायत चुनाव का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन दावथ बाजार के मुख्य सड़क के पश्चिमी किनारे बसे लोगों को जल निकासी की समस्या से अब तक राहत नहीं मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे पांच साल बीत गए पर किसी जनप्रतिनिधि की नजर यहां की परेशानियों पर नहीं पड़ी। दर्जनों लोगों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि सड़क के पश्चिम तरफ नाली नहीं होने से बारिश और सड़क का पानी सीधे घरों में घुस जाता है जिससे बीमारियों और कीड़े मकोड़ों का खतरा हमेशा बना रहता है। बाजार के दक्षिण तरफ पंजाब नेशनल बैंक के आसपास कई घर ऐसे हैं जहां लोग अपने घर का पानी नाली में नहीं निकाल पाते, बल्कि उल्टा नाली का गंदा पानी उनके घरों में भर जाता है। पीड़ित परिवार कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। प्रखंड कार्यालय के सहयोग केंद्र में भी आवेदन दिए गए, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालात यह है कि लोग बर्तन से पानी निकालने को मजबूर हैं और यह उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या बन गई है। ग्रामीणों में नाराजगी है कि पंचायत चुनाव का कार्यकाल पूरा होने को है पर जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया। लोगों का सवाल है कि जब मूलभूत सुविधा ही नहीं मिली तो पांच साल का कार्यकाल किस काम का रहा। अब नए चुनाव की आहट के बीच लोगों को उम्मीद है कि अगला प्रतिनिधि उनकी इस बरसों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करेगा।

## मिशन फाउंडेशन ने किया सहारा वृद्धाश्रम के वृद्धजनों के बीच फल, वस्त्र एवं शीतल पेय का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** आदमापुर के वृद्धाश्रम में मिशन फाउंडेशन संस्था सासाराम के एक दल ने दौरा किया। यह सहारा वृद्धाश्रम आश्रम रोहतास जिले के आदमापुर अमरा तालाब में साउथ बिहार वेफेयर सोसाइटी एंड फॉर ट्राइबल के तहत संचालित होता है जिसकी देख रेख करने वालों में रोहित कुमार अधीक्षक और केयर टेकर रितेश कुमार मिश्रा तथा अन्य करते है। मिशन फाउंडेशन संस्था का एक दल सचिव अश्विनी कुमार के नेतृत्व में, अध्यक्षा सरिता कुमारी, सदस्य नवल किशोर, सिद्धेश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में पवन कुमार, जय शंकर कुमार शिक्षक, विभु आर्यन, आरती कुमारी, शिक्षिका बाबा किड्स गार्डन स्कूल ने भ्रमण किया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा वृद्धाश्रम के लोगों के लिए फल, चादर तथा शीतल पेय ले जा कर वृद्धाश्रम के लोगों के सहायतार्थ उन्हें भेंट की गई। साथ ही उन लोगों से आपसी वार्तालाप के संदर्भ में उनके नाम और एक दूसरे का परिचय भी कराया। वृद्धजनों में खुशी का माहौल देखा गया और वृद्धों के साथ संस्था के सदस्यों ने उनकी रूचि, खेल-कूद, भोजन पकाने से संबंधित विषय पर भी चर्चा की।

## कैमूर में 3 महीने में 13 बालश्रमिकों का पुनर्वास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल संरक्षण योजनाओं और संस्थानों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पिछले तीन महीनों में बालश्रम से मुक्त कराए गए 13 बच्चों का सफलतापूर्वक पुनर्वास किया गया है। इसके अतिरिक्त, परवरिश योजना के तहत 404 बच्चों को नियमित लाभ दिया जा रहा है। यह योजना बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान करती है। स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 248 बच्चों को शिक्षा और पोषण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के माध्यम से अब तक कुल 73 बच्चों को गोद दिलाया जा चुका है जिसमें 64 देश के भीतर और 9 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शामिल हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के जरिए प्राप्त 295 मामलों में से अधिकांश का त्वरित निष्पादन किया गया है। यह हेल्पलाइन बच्चों की सुरक्षा और सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिलाधिकारी ने बाल गृह, बालिका गृह और अन्य देखरेख संस्थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर पुनर्वास के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर सरकारी सहायता मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो।

## 'मेरा युवा भारत' की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर विशेष प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**विक्रमगंज (रोहतास)।** मेरा युवा भारत रोहतास, सासाराम (युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, गोडारी में पांच दिवसीय अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'मेरा युवा भारत' रोहतास से संबद्ध सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों और क्लब सदस्यों को भारत सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी जानकारी देना है, ताकि वे समाज में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता फैला सकें और आम लोगों को किफायती इलाज के प्रति प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे 'मेरा युवा भारत' के राष्ट्रीय स्वयंसेवक (काराकाट) और ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के संस्थापक शिवम कुमार ने बताया कि 'मेरा युवा भारत' रोहतास द्वारा हर माह भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रों पर अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जून माह का यह विशेष कार्यक्रम जन औषधि केंद्र, गोडारी में आयोजित किया गया है। यहां 'मेरा युवा भारत' रोहतास द्वारा चयनित 5 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे युवाओं में न केवल सरकारी योजनाओं के प्रति समझ विकसित हो, बल्कि उनमें सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता का विकास हो सके। मौके पर जन औषधि केंद्र के संचालक विमलेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक राजनंदनी कुमारी और प्रतिभागी पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार व रोहित कुमार उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने जन औषधि केंद्र की कार्यप्रणाली को बहुत बारीकी से समझा।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में शुक्रवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार राय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जीवन लाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार एवं प्रभारी सचिव सुधीर कुमार पासवान के द्वारा संयुक्त रुप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं तस्करी के विरुद्ध अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों, पारा विधिक स्वयं सेवकों के साथ शपथ लिया गया। शपथ लेते हुए सभी ने कहा कि हम सभी नशीली दवाओं का दुरुपयोग नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों एवं परिचितों को भी नशीली दवाओं का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। हम सभी अपने कार्यालय परिसर को भी नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त रखेंगे। प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिजेन्द्र कुमार राय की अध्यक्षता में न्यायालय कर्मी एवं अधिवक्ताओं द्वारा शपथ लिया गया। प्रभारी जिला जज ने कहा कि मादक दवाओं का बढ़ता प्रयोग एवं उसकी अवैध तस्करी आज अंतराष्ट्रीय समस्या का रुप धारण कर चुका है। विशेष रुप से आज के युवा पीढ़ी नशा के तस्करों की बढ़ती धन लिप्सा का शिकार बन रही है। संयुक्त राष्ट्र ने इस बढ़ते अपराध एवं सामाजिक विघटन पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकृष्ट कराने एवं इस जघन्य अपराध के दुष्प्रभाव से आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए 26 जून को मादक पद्रार्थो के सेवन एवं दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध विश्व औषधी दिवस अथवा अन्तर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। मौके पर रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद सिंह उर्फ मारकण्डे सिंह, रोहतास बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी एवं सचिव अनिल कुमार सहित अधिवक्तागण, न्यायालयकर्मी, पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा (नीलामी संचालन अधिकारी), मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिन:732102 (पश्चिम बंगाल) ने मालदा मंडल के तहत एसएलआर में पार्सल जगह के परिचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित किया है। ई-ऑक्शन कैटलॉग www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

**ऑक्शन कैटलॉग नं. : पार्सल-ईए-जेयूएल-6**

**क्रम सं. 1, लॉट सं.:** 14003-एसएलआर-एफ1-एमएलडीटी-एनडीएलएस-26-1 (पार्सल-एसएलआर)

**नीलामी शुरू :** दिनांक 11.07.2026 को 11.00 बजे। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से देखें।

MLD-112/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुहर्रम को लेकर डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मुहर्रम के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में मेसकौर प्रखंड अंतर्गत बिजु बिगहा में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बिजु बिगहा के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इसका उद्देश्य आमजनों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना, शांति एवं सौहार्द का संदेश देना तथा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को कानून-व्यवस्था के प्रति प्रशासन की पूर्ण तत्परता का स्पष्ट संदेश देना था। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुहर्रम पर्व को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा लगातार गश्ती एवं निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन या पुलिस को दें। शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी, मेसकौर, अंचलाधिकारी, मेसकौर एवं थाना अध्यक्ष, मेसकौर सहित अन्य पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# 32 अपराधी गिरफ्तार, 1,494 लीटर विदेशी व 17 लीटर महुआ शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एससी/एसटी एक्ट के तीन, हत्या का प्रयास मामले के चार, मद्यनिषेध अधिनियम के चार तथा अन्य मामलों के 21 आरोपित शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध भी व्यापक कार्रवाई की। विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 17 लीटर महुआ शराब तथा 1,494 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। साथ ही एक वारंट एवं दो कुर्की वारंट का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान में 210 वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 20,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, सोलर लाइट, तराजू, महुआ घोल रखने वाले डिब्बे तथा नकद 4,250 रुपये भी जब्त किए हैं। महत्वपूर्ण कार्रवाई के तहत हिसुआ थाना पुलिस ने ड्रोन से घटित घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं नरहट थाना पुलिस ने 12 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शिवशक्ति बाबा के आगे छापेमारी कर 1,494 लीटर विदेशी शराब और एक मोबाइल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पकरीबरावां थाना पुलिस ने 80 लीटर महुआ घोल नष्ट करते हुए 5 लीटर महुआ शराब एवं दो तराजू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

# एस्टीएफ जवान धीरज कुमार का शव गांव पहुंचते ही मची चीख पुकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जहानाबाद जिले के चिरी गांव के समीप ड्यूटी के दौरान सर्विस रिवॉल्वर से गोली लगने से घायल एसटीएफ जवान धीरज कुमार का इलाज के दौरान निधन हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर रहुई थाना क्षेत्र के पैतृक गांव रघुनाथपुर लाया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। परिजनों और ग्रामीणों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए बालू माफिया पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि धीरज कुमार की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई व्यक्ति खुद को इस तरह गोली नहीं मार सकता। उनके अनुसार, यह घटना असामाजिक तत्वों की करतूत हो सकती है और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों के अनुसार, धीरज कुमार की पत्नी नीलम कुमारी ने बताया कि घटना वाली रात उनकी धीरज से फोन पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान धीरज ने कहा था कि बालू माफिया से विवाद हुआ है और वे मौके पर जा रहे हैं। इसी आधार पर परिजन आशंका जता रहे हैं कि ड्यूटी के दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना हुई। वहीं, धीरज कुमार के चाचा रामचंद चैहान ने बताया कि उन्हें रहुई थाना से सूचना मिली थी कि धीरज का एक्सीडेंट हो गया है। बाद में पता चला कि उन्हें सर्विस रिवॉल्वर से गोली लगी थी। इसे लेकर परिजन कई सवाल उठा रहे हैं और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर, पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार धीरज कुमार को उनकी सर्विस रिवॉल्वर से गोली लगी थी और मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, परिजनों के हत्या के आरोप और पुलिस के प्रारंभिक बयान में विरोधाभास होने से घटना संदिग्ध बन गई है। शुक्रवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ एसटीएफ जवान धीरज कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, सदर डीएसपी, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, एसके सिन्हा, स्थानीय थाना की पुलिस, एसटीएफ के जवान तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जन सुराज प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती शुक्रवार को नालंदा के गंजपर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पिंटु पासवान और श्रवण पासवान हत्याकांड के पीडित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया तथा दोनो पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि दी। मनोज भारती ने कहा कि जिस बर्बरता से दोनों युवकों की हत्या की गई, उसमें शामिल सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि लोगों का कानून-व्यवस्था पर विश्वास कायम रह सके। उन्होंने कहा कि राजगीर में हजारों सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बावजूद भीड़ द्वारा दो युवकों की हत्या हो जाना सरकार और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि मामले में एसआईटी का गठन तो कर दिया गया



है, लेकिन वीडियो में पहचान होने के बावजूद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने सरकार से सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सजा दिलाने, पीडित परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस मौके पर पूर्व विधायक किशोर कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका ही दोषी और निर्दोष का फैसला करती है। यदि भीड़ मौके पर ही न्याय करने लगे तो फिर न्यायपालिका और पुलिस की आवश्यकता ही क्या रह जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून का राज कमजोर होने से ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं और सरकार को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर कानून का भरोसा बहाल करना चाहिए। इनके साथ व्यवसाई प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार विभुति जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता साथ थे।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित "नशा मुक्त भारत सप्ताह" का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में आज नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतिम दिन प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा में आयोजित निबंध, चित्रकला एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे—**

निबंध प्रतियोगिता
- प्रथम पुरस्कार – रिया कुमारी (कक्षा 12वीं)
- द्वितीय पुरस्कार – कुमारी संस्कृति (कक्षा 10वीं 'बी')
- तृतीय पुरस्कार – आकृति कुमारी (कक्षा 10वीं 'सी')

चित्रकला प्रतियोगिता
- प्रथम पुरस्कार – कृति कुमारी (कक्षा 12वीं)
- द्वितीय पुरस्कार – प्रिया भारती (कक्षा 10वीं 'सी')
- तृतीय पुरस्कार – नेहा कुमारी (कक्षा 9वीं 'एफ')

वक्तृत्व प्रतियोगिता



- रिया कुमारी (कक्षा 12वीं)

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की जागरूकता एवं सहभागिता से ही नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। सभी प्रतिभागियों से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। उल्लेखनीय है कि नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, रैली, निबंध, चित्रकला एवं वक्तृत्व प्रतियोगिताओं सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

# अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर**। नगर क्षेत्र के पंडितपुर गांव के समीप राजगीर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एक गहरे गड्ढे से गुरुवार की शाम पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव मिलने की सूचना फैलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से घंटों की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग गांव में भूमि विवाद ने फिर हिंसक रूप ले लिया। दरवाजे पर खड़े युवक पर गांव के ही तीन लोगों ने धारदार चाकू व लोहे की खंती से हमला कर दिया। घायल को सिर में चार टांके लगे हैं। पीड़ित ने रजौली थाना में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। फरका बुजुर्ग निवासी जमुना प्रसाद के पुत्र सुनील यादव ने थाना को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान गांव के भुनेश्वर यादव के पुत्र मनोज यादव, बबलू यादव एवं सुरेश यादव वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए धारदार चाकू एवं लोहे की खंती से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में सुनील यादव के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हो-हंगामा होने पर तीनों आरोपी मौके से भाग निकले।



परिजनों ने घायल को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने इलाज किया। घायल के कान के समीप चार टांके लगाए गए हैं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। ग्रामीणों के अनुसार फरका बुजुर्ग में जमीन को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से तनातनी चल रही है। पहले भी मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 24 लाख की लागत से बनी सड़क का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन

## बोले- विकास से बदल रही है राजगीर की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर**। ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 में नौलखा मंदिर गेट से धुर्वा मोड़ तक 24 लाख 1,600 रुपये की लागत से पुनर्निर्मित सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग और समाज के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को नई पहचान मिली है और राजगीर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं।मंत्री ने कहा कि राजगीर में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि कई विकास योजनाओं पर तेजी से कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के माध्यम से गांवों में भी शहरों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। राज्यभर में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया है और हर गांव एवं कस्बे को सड़क संपर्क से जोड़ा गया है। पर्यटन स्थलों के विकास के



कारण बिहार में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की एनडीए सरकार विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्ध है तथा सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम में जदयू नेता मुन्ना कुमार, प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी कुमार वेदनिधि, अजीत कुमार वर्मा, सुबेन्द्र राजवंशी सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# खरीफ महाअभियान के तहत किसानों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नगरनौसा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में गुरुवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में खरीफ महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार ने संयुक्त रूप से की। दोनों अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम में किसानों को खरीफ मौसम की तैयारियों, उन्नत कृषि तकनीकों तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रखंड के लगभग 80 प्रतिशत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूरा हो चुका है। शेष किसानों से जल्द पंजीकरण कराने



की अपील की गई ताकि वे सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।प्रशिक्षण के दौरान किसानों को धान की खेती के लिए समय पर तैयारी करने, वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने तथा कम वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए वैकल्पिक फसलों और जल संरक्षण के उपायों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। साथ ही धान उत्पादन की नई तकनीक, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं फसल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत की वैज्ञानिक विभा कुमारी एवं प्रभात कुमार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनुरूपता कुमार एवं प्रवीण पाण्डेय, कार्यपालक सहायक संदीप कुमार पाण्डेय, कृषि समन्वयक मनोज कुमार, श्रवण कुमार, विश्वकांत कुमार वर्मा, शोभा कुमारी, किसान सलाहकार कमलेश कुमार, चन्द्रमणी कुमार अकेला, शिखा सुमन सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कृषि कर्मी उपस्थित रहे।

# इयरफोन लगाए युवक को ट्रेन ने मारी टक्कर, हालत नाजुक

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड स्थित पावापुरी रेलवे हाल्ट पर उत्तर प्रदेश के संत रविदास नगर जिले के भीखमपुरा एकौनी गांव निवासी 19 वर्षीय उद्रेश कुमार ट्रेन से उतरने के बाद रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान दूसरी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह सुरेश का पुत्र बताया गया है। स्टेशन प्रबंधक श्यामू चैधरी ने बताया कि उद्रेश मुंबई से राजगीर आ रही अजीमाबाद एक्सप्रेस से पावापुरी हाल्ट पर उतरा था। उसके कान में इयरफोन लगा हुआ था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-1 से राजगीर-दानापुर पैसेंजर ट्रेन गुजर रही थी। चालक ने लगातार हॉर्न बजाया, लेकिन इयरफोन लगे होने के कारण युवक को आवाज सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और एंबुलेंस पहुंची तथा घायल को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसके सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक जांच में युवक के मोबाइल से मिली जानकारी के अनुसार वह नवादा जा रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी है।

# श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य श्याम दास महाराज ने सुनाया भक्तिमय संदेश, भजन पर झूम उठे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के सोखोदेवरा में आयोजित सप्तदिवसीय श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण महायज्ञ के छठे दिन शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठानों की भव्यता देखते ही बनी। इस दौरान भगवान सूर्य की प्रतिमा का विधि-विधान पूर्वक विभिन्न अधिवास कराया गया तथा नगर भ्रमण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। वहीं गुरुवार रात्रि में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम में पधारे वृंदावन (चित्रकूट धाम) से आए कथावाचक आचार्य श्याम दास



महाराज के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान पूर्वक गोवर्द्धन पूजन किया। इस अवसर पर आचार्य श्याम दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्द्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा करने की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।उन्होंने कहा कि गो सेवा, प्रकृति संरक्षण और ईश्वर के प्रति समर्पण ही सच्ची भक्ति का मार्ग है। भजन-कीर्तन शुरू होते ही श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे। पूरा यज्ञ परिसर जयकारों और भक्तिमय गीतों से गूंज उठा। महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी आस्था प्रकट की। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों और सत्संग का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और सद्भावना का संदेश फैलाना है। वहीं देर रात आयोजित रासलीला का भी श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## एक नजर

# सेमिनार में परीक्षार्थियों को दिया गया सफलता का मंत्र



**नवादा**। शहर के चर्चित संस्थान ए-वन कंपटीशन सेंटर के बैनर तले एक सेमिनार आयोजित की गयी। संस्थान के निदेशक डॉ अमरदीप सिन्हा ने कहे कि परीक्षार्थियों के उज्वल भविष्य को लेकर समय-समय पर सेमिनार होना और परीक्षार्थियों को कुशल मार्गदर्शन होना आवश्यक है ताकि परीक्षार्थियों अपने लक्ष्य पर से भटक नहीं जाए। सेमिनार में परीक्षार्थियों को सरकारी नौकरी के लिए किस तरह से साक्षात्कार दे और किस तरह से प्रतियोगिता की तैयारी कर नौकरी हासिल करें सके, इसी को लेकर विस्तार पर परिचर्चा की गई। बीपीएससी शिक्षक, एसएससी, रेलवे, बैंक, दरोगा, बिहार पुलिस समेत विभिन्न कंपटीशन की तैयारी कम समय में किस तरह से कर सके इसके बारे में पटना से आए कुशल मार्गदर्शन देने वाले अमरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को टिप्स दिए। अमरेंद्र कुमार ने कहे कि परीक्षार्थियों को नेगेटिव ना सोचकर सकारात्मक सोचना चाहिए और सकारात्मक सोच रखकर कंपटीशन की तैयारी करनी चाहिए सैकड़ो छात्राओं ने कहें कि कुशल मार्गदर्शन मिलने से लाभ होता है और अच्छी गाइडलाइंस मिलने से सफलता में कामयाबी मिलती है सेमिनार में सभी विद्यार्थी इस तरह के आयोजन से काफी खुश नजर आए।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नारदीगंज,नवादा**। तिलैया-राजगीर रेल खंड पर नंदपुर गांव के समीप गुरुवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पेश गांव निवासी अख्तर खान के 30 वर्षीय पुत्र इसराइल के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गुरुवार की देर शाम घर लौटने के दौरान वह नंदपुर के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस और रेल प्रशासन को सूचना दी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

# 11 माह से मानदेय नहीं मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल में शहरी आशा कार्यकर्ताओं ने 11 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मात्र तीन हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता है, वह भी पिछले 11 महीनों से नहीं मिला है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। बिहार राज्य आशा संघ की जिला नेत्री सुनीता देवी ने आरोप लगाया कि अस्पताल में गार्ड और सफाई कर्मी प्रसूताओं से अवैध वसूली कर रहे हैं, जबकि अस्पताल प्रशासन इस पर मौन है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि समान करने तथा लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। प्रदर्शन में रानी कुमारी, राजकिशोर सिंह, कंचन कुमारी, प्रीति, सुप्रिया, बिंदु कुमारी, उर्मिला कुमारी, नंदनी कुमारी, मीना कुमारी, रीना कुमारी सहित कई आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं।

# राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता के रीजनल राउंड में नालंदा कॉलेज की आकांक्षा व ईशा भारती चयनित

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की दो मेधावी छात्राओं आकांक्षा और ईशा भारती ने राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन किया है। दोनों का चयन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा आयोजित




राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता के रीजनल (क्षेत्रीय) राउंड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से कॉलेज प्रशासन, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह नालंदा कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कॉलेज प्रशासन रीजनल और नेशनल राउंड की तैयारी के लिए हर संभव सहयोग और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगा। इस सफलता के पीछे अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सर्वदमन कश्यप का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। उनके निर्देशन में छात्राओं ने वित्तीय बाजार और अर्थशास्त्र से जुड़े विषयों की गहन तैयारी की। कॉलेज के शिक्षकों ने भी आकांक्षा, ईशा भारती और डॉ. कश्यप को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि दोनों छात्राएं आगामी चरणों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नालंदा कॉलेज और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगी।

# नवादा में 'इम्मॉर्टल डांस स्क्वाड समर ब्लास्ट' वर्कशॉप सफल, बिहार-झारखंड के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर




**नवादा**। शहर में आयोजित 'इम्मॉर्टल डांस स्क्वाड–समर ब्लास्ट डांस वर्कशॉप वॉल्यूम-1' प्रतिभागियों के उत्साह और शानदार आयोजन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सद्भावना चौक स्थित द पाम गार्डन में आयोजित इस कार्यशाला में नवादा सहित बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में डांस प्रेमियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजक प्रेम कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस वर्कशॉप में गया, जमुई, सहरसा तथा झारखंड से आए प्रतिभागियों ने आधुनिक नृत्य की नई तकनीकों, विभिन्न डांस स्टाइल, बॉडी कंट्रोल, एक्सप्रेशन और स्टेज परफॉर्मेंस की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लिया। कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर अनुराग रावत, रवि एमडीजी और डिवाइन साहिल ने बतौर प्रशिक्षक प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रदर्शन करते हुए तकनीकी दक्षता, अनुशासित अभ्यास और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों के सत्रों को प्रतिभागियों ने प्रेरणादायक और उपयोगी बताया। कार्यक्रम की सफलता में द पाम गार्डन के संस्थापक आकाश दीप सिंह एवं जीशान खान का विशेष सहयोग रहा। वहीं कुमार विपुल, राजा, सोनू और चंदन ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजक प्रेम कुमार ने कहा कि वर्कशॉप का उद्देश्य नवादा एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर मंच और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल अवसर और सही प्रशिक्षण की है। भविष्य में भी इससे बड़े स्तर पर डांस प्रशिक्षण एवं प्रतिभा संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल सके।

# गया जिले में 'नशा मुक्त सप्ताह' के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देश के आलोक में 'अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस' के अवसर पर 17 जून से 26 जून तक 'नशा मुक्त सप्ताह' का आयोजन किया गया। इस वर्ष अभियान का विषय 'नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान' निर्धारित किया गया था। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गया के समन्वय में पूरे जिले में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान की शुरुआत 17 जून को सभी सरकारी कार्यालयों में नशामुक्ति की शपथ के साथ हुई। 18 जून को विभिन्न नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों, वृद्धाश्रम, सेवा कुटीर एवं शांति कुटीर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 19 एवं 20 जून को अनुमंडल स्तर पर नुक्कड़ नाटक तथा कम्युनिटी अवेयरनेस ड्राइव के माध्यम से आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए जबकि 22 एवं 23 जून को आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका दीदियों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। 24 जून को जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में क्विज, पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा टी-शर्ट, टोपी, नाश्ता, पानी एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। 25 जून को जिला खेल पदाधिकारी के सहयोग से बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल एवं कबड्डी जैसी खेल प्रतियोगितियों का आयोजन कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। अभियान का समापन 26 जून को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मद्य निषेध विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान किया।

# आंती व काबर में सजा मेला, भाईचारे और सौहार्द की बनी मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** मुहर्रम की 10वीं तारीख (यौमे आशूरा) के अवसर पर शुक्रवार को कोंच प्रखंड के कोंच, आंती, काबर एवं देवरा बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया जुलूस, अखाड़ा प्रदर्शन और मेले का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकले ताजियों का निर्धारित स्थलों पर मिलान कराया गया जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। कोंच थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव का ताजिया बंदेया थाना क्षेत्र के बेला वारिस पहुंचा जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ताजिया मिलान कराया गया। ताजिया मिलान के बाद मैदान में मेले का आयोजन हुआ जिसमें आसपास के गांवों से पहुंचे सभी समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुहर्रम के अवसर पर युवाओं ने पारंपरिक अखाड़ा कला एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। इन प्रदर्शनों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, आपसी सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना रहा। मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अधिकारी लगातार विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पर्व पूरी श्रद्धा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मौके पर विधायक अजय दांगी, इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, सीओ मुकेश कुमार, पीओ संजय कुमार, आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार, आंती मुखिया संजय यादव, राजद प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार, मो. जॉन्सन, मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, मो.आकिब आलम, मो. शाहिद उर्फ साहू, समाजसेवी महताब अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चोरी हुए सबमर्सिबल पंपों के मामले में जांच की गई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के खैरा ग्राम में किसानों की चोरी हुई सबमर्सिबल मामले में शुक्रवार को जांच तेज की गई। चोरों की जानकारी जुटाने व चोरी की गई समान का सुराग जुटाने को लेकर श्वान दस्ता को बुलाया गया। घटनास्थल के समीप कपड़े को सूंघ कर श्वान से सुराग ढूंढने की कोशिश की गई। हालांकि श्वान को कोई खास सफलता नहीं मिली। घंटों मशक्कत के बाद श्वान पुनः मुख्यालय लौट गया। जानकारी हो कि विगत बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने खैरा ग्राम के खेत से पांच किसानों के छः सबमर्सिबल, स्टार्टर व सेफ्टी वायर की चोरी कर ली गई थी। मामले को लेकर टिकारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पीड़ित किसानों ने बताया कि पुलिस द्वारा अब तक कोई भी खास खोजबीन नहीं की गई है। घटना की सूचना देने के एक दिन बाद पुलिस श्वान दस्ता को लेकर आई। पुलिस यदि तत्परता दिखाती तो सफलता मिल सकती थी। घटना में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं मामले को लेकर टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना का सफल उद्भेदन के लिए पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# शेरघाटी में कड़ी सुरक्षा के बीच निकला मुहर्रम जुलूस, प्रशासन रहा मुस्तैद





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** मुहर्रम को लेकर शहर में निकाले गए पहले दिन की जुलूस को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। गया ग्रामीण पुलिस अधीक्षक दिवांजलि अपने दल-बल के साथ शेरघाटी पहुंचीं और पूरे जुलूस की निगरानी करती रहीं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद सहित कई थाना के पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। प्रशासन की ओर से जुलूस के निर्धारित मार्गों पर सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम किए गए थे। मुहर्रम कमिटी के सदस्यों शकील अहमद उर्फ तन्नु, समाजसेवी आबिद इमाम, वसीम अकरम, दीनानाथ, अजीत सिंह, सोनू सिंह सहित कई गणमान्य लोग जुलूस के दौरान मौजूद रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। वहीं नगर परिषद शेरघाटी की ओर से भी साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की गई थी। प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से मुहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# इलाज के अभाव में महिला की मौत, बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के योगापुर गांव में गुरुवार को एक महिला की मौत कथित रूप से समय पर बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण हो गई। मृतका की पहचान फुलो देवी (24), पति विक्रम कुमार के रूप में हुई है। महिला की मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है। स्वजनों के अनुसार फुलो देवी का पति विक्रम कुमार पिछले छह माह से एक दुर्घटना के मामले में जेल में बंद है। विक्रम ट्रैक्टर चालक का काम करता था। करीब छह माह पहले उसके ट्रैक्टर से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई थी जिसके आरोप में वह जेल चला गया। पति के जेल जाने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई थी। परिजनों का कहना है कि घर में खाने-पीने की समस्या के साथ-साथ इलाज कराने के लिए पर्याप्त पैसे भी उपलब्ध नहीं थे। आर्थिक तंगी के कारण महिला का समुचित इलाज नहीं हो सका और आखिरकार उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि महिला के नाबालिग पुत्र ने अपनी मां को मुखाग्नि दी। मां की मौत के बाद छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बूढ़ी सास के सामने अब बच्चों के पालन-पोषण की बड़ी चिंता खड़ी हो गई है। परिजनों को अब जेल में बंद पति विक्रम कुमार के बाहर आने का इंतजार है, ताकि वह पत्नी के पारंपरिक दशकर्म सहित अन्य जिम्मेदारियां पूरी कर सके।

# चेक बाउंस होने पर पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने श्री ज्वेलर्स के मालिक राजू स्वर्णकार एवं इनकी पत्नी सीमा देवी, पुत्र दिव्यम कुमार एवं रिशु कुमार तथा गवाह मोनू कुमार पिता स्व. महेन्द्र प्रसाद स्वर्णकार पर तीन लाख रुपये ठग लेने एवं जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है। श्री श्रीवास्तव ने अपने आवेदन में लिखा है कि उपरोक्त पांचों लोगों ने वर्ष 2024 में जो हमारे पड़ोसी एवं मित्र हैं जब मैं अपनी बेटी की शादी के लिए पुस्तैनी जमीन बेचा तो मुझ पर दुकान की पूंजी बढ़ाने के लिए तीन लाख रुपये कर्ज देने का निवेदन एवं दबाव करने लगे। मेरे द्वारा इनलोगों के बातों में आकर तीन लाख रुपये में डेढ़ लाख रुपये नगद एवं मोबाइल में दे दिया गया। मुझे विश्वास दिलाने के लिए इन लोगों ने एक हजार रुपये के स्टाम्प पर सारी बातें लिखते हुए हस्ताक्षर कर स्टाम्प दे दिया और पीएनबी, गुरारू का एक चेक दे दिया कि तीन माह बाद रूपये निकाल लेंगे। जब मैं अप्रैल 2025 में रूपये निकालने बैंक में गया तो बैंक द्वारा चेक बाउंस का मेमो दे दिया गया। इन लोगों से संपर्क करने पर सभी लोग रूपये दे देने, केस-मुकदमा नहीं करने का आश्वासन देते-देते एक वर्ष का समय टालते रहे और अब इन लोगों द्वारा जान मारकर लाश रेलवे लाइन पर रख देने की धमकी दिया जा रहा है। इस संबंध में ओ. डी. पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मुहर्रम के बाद कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि बैमानी और ठगी के लिए राजू स्वर्णकार एवं इसके पिता स्व.लखन स्वर्णकार पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में पूर्व से बदनाम है।

# शोक संतप्त परिवार से मिलीं जिला पार्षद शरीफा कुमारी, जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच क्षेत्र संख्या-1 की जिला पार्षद शरीफा कुमारी गुरुवार शाम बिजहरा गांव पहुंचकर समाजसेवी महताब अंसारी के आवास पर उनके दिवंगत पिता मरहूम जनाब निजामुद्दीन अंसारी साहब के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में हिम्मत और सब्र बनाए रखने की बात कही तथा परिवार को ढाढ़स बंधाया। जिला पार्षद ने कहा कि मरहूम निजामुद्दीन अंसारी एक सम्मानित और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर समाजसेवी महताब अंसारी ने जिला पार्षद शरीफा कुमारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में उनका घर आकर सांत्वना देना परिवार के लिए हौसला बढ़ाने वाला है। बताते चलें कि निजामुद्दीन अंसारी का बीते दिनों मंगलवार को इंतकाल हो गया था।

# पासवान उत्थान मंच ने एसडीएम बने दिव्य अभिषेक को किया सम्मानित, कहा समाज के लिए गर्व की बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** बैजूबीघा गांव निवासी अखिलेश पासवान की पुत्र 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एसडीएम बने अभिषेक को शुक्रवार को गुरुआ के टंडवा मोड़ स्थित स्टडी भारत कोचिंग संस्थान में पासवान उत्थान मंच द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में पासवान समाज के लोगों ने दिव्य अभिषेक को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पासवान उत्थान मंच के प्रवक्ता मनोज पासवान ने बाबा चूहड़मल का स्मृति-चिह्न भेंट करते हुए कहा कि दिव्य अभिषेक की सफलता पूरे गुरुआ क्षेत्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। अपने संबोधन में दिव्य अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि लगन, मेहनत और अनुशासन के साथ की गई तैयारी से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की तथा युवाओं से मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करते हुए यूट्यूब जैसे ऑनलाइन माध्यमों से कम खर्च में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगीना पासवान ने तथा संचालन राजकुमार ने किया। समारोह में शिक्षक मनोज, शिक्षक पुकार पासवान, उप प्रमुख नागेंद्र पासवान, मुखिया रामप्यारे पासवान, राजेंद्र पासवान, शेरघाटी अनुमंडलीय पासवान उत्थान मंच के अध्यक्ष बबन पासवान, बेला पंचायत के मुखिया सतीश भारती, मंडा पंचायत के सरपंच , मिथलेश पासवान, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष अक्षय कुमार, शिक्षक दिग्विजय पासवान, भाजपा नेता रामबृक्ष पासवान अभिनव कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात युवक का शव बरामद किया। शव की बरामदगी रामेश्वर बाग के समीप से की गई। हालांकि पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि सूचना के आधार पर रामेश्वर बाग से एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक की पहचान नही हो सकी है। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था व काफी देर से रामेश्वर बाग के समीप था। पुलिस को आशंका है कि विक्षिप्त युवक की मौत गर्मी की तपिश के कारण हुआ।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-39ए-25, दिनांक 22.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-39ए-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 25 केवी एसी ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार के लिए एंटी-क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान, इंसुलेटरों पर एंटी-बर्ड डिस्क, पोर्टल बूम के अंदर यूवी संरक्षित एचडीपीई मेश और ओवरलैप पर दोनों तरफ जी-जम्पर को लगाना। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,57,88,955.20, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 7,15,800/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 14.07.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-174/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# कोंच नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब दरिंदा टीम 51 रनों से जीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को दरिंदा टीम और गृह वाटिका टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दरिंदा टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए गृह वाटिका को 51 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दरिंदा टीम ने निर्धारित छह ओवर में 75 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गृह वाटिका की टीम दरिंदा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और महज 24 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह दरिंदा टीम ने 51 रन के बड़े अंतर से मुकाबला जीत लिया। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए दरिंदा टीम के खिलाड़ी नारायण कुमार को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोंच प्रखंड प्रमुख के पुत्र कमलेश शर्मा, समाजसेवी रिंकू देवी तथा नरोमा अस्पताल, गया के संचालक डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए खेल भावना बनाए रखने और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित होने का संदेश दिया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में लवकुश शर्मा, छोटे, पंकज, पुष्कर तथा रामरंजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# धोखाधड़ी के पांच आरोपितों के घर पर इश्तहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** पुलिस ने धोखाधड़ी के पांच आरोपियों के घर पर इश्तहार चस्पाया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि आमस बाजार के व्यवसाई रमेश प्रसाद गुप्ता, उनके पुत्र पवन कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, रविरंजन कुमार और आमस बंगला पर के श्रीराम गुप्ता के पुत्र विकास कुमार धोखाधड़ी के आरोपित हैं। इनके विरुद्ध मामले दर्ज हैं। सभी फरार हैं। कोर्ट के आदेश पर इनके घर पर इश्तहार चस्पाया गया। इसके बाद भी खुद को सरेंडर नहीं किया तो संपत्ति कुर्क की जाएगी। जानकारी है कि पैसे को दुगुना करने का झांसा देकर मास्टरमाइंड पंकज कुमार गुप्ता कई लोगों से लाखों की ठगी कर ली थी।

# मजदूर-किसान समिति और छात्र युवा संघर्ष वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल जन प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी।** लोक समिति, मजदूर-किसान समिति और छात्र युवा संघर्ष वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में जन प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों की संख्या में मजदूर, किसान और महिलाएं बैनर के साथ नारे लगाते हुए जयराम गिरि उच्च विद्यालय के पास से चिलचिलाती धूप में चल कर प्रखंड मुख्यालय पहुंची। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी के गैर मौजूदगी में उनके कोई प्रतिनिधि भी मौजूद नहीं थे। अर्थात स्मार पत्र लेने वाले कोई नहीं थे। पूछताछ से पता चला कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी अपने आवास पर हैं। काफी देर तक इन अधिकारियों के आने का इंतजार करने के बाद मांगों से संबंधित स्मार पत्र को मुख्य गेट के पास चिपका दिया गया। मुख्य मांगें थी अंबेडकर नगर, पिपरघट्टी, मोहनडीह, मुंगेसरपुर के बसे लोगों को बासगीत पर्चा दिया जाय। इंदिरा आवास, नली गली, पेयजल और बिजली की व्यवस्था अति शीघ्र किया जाय। सिंचाई की पुख्ता व्यवस्था की जाय, किसानों को कर्ज मुक्त, सस्ते दामों पर खाद, बीज कीटनाशक दवायें व उपकरण उपलब्ध कराई जाय। वृद्धावस्था पेंशन तीन हजार और किसान सम्मान योजना के तहत कम से कम पांच हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाय इत्यादि मांगे थी। इसके बाद प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी का रवैया ठीक नहीं है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-111, दिनांक 24.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:: **निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-111, कार्य का नाम :** "निम्नलिखित के संबंध में टीआर-डी कार्य (क) मालदा मंडल में 6 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग का प्रावधान, जिनका टीवीयू 10के से अधिक है और (ख) विश्वसनीयता में सुधार के लिए मणिग्राम (एमजीएलई), जंगीपुर रोड (जेआरएलई) और गनकर (जीएएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 86,73,173.72, **बयाना राशि:** रु. 1,73,500/- **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तिथि और समय :** दिनांक 02.07.2026 से 16.07.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट: **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ टीआरडी/ पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय।** निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-111/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# मोहर्रम पर डीजे बजाने की अनुमति नहीं मिलने से नाराजगी, गयाजी के कोठी में नहीं निकला जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** इमामगंज प्रखंड के कोठी गांव में मुहर्रम के मौके पर होने वाला जुलूस कार्यक्रम इस बार डीजे बजाने के विवाद की भेंट चढ़ गया। डीजे बजाने की परमिशन नहीं मिलने के कारण लोगों में नाराजगी दिखी। पुलिस प्रशासन के कड़े हस्तक्षेप के कारण यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका। इस वजह से कुछ लोग मायूस हुए तो कुछ लोग शांति व कानून पसंद होने का हवाला देते हुए घर को वापस चले गए। दरअसल, कोठी गांव का यह मुहर्रम कोई आम आयोजन नहीं है। इसमें सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि बिहार और पड़ोसी राज्य झारखंड के करीब नौ गांवों के लोग पहुंचते हैं। इस पूरे घटनाक्रम से मुस्लिम समाज के लोग खासे आहत नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्व रोज-रोज नहीं आते। ये ऐसे मौके होते हैं जो आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। कोठी पुलिस ने हमें मिलने की इजाजत नहीं दी जिससे लोगों को भारी निराशा हुई है। हमारी बस इतनी ही गुजारिश है कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों में नियम बिल्कुल समान रूप से लागू होने चाहिए। कोठी थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना ही उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। थाना अध्यक्ष के मुताबिक पुलिस ने लोगों से अपील की थी कि वे बिना डीजे के पारंपरिक तरीके से मुहर्रम मिलन का आयोजन करें, लेकिन आयोजन से जुड़े लोग बिना डीजे के तैयार नहीं हुए। उन्होंने साफ कहा कि बिहार सरकार की ओर से डीजे बजाने पर जो सख्त प्रतिबंध लगाया गया है, उसका पालन करना व कराना पुलिस की कानूनी जिम्मेदारी है। फिलहाल, इलाके में पूरी तरह शांति है और स्थिति सामान्य बनी हुई है।

**प्रशासन के रुख पर जनता बंटी**

दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में स्थानीय लोगों की राय बंटी हुई नजर आई जहां एक पक्ष इस पाबंदी से खफा दिखा, वहीं जनता के एक बड़े वर्ग ने पुलिस प्रशासन की सूझबूझ और सख्त रवैये की खुलकर तारीफ की। सराहना करने वाले लोगों का तर्क है कि पुलिस ने केवल डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी, जो कि सरकारी आदेश था। इसके अलावा मुहर्रम के बाकी तमाम आयोजनों में पुलिस ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और पूरे क्षेत्र में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

# गया जंक्शन पर गड्ढे की खुदाई में मिला अति प्राचीन कुआं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जंक्शन परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग परियोजना के लिए गड्ढे की खुदाई के दौरान एक अतिप्राचीन और ऐतिहासिक कुआं मिलने से लोगों में कौतूहल का माहौल बन गया। निर्माण कार्य के लिए शुक्रवार को खोदे जा रहे गड्ढे में जैसे ही मजदूरों ने करीब पांच फुट की गहराई तक खुदाई की वहां एक पुराने कुएं की संरचना दिखाई दी। कुएं के ऊपरी भाग पर लोहे के गार्डर और बड़ा प्लेटनुमा चदरा रखकर कुआं ढका मिला। खुदाई में लगे जेसीबी से लोहे के ढक्कन को हटाने के बाद कुआं का संरचना दिखा। कुएं के चारों ओर मजबूत और सुव्यवस्थित ईंटों की दीवार देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह काफी प्राचीन काल का निर्माण हो सकता है। प्रत्यक्षदर्शियो और स्थानीय लोगों के अनुसार कुएं की बनावट बेहद मजबूत और व्यवस्थित है। कुएं के भीतर पानी भी मौजूद था जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह संरचना आज भी सुरक्षित अवस्था में है। अचानक ऐतिहासिक कुआं मिलने की सूचना फैलते ही स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की भीड़ जुट गई। लोग उत्सुकतावश कुएं को देखने पहुंचे और इसकी प्राचीनता को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। इसी योजना के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण भी कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान ही यह प्राचीन कुआं सामने आया जिसने परियोजना से जुड़े अधिकारियों और आम लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से कुएं को पुनः ढक दिया गया ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह वास्तव में ऐतिहासिक महत्व का कुआं है तो इसकी विशेष ज्ञों से जांच कराई जानी चाहिए।

संपादकीय

# स्टार्मर के इस्तीफे की वजहें

दुनिया की महाशक्ति माने जाने वाले और कभी आधी दुनिया पर राज करने वाले ग्रेट ब्रिटेन में राजनीतिक अस्थिरता थमने का नाम ही नहीं ले रही है। वहां के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने उनके नेतृत्व को लेकर अपनी ही लेबर पार्टी के सांसदों द्वारा उठाए गए सवालों के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है। लेबर पार्टी के सांसदों ने सवाल किया था कि क्या स्टार्मर अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे सही हैं। इस पर पद से इस्तीफा देते हुए स्टार्मर ने कहा कि मैंने इस सवाल पर अपनी पार्टी का 'जवाब सुन लिया है' और 'उस जवाब को अच्छे से स्वीकार करता हूं। मैंने जो भी फैसला लिया है, वह अपने देश को सबसे पहले रखने' के बारे में रहा है, जिससे वह प्यार करते हैं। पार्टी का अंदरूनी दबाव महत्वपूर्ण है, लेकिन वास्तव में स्टार्मर ने अपने पद से इस्तीफे देने की बात क्यों कहीं, खासकर तब कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे उन्होंने झुकने से मना कर दिया था, ऐसे में कौन सी मुख्य वजह थी, जिसके लिए इस्तीफा दिया, इस बारे में विश्लेषक अलग अलग कारण बता रहे हैं। ब्रिटेन में नए नेतृत्व के लिए चुनाव अगले महीने होगा। तब तक स्टार्मर अपने पद पर बने रहेंगे। बताया जाता है हाल में हुए उपचुनाव में मेकरफ़ील्ड उपचुनाव में एंडी बर्नहैम की शानदार जीत के बाद किएर स्टार्मर से डाउनिंग स्ट्रीट से अपने जाने का टाइम टेबल तय करने के लिए कहा जा रहा था। लेबर पार्टी के ज़्यादा से ज़्यादा सांसद किएर स्टार्मर से कह रहे थे कि वे ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर को सत्ता सौंपने के प्लान की घोषणा करें। जाहिर है कि एंडी बर्नहैम 9 जुलाई को मुकाबला शुरू होने पर बिना किसी चुनौती के चुनाव लड़ते हैं, तो नॉमिनेशन बंद होने के बाद वो लेबर लीडर बन सकते हैं। गौरतलब है कि किएर स्टार्मर अप्रैल 2020 में लेबर पार्टी के नेता चुने गए और लेबर की आम चुनाव में जीत के बाद 5 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री बने। ब्रिटेन को जल्द ही 2016 के बाद से अपना सातवां प्रधानमंत्री मिलेगा। स्टार्मर ने अपने इस्तीफ़े की घोषणा करने से पहले कहा कि उन्हें विरासत में लेबर पार्टी मिली थी जो 'पॉलिटिकली, फ़ाइनेंशियली और नैतिक रूप से दिवालिया' थी। उन्होंने दावा किया कि मैंने 'एंटीसेमिटिज़्म के ज़हर को निकालकर' पार्टी को बदल दिया। दरअसल शुरुआत से ही सर किएर स्टार्मर के कार्यकाल में समस्याओं के संकेत दिखाई देने लगे थे। प्रधानमंत्री बनने के सिर्फ तीन महीने बाद ही उन्हें 6000 पाउंड से अधिक मूल्य के उपहारों और मेहमाननवाज़ी का ख़र्च वापस करना पड़ा, जो उन्हें प्रधानमंत्री बनने के बाद मिला था। इनमें टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट के टिकट भी शामिल थे। स्टार्मर को कई नीतिगत यू-टर्न के लिए भी कड़ी आलोचना झेलनी पड़ी। साथ ही दक्षिणपंथी वर्ग ने भी उनकी आलोचना की, क्योंकि वे फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले प्रवासियों की संख्या को रोकने में असफल दिखाई दिए। जनमत सर्वेक्षण करने वाली संस्थाओं ने लगातार पाया कि किएर स्टार्मर जनता के बीच बेहद अलोकप्रिय हो गए थे। उनकी लोकप्रियता रेटिंग रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब पहुंच गई थी। इसके अलावा स्टार्मर ने एपस्टीन के करीबी लॉर्ड मेंडेलसन को ब्रिटेन के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया था। स्टार्मर की रवानगी के पीछे बड़ा कारण डोनाल्ड ट्रंप भी हैं। ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने के ट्रंप के न्यौते को ठुकराने से अमेरिका उनसे नाराज हो गया। हालांकि बाद में ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के उपयोग की इजाजत दे दी थी। लेकिन बात नहीं।

# ज्ञान का भ्रम पैदा करते स्कूली पाठ्यक्रम की दिशा

**मनुष्य का ज्ञान बढ़ रहा है। इंसानियत की अब तक संचित समझ भी हर क्षेत्र में गहरा रही है, बढ़ रही है। निस्संदेह ही यह उत्सव मनाने वाली बात है पर यह स्कूली शिक्षा के लिए एक गंभीर और लगभग नज़रअंदाज़ कर दी जाने वाली समस्या भी पैदा करता है। जब शिक्षा व्यवस्था के ऊपर यह दबाव रहता है कि वह इस लगातार बढ़ते ज्ञान को बच्चों तक पहुँचाए तो उसके लिए पाठ्यक्रम को भी विस्तारित होना पड़ेगा, लेकिन स्कूली शिक्षा की समयावधि सीमित होती है, स्कूली शिक्षा 12 साल की होती है। इसका नतीजा यह है कि भारत समेत कई देशों के स्कूलों में पाठ्यक्रम अत्यधिक विस्तृत और स्तराधिक सघनता लिए हुए दिखाई देता है।**

**अनुराग बेहार**

कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी तय समयावधि वाले विद्यालयीन जीवन में ऐसी कितनी ही जटिल सैद्धान्तिक विषयवस्तु से गुज़रते हैं, जिसमें वे अवधारणाएँ भी शामिल हैं जिन्हें कभी महाविद्यालय के स्तर पर पढ़ाया जाता था। पाठ्यक्रम का बढ़ता हुआ आकार आश्चर्यजनक है पर इससे सीखने में मदद मिलती है या नहीं, यह दूसरा सवाल है।

विषयवस्तु और सीखने के बीच का रिश्ता क्रमिक नहीं है। अधिक विषयवस्तु का अर्थ ज्यादा सीखना है, यह एक हद तक ही सच है। इसके बाद तो ढेर सारी विषयवस्तु का अर्थ है किसी एक विचार पर ठहरने के लिए कम समय उपलब्ध होना। यानी यह विषयवस्तु कक्षा में इतनी तेजी से और इतने सतही तरीके से पढ़ाई जाती है कि उस पर सही समझ विकसित करना नामुमकिन हो जाता है और फिर बच्चे और टीचर सिर्फ़ एक ही तरीका अपनाते हैं जो काम करता है यानी रट्टा मारना, जो पाठ्यक्रम ज्ञानवर्धन के लिए बनाया था, वह अब केवल ज्ञान का भ्रम पैदा करता है।

शिक्षा के क्षेत्र में हुए शोध लगातार दिखाते हैं कि पाठ्यक्रम के अत्यधिक विस्तृत होने से विद्यार्थी इसे केवल सतही तौर पर समझ पाते हैं यानी तथ्यों की विवेचना और विश्लेषण (जो कि तार्किक सोच के निर्माण का आधार है) किए बिना केवल उन्हें याद रखते जाते हैं। यह किसी एक विद्यार्थी या शिक्षक की नाकामी नहीं है, बल्कि यह विकास के कई आयामों में बहुत तेज़ी से और बहुत ज़्यादा अपेक्षा करने का एक संरचनात्मक परिणाम है। यह ठीक है कि विषयवस्तु और क्षमताओं का विकास एक-दूसरे के उलट नहीं हैं-एक बच्चा खालीपन में सोचना नहीं सीख सकता, उसे सोचने के लिए विषयवस्तु की ज़रूरत होती है लेकिन जब विषयवस्तु अत्यधिक विस्तृत और सघन हो जाए तो उस पर सोचने जैसी इंसानी काबिलियत के लिए कोई जगह नहीं बचती। सब कुछ रटने, याद करने में बदल जाता है। सभी प्रमाण इस बात को और पुष्ट करते हैं।



अतिभारित पाठ्यक्रम को लेकर आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ह्लश्वष्टष्ठ 2020) द्वारा किए गए अध्ययन में पाया कि कई देश पाठ्यक्रम को राजनीतिक, वैचारिक और अभिभावकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विस्तार देने या अतिभारित करने के तनाव से जूझ रहे हैं। यह दबाव पाठ्यक्रम से जुड़ाव बनाने और उसे गहराई से समझने की प्रक्रिया को कम करता है और सीखना कठिन बनाता है। पाठ्यक्रम के विस्तार और सघनता पर ध्यान देना और सुसंगति बनाए रखना इस शोध की प्रमुख अनुशंसाएँ हैं जो अन्य गंभीर शोधों की अनुशंसाओं में भी ध्वनित होती दिखाई देती हैं।

भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस समस्या का सीधा सामना किया। इसमें पाठ्यक्रम को लेकर जो मुख्य कमियाँ बताई गईं, उनमें रटवाना और विषयवस्तु का अतिभारित होना शामिल था। इसके लिए नीति में विषयवस्तु पर केन्द्रित रहने की बजाय दक्षताओं के विकास की ओर बढ़ने, शिक्षा के स्तर को बच्चों के वास्तविक सीखने के तरीकों से जोड़ने और समझ विकसित करने के लिए समय और स्थान देने के स्पष्ट सुझाव दिए गए। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन 2023 ने इसे पाठ्यचर्या अवधि के अनुरूप रेखांकित किया। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि पाठ्यक्रम को दक्षता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाना चाहिए और विषयवस्तु का अतिभार कम किया जाना चाहिए। यह वर्तमान में मौजूद रटंत संस्कृति और केवल स्मृति आधारित परीक्षा प्रणाली से आगे बढ़कर ऐसे तरीकों की बात करता है जो समस्या समाधान, तार्किक सोच और सीखने के लिए आवश्यक दक्षताएँ विकसित करें और उन दक्षताओं का आकलन कर सकें।

इन सभी अनुशंसाओं को लागू करने में सबसे ज़्यादा मुश्किलें आती हैं। एक फ्रेमवर्क बदलाव की बात कर सकता है, लेकिन पाठ्यक्रम की संरचना, पाठ्यपुस्तकें, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाएँ और आकलन में तालमेल बनाए बिना यह बदलाव केवल कागज़ों पर सिमट कर रह जाएगा।

जिन शिक्षकों ने अपना पूरा शैक्षणिक जीवन केवल पाठ्यक्रम पूरा करने में बिताया है, उन्हें इस तरह का बदलाव लाने के लिए लगातार सहयोग की ज़रूरत होगी, सिर्फ़ कागज़ी निर्देश काफ़ी नहीं होंगे। अभिभावक जिनका शिक्षा का अनुभव सिर्फ़ अच्छे अंक लाने और विषयवस्तु रटने तक सीमित था, उन्हें भी साथ लाना होगा। उन्हें रुकावट मानकर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। इसी तरह पाठ्यक्रम तैयार करने वाले विशेषज्ञों को अपने विषय को अधिक अहमियत देने की ओर आकर्षित होने से बचना होगा यानी उस सोच से बचना होगा जो कहती है-लेकिन बच्चों को यह भी सिखाना ही चाहिए।

बच्चों को सब कुछ सिखा देना चाहिए, यह सोच ही समस्या की जड़ है और यह सोच पूरी तरह से इंसानी है। पाठ्यपुस्तक लिखने वाली कमेटी में से कुछ ही लोग ऐसे होते हैं जो यह कहने में सहज महसूस करते हैं कि यह अवधारणा इस आयु में सिखाने लायक नहीं है। पाठ्यक्रम में कुछ भी छोड़ा जाना सीखने के एक मौके का छूट जाना लगता है लेकिन यही वह फ़ैसला है जिसकी अच्छे पाठ्यक्रम निर्माता को ज़रूरत होती है। पाठ्यक्रम निर्माता को भरोसा होना चाहिए कि बहुत सारी जानकारी को खराब तरीके से पढ़ाया जाए इसकी बनिस्बत कम विषयवस्तु को अच्छी तरह से पढ़ाने से ज़्यादा सीखने को मिलता है।

स्कूल की पढ़ाई का मकसद बच्चे के 18 साल का होने से पहले उसे ज़्यादा से ज़्यादा इंसानी ज्ञान दिया जाए यहाँ तक सीमित नहीं है। यह लक्ष्य हमेशा से ही हासिल नहीं हो पाया है और हर दशक में यह और भी मुश्किल होता जा रहा है। उद्देश्य यह है कि हर बच्चे में सीखने के क्षमता विकसित की जा सके जिससे वह ध्यान से पढ़ना, प्रमाण के आधार पर तर्क करना, अच्छे सवाल पूछना और जिज्ञासा बनाए रखना सीख सके। जो विद्यार्थी इन काबिलियतों के साथ स्कूल से निकलते हैं तो वे जिस जानकारी से भरी दुनिया में जाते हैं, वहाँ वे लगभग वह सब कुछ सीख सकते हैं जो वे बाद में सीखना चाहते हैं या जिसे सीखने की ज़रूरत है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 ने इसे एक बुनियादी सिद्धान्त के तौर पर स्थापित किया है। अब इस सिद्धान्त को अमली जामा पहनाने के लिए इसका कक्षा, किताबों, परीक्षाओं और शिक्षकों की कक्षा प्रक्रियाओं में दिखाई देना सबसे ज़रूरी है। किसी सिद्धान्त को अमल में लाने का यह काम वास्तव में एक फ्रेमवर्क लिखने से ज्यादा धीमा और मुश्किल है पर यही एक ऐसा अकेला घटक है, जो स्कूल में बच्चों के साथ जो होता है उसे पूरी तरह से बदल देगा।

अध्यात्म

## डरो मत, मुश्किलों का डटकर सामना करो!

यह बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद युवा थे और सन्यासी का जीवन जी रहे थे। वे हमेशा 'गेरुआ' (संतरे के रंग के) कपड़े और सिर पर एक सुंदर पगड़ी पहनते थे। एक बार वे उत्तर प्रदेश के 'बनारस' शहर में गए हुए थे। बनारस अपने पुराने मंदिरों और वहां रहने वाले ढेर सारे बंदरों के लिए बहुत मशहूर है। एक दिन दोपहर के समय स्वामी जी एक मंदिर के दर्शन करके एक पतले रास्ते से लौट रहे थे। तभी अचानक उनके सामने बहुत सारे बंदर आ गए। बंदरों ने सोचा कि शायद स्वामी जी के पास कुछ खाने-पीने का सामान है। बंदर उनके बहुत करीब आने लगे और उन्हें डराने लगे। इतने सारे बंदरों को अपने आस-पास देखकर स्वामी जी थोड़ा घबरा गए। उन्होंने बंदरों से बचने के लिए तेज़-तेज़ चलना शुरू कर दिया। बंदरों ने देखा कि स्वा मी जी डर रहे हैं, तो वे भी उनके पीछे-पीछे भागने लगे। कुछ बंदर उनके और करीब आ गए और जोर-जोर से आवाज़ें निकालने लगे। अब स्वामी जी ने बचने के लिए दौड़ लगाना शुरू कर दिया, लेकिन बंदर भी उनके पीछे दौड़ने लगे। तभी रास्ते के किनारे बैठे एक बूढ़े सन्यासी (साधु) ने स्वामी जी को भागते हुए देखा। सन्यासी ने अपनी तेज़ और भारी आवाज़ में चिल्लाकर कहा– 'रुको! भागो मत! उन जानवरों का डटकर सामना करो! उस बूढ़े सन्यासी की यह दमदार आवाज़ सुनकर स्वामी विवेकानंद के कदम वहीं रुक गए। उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने दौड़ना बंद किया, पीछे मुड़े और पूरे आत्मविश्वास और बहादुरी के साथ उन बंदरों की आँखों में आँखें डालकर सीना तान कर खड़े हो गए। जैसे ही स्वामी जी ने बिना डरे बंदरों की तरफ देखा, एक बहुत बड़ा चमत्कार हुआ। जो बंदर अभी तक उन्हें दौड़ा रहे थे, वे अचानक रुक गए। स्वामी जी के निडर चेहरे को देखकर बंदर पीछे हटने लगे और कुछ ही पल में सारे बंदर वहाँ से भाग गए! इस घटना ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर बहुत गहरा असर डाला। बाद में उन्होंने अपने भाषणों में यह लोगों को सुनाते हुए कहा थाः 'अगर आप किसी चीज़ से डरकर भागते हैं, तो वह डर (बंदरों की तरह) आपको और भी ज्यादा डराएगा। लेकिन अगर आप वहीं रुककर पूरे साहस के साथ उस डर की आँखों में देखते हैं और उसका डटकर सामना करते हैं, तो वह डर खुद आपसे हारकर भाग जाएगा। ' जीवन में कभी भी मुश्किलों या डर से भागना नहीं चाहिए।

# विपक्ष की आक्रामकता व मोदी की बढ़ती मुश्किलें


**2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के 240 सीटों पर अटक जाने से यह कहा जाने लगा था कि मतदाता का मोदी से मोह भंग होने लगा है , वे विपक्ष के जाल में घिरे हुए नजर आने लगे । सरकार गठन तक कई आशंका, कुशंका व्यक्त होती रही । सरकार बनने के बाद भी कहा जाता रहा कि यह एक कमजोर एवं बैसाखी पर टिकी सरकार है इसका लंबे समय तक सत्ता में रहना मुश्किल है। अभी तक मोदी ने इन सभी संभावनाओं को झुठलाते हुए ऐसे निर्णय लिए जिससे यह सिद्ध हो गया कि सरकार एवं साथी दलों पर मोदी की मजबूत पकड़ है। बावजूद इसके कुछ ताजा घटनाओं की वजह से मोदी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है, विपक्ष विशेष रूप से राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी ज्यादा आक्रामक है ।**

**अनिल ठाकुर**

यूपी में 2027 में विधान सभा चुनाव होना है इसलिए अखिलेश के बयानों में व्यंग्य एवं तल्खी दोनों देखने को मिल रही है। बिहार और बंगाल के नतीजों से डरे हुए अखिलेश को अनायास राम मंदिर चंदा घोटाले प्रकरण से योगी एवं मोदी को एक साथ कटघरे में खड़ा करने का सुनहरा मौका मिल गया। राम मंदिर मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट था, 2014 में सरकार बनने के बाद से जिस तरह से मोदी ने न्यायिक निर्णय के माध्यम से इसे जमीन पर साकार किया वह अद्वितीय ही कहा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी की कुशल प्रशासकीय व्यवस्था एवं सतत् निगरानी का योगदान भी अमूल्य ही कहा जाएगा। स्थापना के इतने कम समय में रामलला के आंगन में करोड़ों लोगों की आस्था, श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप दी गई धन राशि, गहनों में घोटाले की खबर से सिर्फ यूपी ही नहीं पूरे देश वासी सन्न रह गए। जांच कमेटी की रिपोर्ट, कार्यवाही लंबे समय तक चलेगी, निष्कर्ष चाहे जो आए लेकिन जिस तरह की भावनाएं व्यक्त की जा रही वह मोदी सरकार के लिए शुभ संकेत नहीं है। राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी नेताओं के बयान आग में घी का काम कर रहे है। इसकी थोड़ी बहुत भरपाई दोषियों को चिन्हित कर यूपी चुनाव के पूर्व कड़ी सजा देने के अतिरिक्त किसी तरह नहीं हो सकती। हिंदू वोट बैंक को विभक्त करने के लिए अखिलेश के पीडीए फॉर्मूले के सफल प्रयोग को इस प्रकरण से बढ़ावा ही मिलेगा।

राम मंदिर चंदा घोटाला प्रकरण के कुछ दिन पूर्व नीट पेपर लीक मामले से युवाओं में असंतोष की जो व्यापक प्रतिक्रिया हुई, उसे सहज नहीं कहा जा सकता। सबसे अनोखी बात यह है कि इस घटना को सीजेआई के एक बयान से जोड़कर नई कॉकरोच जनता पार्टी का गठन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफे की माँग कर मोदी के लिए मुश्किल खड़ी की जा रही है। सरकार के सफलता पूर्वक नीट परीक्षा पुनः करवाने के बावजूद युवाओं में असंतोष है। लेकिन जिस उद्देश्य को लेकर काकरोच जनता पार्टी बनी थी, उसके प्रदर्शन के दौरान कुछ ऐसे तत्व शामिल हो गए जो मुद्दे पर कम अन्य विवादित विषयों पर अधिक बात कर रहे है, जो एक मजाक बनता जा रहा है।

इन दो तात्कालिक मुद्दों के अलावा विपक्ष विशेष रूप से राहुल गांधी बिहार चुनाव के पहले से मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के समय वोट चोरी के नए मुद्दे को लेकर न्यायपालिका तक गुहार लगाते रहे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इन चुनावों के पहले तक वे ईवीएम हेक मुद्दे पर आक्रामक रहे थे। दुर्भाग्य से राहुल को बिहार में वोट चोरी पर ही अपने साथी दल राजद के नेता तेजस्वी यादव का समर्थन नहीं मिला। अमित शाह ने इसे बंगला देशी घुसपैठियों की पहचान से जोड़ कर हिन्दू वोट बैंक को एकजुट होने में सफलता प्राप्त कर ली। बिहार के बाद बंगाल चुनाव के समय ममता मुख्यमंत्री थी, उन्होंने दो मोर्चों पर इस लड़ाई को लड़ा। एक तो मतदाता सूची पुनरीक्षण में अपने मतदाताओं के असंख्य वोट जुड़वा दिए, दूसरा चुनाव आयोग पर



पक्षपात के आरोपों को लेकर न्यायपालिका में खुद अपना पक्ष रखा, सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर मोदी शाह को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन उनके 15 वर्ष के कार्यकाल में मुस्लिम तुष्टिकरण के साथ विधायकों की अपने क्षेत्र में गुंडागर्दी से पीड़ित भद्र मानस का मन बदल गया। राहुल गांधी ने गठबंधन की साथी टीएमसी सरकार को भ्रष्ट बताकर रही सही कसर भी पूरी कर दी। चुनाव में बुरी हार से बौखलाई ममता ने मोदी से बदला चुकाने के लिए देहली का रुख किया ही था कि उनके दो तिहाई विधायकों ने बीजेपी की तरफ रुख कर लिया। कांग्रेस में विलय की खबरों को पार्टी सांसदों के ममता का सरेंडर मानने के वजह से दो तिहाई सांसदों ने भी एक नया आशियाना ढूंढ लिया। और अब शिवसेना उद्धव गुट के छह सांसद टूट कर पुराने साथी शिंदे गुट में शामिल होकर सरकार का हिस्सा बन गए। इस टूट का आरोप भी अमित शाह पर है, कानूनी पक्ष भी दिए जा रहे है। निर्णय जो भी हो फिलहाल बीजेपी की ताकत बढ़ रही मगर इसने विपक्ष को एक जुट होने में मदद जरूर की। बंगाल की हार के बाद ममता के आव्हान पर इंडी गठबंधन की बैठक आयोजित किया गया, मगर उसमें भी साथी दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस की कार्यशैली पर उंगली उठाने से एकजुटता के बजाय दरार नजर आई। लंबे विचार विमर्श के बाद भी सरकार के विरुद्ध संगठित रूप से किसी आन्दोलन की रूप रेखा बनाने के बजाय कुछ प्रस्ताव पारित कर दो महीने बाद पुनः मीटिंग आयोजित करने का निर्णय भर लिया गया। इससे साफ संदेश निकलता है कि राहुल गांधी सिर्फ 29 के चुनाव को केंद्रित कर क्षेत्रीय पार्टियों को मजबूरन कांग्रेस में विलय कर स्वयं को प्रधानमंत्री पद का एकमात्र योग्य उम्मीदवार घोषित करना चाहते है। राहुल गांधी भविष्यवाणी कर चुके है कि अगले एक वर्ष में मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेगे। लेकिन क्या वे यह कहना चाहते है कि एक वर्ष बाद मैं प्रधानमंत्री बनूंगा ? अपने कार्यकाल के प्रारंभिक वर्षों से ही मोदी को चीन के साथ सीमा विवाद, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की वजह से डोकलाम, पुलवामा जैसी घटनाओं से निपटना पड़ा। पिछले वर्ष पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा जाति पूछकर की गई नृशंस हत्या की घटना से ऑपरेशन सिंदूर की नौबत आई। इन घटनाओं से भी विपक्ष ने अपने कुतर्कों से मोदी को घेरने में कोई कमी नहीं की। घरेलू मोर्चे पर सबसे बड़ी चुनौती तो मातृ संस्था संघ की ओर से आ रही है। सन 22 के यूपी चुनाव के दौरान बीजेपी अध्यक्ष नड्डा के एक बयान से विवाद के बाद संघ पदाधिकारियों द्वारा इशारों इशारों में बार बार निशाने साधे जा रहे है। बीच बीच में विचार विमर्श से विवाद कम हुआ है, मगर दरार अभी भी दिखाई देती है।

घरेलू मुद्दों के साथ अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से मोदी की मुश्किलें ज्यादा बढ़ी है। कोविड़ की वजह से आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं उसके बाद रूस यूक्रेन युद्ध से खाद्य पदार्थ, खाद, तेल आयात में रुकावट आने से महंगाई बढ़ी। रूस यूक्रेन के बीच युद्ध से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के रूस से व्यापार प्रतिबंध लगा देने से क्रूड ऑयल सप्लाई में कमी आई। ट्रंप यही नहीं रुके उन्होंने भारत पर रूस से व्यापार करने की वजह से अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। इससे भारत अमेरिकी ट्रेड डील ट्रेड वार में बदल गई। बाद में ट्रंप ने भारत से अतिरिक्त टैरिफ तो हटा दिया लेकिन सिर्फ अमेरिकी हितों को ध्यान में रखते हुए जो शर्ते वे हम पर थोपना चाहते थे, वे हमें मंजूर नहीं थी, नतीजन आज तक अमेरिका के साथ ट्रेड डील फाइनल नहीं हो पाने से भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बीच अमेरिका - इजराइल ईरान के बीच जंग छिड़ जाने से ईरान से आयात होने वाले क्रूड ऑयल की सप्लाई बाधित होने तथा रिजर्व्ड कोटे में कमी आने एवं पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाने से महंगाई बढ़ी। विपक्ष के अंतर्राष्ट्रीय परिस्थिति समझने के बावजूद मोदी को जिम्मेदार ठहरा असंतोष फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का एक मौका और मिल गया।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। धन के उधार लेन-देन से बचें। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आयेगी।

**वृषभ**
मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को उत्तम अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। सगे-सम्बन्धियों के साथ सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**मिथुन**
आज रुके कार्यों को निपटाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। अपने कार्य दूसरों के भरोसे न छोड़ें। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा।

**कर्क**
नये विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। बड़े भाई-बहनों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। मनोबल में कमी महसूस करेंगे। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी।

**सिंह**
आज आप अपने काम को लेकर अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सन्तान के विवाह को लेकर चिन्ता रहेगी। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यन्त्र रच सकते हैं।

**कन्या**
आपकी विचारशैली में नयापन आयेगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। दोस्तों के साथ अपने अनुभवों को शेयर कर सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। धर्म-अध्यात्म के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। वाचाल प्रवृत्ति के लोग स्वभाव पर नियन्त्रण रखें।

**वृश्चिक**
करियर सम्बन्धी नये अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहने वाले हैं। अनजान लोगों की सहायता मिल सकती है।

**धनु**
आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें। प्रेमीजन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। आपको सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा। व्यापार में आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**मकर**
परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। नया कार्य आरम्भ करने के लिये समय उत्तम है। प्रेम सम्बन्धों में सामंजस्य बनाकर रखें। सफलता के नये द्वार खुलने की सम्भावना है।

**कुंभ**
दूसरों के मामलों में आप हस्तक्षेप न करें। पिता के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। तनाव के कारण आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में स्थान परिवर्तन हो सकता है। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में महिला की मौत, सड़क जाम

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के ललपुरा गांव के पास बीते शाम एक महिला की ई-रिक्शा से घर जाने के क्रम में ड्राइवर की लापरवाही से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। ई-रिक्शा चालक बिना उसके परिवार को सूचना दिए बाढ इलाज के लिए



लाया, बाढ़ से चिकित्सक ने पटना रेफर कर दिया। पटना में इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई। ई रिक्शा चालक उसके शव को पटना में ही छोड़ कर भाग निकले। घटना की जानकारी जब परिजनों को लगी तो परिजन पटना से शव लेकर वापस आए और शव के साथ सड़क जाम कर हंगामा कर रहे हैं। परिजन की मांग है कि ई रिक्शा चालक पर मुकदमा दर्ज हो इसको लेकर सड़क जाम किया गया है। सड़क जाम की सूचना पर भदौर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने बुझाने का काम कर रही है। वहीं ग्रामीण मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अडे हुए हैं। वहीं परिजन करो रो कर बुरा हाल है। मृतक गुड़िया देवी गांव में ही एक छोटे-मोटे दुकान चलती थी। मृतक जगमलचक गांव के निवासी बताई जाती है।

### कुख्यात अपराधी सोनू मोनू के पिता को जेल



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंचमहला थाना क्षेत्र के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के विरोधी गोलीबारी के आरोपी गैंगस्टर सोनू मोनू के अधिवक्ता पिता प्रमोद सिंह को कांड पचमहला थाना कांड सांख्य 27/26 मोटर साइकिल जबरन पुलिस के गिरफ्तार से छुड़ाने के मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामकृष्ण मोकामा हाथीदा मरांची थाना की पुलिस की मौजूदगी में प्रमोद सिंह को गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में पेशी से पहले बाढ़ अनुमंडल अस्पताल मेडिकल के लिए ले आई।कई थानों की पुलिस साथ में मौजूद रही।कड़ी सुरक्षा के बीच गिरफ्तार अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने कुछ भी कहने से इनकार करते हुए कहा कि कानून अपना काम करेगी।मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया गया। एसडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि गिरफ्तार प्रमोद सिंह जो आरोप लगा रहे हैं वह बिल्कुल बी बुनियाद है अभी सोनू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तालाब में जहर देने से मछली पलक को लाखों का नुकसान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अटनामा गांव में एक मछली पालक की महीनों की मेहनत पर असामाजिक तत्वों ने एक ही रात में पानी फेर दिया। धर्मेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय पृथ्वीराज सिंह, अपने 10 कट्ठा के तालाब में मछली पालन करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि अज्ञात



लोगों ने तालाब में कथित तौर पर जहर डाल दिया, जिससे करीब 20 मन (800 किलो से अधिक) मछलियां मर गईं। घटना से उन्हें लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा है। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी शेखपुरा जिले के बरबीघा स्थित एक मैरिज हॉल में थी, जिसमें शामिल होने के लिए पूरा परिवार गांव से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान तालाब की निगरानी करने वाला कोई नहीं था। पीड़ित का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने इसी मौके का फायदा उठाकर रात के अंधेरे में तालाब में कथित तौर पर जहर डाल दिया, जिससे सुबह पूरा तालाब मरी हुई मछलियों से पट गया। तालाब के किनारे सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों मछलियां मृत अवस्था में तैरती मिलीं, जिसे देखकर परिवार के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत बाढ़ थाना को दे दी गई है। पीड़ित ने दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई और हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की मांग की है।

### घरेलू विवाद में बुजुर्ग की बेरहमी से पिटाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के बकामा गांव में शुक्रवार की सुबह घरेलू मामूली विवाद को लेकर परिवार के ही कुछ लोगों ने रघुनंदन प्रसाद नामक 65 वर्षीय बुजुर्ग को मारपीट कर अधमरा कर दिया मारपीट के दौरान बुजुर्ग का एक कान पूरी तरह से फट गया इसके बाद घायल को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया लेकिन परिजन पटना ले जाने में आनाकानी करते नजर आए बाद में समझाने बुझाने के बाद पटना ले जाया गया।

### एक बच्चे का साहस, दूसरे बच्चे की जिंदगी बन सकता है


**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीतामढ़ी जिले के नया टोला गांव की 8 वर्षीय साधना यादव ने अपने बोन मैरो (अस्थि मज्जा) का दान कर 5 वर्षीय रितिक यादव को नई जिंदगी प्रदान की है। यह प्रेरणादायक उदाहरण बताता है कि सही जानकारी, साहस और समय पर उपचार से थैलेसीमिया जैसी गंभीर



बीमारी को हराया जा सकता है। ऋतिक के सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणादायक सहयोग, भारत सरकार की थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के अंतर्गत प्राप्त 10 लाख रुपये के सहयोग तथा डॉ. सुनील भट्ट और नारायणा हेल्थ, बेंगलुरु की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही ब्रजेश कुमार, सुजीत गुप्ता, जसवंत सिंह जी, मां वैष्णो देवी सेवा समिति तथा माँ ब्लड सेंटर परिवार की भूमिका भी सराहनीय रही है। यदि आप किसी ऐसे 12 वर्ष तक के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को जानते हैं जिसे हर 15 दिनों में रक्त चढ़ाना पड़ता है और जिसका सगा भाई या बहन 100% बोन मैरो मैच है, लेकिन परिवार बोन मैरो डोनेशन को लेकर आशंकित है, तो वे ऋतिक के पिता उपेन्द्र यादव जी से बात कर वास्तविक अनुभव और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### आद्रा में : प्रचंड धूप से झुलस रही धान की मोरी, दरक गए खेत, किसान बोले - इंद्रदेव अब तो बरसो

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रचंड गर्मी और तीखी धूप ने मसौढ़ी पश्चिमी क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। धान रोपनी के लिए तैयार की गई मोरी यानी बिचड़ा अब खेतों में झुलसने लगा है। खेतों में दरारें पड़ गई हैं और पटवन के बावजूद बिचड़े बचाना मुश्किल हो गया है। आद्रा नक्षत्र शुरू होते ही रोपनी के लिए किसान परेशान हैं। धान रोपनी को लेकर बिचड़ा तैयार करने में जुटे किसानों की मुश्किलें इस बार ज्यादा बढ़ गई हैं। एक तरफ जहां प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं किसानों



के लिए यह लू आफत बन गई है। खेतों में लगाया गया धान बीज का बिचड़ा तेज धूप में सूख रहा है। कई जगहों पर खेतों में दरारें आने लगी हैं। किसानों की माने तो रोहिणी नक्षत्र खत्म होने के बाद आद्रा नक्षत्र की शुरूआत हो गई है। इस नक्षत्र में धान की रोपनी जोर-शोर से होती है। ऐसे में किसान रोजाना पटवन कर बिचड़े को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन जिन खेतों में पटवन का साधन नहीं है, वहां मोरी सूखने लगी है। बार-बार पटवन करने से भी किसान थक गए हैं। गर्मी और सूखे से परेशान किसान अब भगवान इंद्र को पुकार रहे हैं। उनका कहना है कि अब एक ही सहारा बचा है - बारिश। अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो इस बार रोपनी पिछड़ जाएगी और फसल पर असर पड़ेगा।कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन किसानों के पास बोरिंग या मोटर नहीं है, वे सरकारी सिंचाई साधनों का उपयोग करें। साथ ही बिचड़े को पुआल या घास से ढककर धूप से बचाने की सलाह दी गई है।

### बदमाशों ने किया पूर्व वार्ड पार्षद के घर हमला

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड 12 के पूर्व वार्ड पार्षद रेणु देवी के घर असमाजिक तत्वों द्वारा विगत देर रात पत्थरबाजी व तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित रेणु देवी ने स्थानीय थाने में पांच लोगों के खिलाफ रंगदारी न जान से मारने का आरोप लगा लिखित शिकायत दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए पूर्व वार्ड पार्षद के पति जयन्त कुमार ने बताया कि विगत देर रात पास के रहने वाले कुछ असामाजिक तत्वों ने घर पर आकर पत्थरबाजी व तोड़फोड़ करने लगे। आसपास के लोग भी डरकर घर में छुपे रहे। वे सभी रंगदारी की मांग करते हुए हवाई फायरिंग कर फरार हो गए।

# 'या हुसैन' के नारों से गूंजा मसौढ़ी, ताजमहल-जामा मस्जिद की आकृति वाले ताजिए बने आकर्षण का केंद्र

## 6 मुस्लिम मोहल्लों से निकला जुलूस, 47 जगहों पर मजिस्ट्रेट तैनात







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'या हुसैन, या हुसैन' के गगनभेदी नारों से शुक्रवार को पूरा मसौढ़ी गूंज उठा। हजरत पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए शहर के मुस्लिम मोहल्लों से ताजिया जुलूस का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। इस बार जुलूस में आस्था के साथ कला भी दिखी। कहीं आगरा का ताजमहल, कहीं जामा मस्जिद, तो कहीं मक्का-मदीना की आकृति वाले ताजिए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने। पुरानी बाजार, दाउदपुर, कैलूचक, तारेगना, काश्मीर गंज, मलिकाना और हुसैनाबाद समेत 6 मुस्लिम मोहल्लों से जुलूस निकले। हर मोहल्ले में अखाड़े 'या हुसैन' के नारों के साथ आगे बढ़े।सदर अखाडा नौजवान कमेटी पुरानी बाजार की ओर से सम्मान समारोह का भी आवेदन किया गया इस मौके पर एसडीएम अभिषेक कुमार ,थानाध्यक्ष विवेक भारती, सब इंस्पेक्टर नूर आलम, पूर्व उपमुख्य पार्फद पंकज कुमार सिंह,राहुल चंद्रा, कुमारी खुशबू रानी, शंभू सिंह,शिल्पी ठाकुर, समेत अन्य कई लोग भी शामिल रहे, गौरतलब है की, पुरानी बाजार से ताजिया जुलूस निकाला गया। इसमें मो. आरफराज, साहिल, छोटू इराकी समेत अखाड़ा कमेटी के भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे अनुमंडल में विधि-व्यवस्था के लिए 47 संवेदनशील जगहों पर पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। पुलिस हर जगह ड्रोन-सीटीवी से निगरानी कर रही है। नौजवान अखाड़ा कमेटी के संयोजक मो. अरफराज साहिल ने कहा की मोहर्रम हमें शांति और भाईचारे का पैगाम देता है। सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील है।एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि मोहर्रम शहादत का सम्मान है, इसे सम्मानपूर्वक मनाना चाहिए। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और सहयोग करने की गुजारिश की है। मौके पर मो. मसूद रजा, डॉ मंगल, शिक्षक पंकज कुमार सिंह, लालमोहन सिंह, वार्ड पार्षद ,उज्जवल कुमार, अश्विनी गोल्डी शामिल रहे।

# नौजवान कमेटी पुरानी बाजार ने मनाया मोहर्रम सम्मान समारोह

## एसडीएम से लेकर जनप्रतिनिधियों को बांधी हरी पगड़ी





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत के पर्व मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को मसौढ़ी के मुस्लिम समुदाय में मातम के साथ उत्साह भी देखा गया। 'या हुसैन' के नारों के बीच शांति और भाईचारे का संदेश देने के लिए नौजवान कमेटी पुरानी बाजार की ओर से पुरानी बाजार ईदगाह में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसडीएम अभिषेक कुमार को कमेटी के पदाधिकारियों ने हरे रंग की पगड़ी सिर पर बांधकर सम्मानित किया। इसके बाद थानाध्यक्ष विवेक भारती को भी पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया गया। पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह, जदयू नेत्री कुमारी खुशबू रानी, भाजपा नेता पिंटू रजक सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं को भी मोहर्रम की परंपरा के तहत पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।नौजवान कमेटी के संयोजक मो. अरफराज साहिल ने बताया कि पिछले 20 सालों से कमेटी की ओर से मोहर्रम के मौके पर ताजिया जुलूस के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा, "आज का दिन मोहब्बत का पैगाम देने और शांति का प्रतीक चिन्ह भेंट कर शांतिपूर्वक पर्व मनाने का है। हरी पगड़ी भाईचारे की निशानी है। समारोह में मो. मसूद आलम, नफीस आलम, राजू, बिंद, डॉ सूरज, लालमोहन सिंह, अश्विनी उर्फ गोल्डी, वार्ड पार्षद उज्जवल, शंभू सिंह, शिल्पी ठाकुर, विकास यादव, पंकज कुमार, डॉ. मंगल, छोटू एराकी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। पूरे माहौल में यौम-ए-आशूरा की गमगीन तस्वीर के साथ एकता और सौहार्द का रंग साफ दिख रहा था।

# मोकामा में मुहर्रम पर शांतिपूर्ण ताजिया जुलूस, अखाड़ेबाजों ने दिखाया करतब







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मुहर्रम पर्व पर 4 ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाले गए।चिंतामणि चक और मैनक टोला से ताजिया भव्य तरीके से निकाला गया। जयप्रकाश चौक पर दोनों जुलूसों का मिलन हुआ, जहां अखाड़े के खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का उत्साह देखते बन रहा था।जेपी चौक पर उप सभापति प्रतिनिधि कन्हैया सिंह और वार्ड पार्षद रंजन कुमार ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। इसके बाद जुलूस जेपी चौक से थाना चौक होते हुए स्टेशन रोड पहुंचा। स्टेशन रोड पर वार्ड पार्षद शोएब खान ने भी जुलूस का स्वागत किया और करतब दिखाया।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मुहर्रम का ताजिया जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात था।पुलिस ने जुलूस के दौरान कुछ धारदार हथियार और तेज आवाज करने वाला एक पटाखा फोड़ने का यंत्र जब्त किया है।

### धनरूआ में खेत-मजदूर सभा का प्रदर्शन 6 जुलाई को

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा ने 29 जून को धनरुआ प्रखंड मुख्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। अब संगठन 6 जुलाई 2026 को प्रखंड मुख्यालय पर महाप्रदर्शन करेगा। साथ ही सदस्यता अभियान 15 जुलाई तक जारी रहेगा। खेत मजदूर सभा ने प्रदर्शन के लिए 5 प्रमुख मांगें रखी हैं। मांगों में मनरेगा कानून के तहत 200 दिन काम और ₹600 दैनिक मजदूरी के साथ समय पर भुगतान की गारंटी, नल-जल योजना की अनियमितता दूर कर हर टोले में पानी मुहैया कराने और शराबबंदी के नाम पर गरीबों पर जुल्म बंद कर रोजगार देने की मांग शामिल है।

# पालीगंज व्यवहार न्यायालय में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तैयारियों का किया निरीक्षण





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय के नवनिर्मित भवन के 29 जून को प्रस्तावित उद्घाटन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव न्यायिक अधिकारियों के साथ पालीगंज पहुंचे और निर्माण कार्यों व प्रशासनिक तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज अविनाश कुमार, पालीगंज के सब जज रवि पांडे तथा पटना सिविल कोर्ट के रजिस्ट्रार राहुल प्रकाश भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में बनाए जा रहे सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए मंच, टेंट-पंडाल, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन पार्किंग समेत उद्घाटन समारोह से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियों की जानकारी संबंधित कर्मियों से ली। उन्होंने न्यायालय भवन में चल रहे साफ-सफाई कार्य का भी जायजा लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कोर्ट कक्षों, न्यायाधीशों के चैंबर, कार्यालयों तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कोर्ट नाजिर चंदन कांत चंद्रा को न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के कक्ष आवंटन और बैठने की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा जजेज आवास का भी निरीक्षण किया तथा सभी निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यो को निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को दिया। इस अवसर पर पालीगंज अधिवक्ता संघ के महामंत्री विजय भूषण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह, थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अधिवक्ता शंकर दयाल शर्मा, शशिभूषण सहित कई न्यायिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 29 जून को पालीगंज व्यवहार न्यायालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। समारोह में पटना न्यायाधीश परिषद के निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहित कुमार सहित पटना उच्च न्यायालय के कई वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होंगे।

### नवनिर्मित मकान से पानी गिराने के विवाद में मारपीट, जानलेवा हमला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा मल्लिकाना गांव में नवनिर्मित मकान से गली में पानी गिराने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडे से पिटाई, महिला का मंगलसूत्र छीनने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर ꣳ दर्ज करने की मांग की है। दरअसल भदौरा मल्लिकाना निवासी मधेश्वर प्रसाद पिता राम प्रसाद यादव ने आवेदन में बताया कि हम अपने नवनिर्मित मकान में पानी पटा रहे थे,जो पानी गली में टपक रहा था उसी को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने जब गाली देने से मना किया तो सभी आरोपी लाठी लेकर आया और उनके साथ मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की गई और गले से मंगलसूत्र छीन लिया गया। जिसमें मुन्ना प्रसाद पिता रामईश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद पिता रामईश्वर प्रसाद, रौशन कुमार पिता मुन्ना प्रसाद और मुन्ना प्रसाद की पत्नी सभी लोग लाठी डंडे लेकर आये और आकर मारपीट करने लगे और घर से खींच कर बाहर ले गये और जानलेवा हमला करते हुए बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

# रेड रन 2026 के अंतर्गत ए. एन. कॉलेज में महाविद्यालय स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता का सफल आयोजन





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में आज ए एन कॉलेज, पटना में रेड रन 2026 के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, किशोर स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व के प्रति सकारात्मक संदेश का प्रसार करना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ हुआ। इसके उपरांत रेड रन 2026 के उद्देश्यों, एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों पर एक संक्षिप्त अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें सफल 10 प्रतिभागियों (05 छात्र एवं 05 छात्राएँ) का चयन किया गया, जो आगामी स्तर की प्रतियोगिता में ए एन कॉलेज पटना का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का सफल समन्वयन एवं संचालन रेड रन 2026 की नोडल पदाधिकारी डॉ. अमृता चक्रवर्ती के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाएँगे। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सकारात्मक जीवन मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# 90 किलो का 'सीपर' बना मोहर्रम जुलूस का शौर्य-प्रतीक, मलिकाना मोहल्ले में 20 साल से कायम परंपरा



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम के ताजिया जुलूस में ताजियों के बीच 90 किलो वजन का "सीपर" इस बार भी दर्शकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र बना। कर्बला की शहादत के शौर्य का प्रतीक माने जाने वाले इस सीपर को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। मसौढ़ी के सबसे बड़े मुस्लिम अखाड़े वाला मोहल्ला मलिकाना में सीपर बनाने की परंपरा तकरीबन 20 सालों से चली आ रही है। कई जगहों पर इसे 'सीपल' भी कहा जाता है। उर्दू में सीपर का मतलब ढाल होता है। अर्धचंद्राकार आकृति में बनी इस ढाल पर बहुत सारी तलवारें लगाई जाती हैं, जो इमाम हुसैन की वीरगाथा और शौर्य को दशार्ती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सीपर को बनाने में बहुत खर्च और मेहनत लगती है। यही वजह है कि हर कोई इसे नहीं बनाता। इसे बनाने के लिए हर साल उत्तर प्रदेश से खास कारीगर मसौढ़ी आते हैं। लोहे से तैयार इस 90 किलो वजन की ढाल को जुलूस के दौरान अखाड़े के लोग कंधे पर उठाकर नाचते और घुमाते हैं। बताया जाता है कि कर्बला के मैदान में जब हजरत इमाम हुसैन शहीद हुए थे, तब उनकी बहादुरी और कुबार्नी की याद में सीपर बनाया जाता है। मलिकाना मोहल्ले का सीपर पूरे मसौढ़ी में नायाब माना जाता है। मोहर्रम के दौरान विभिन्न अखाड़ों में सीपर एक अलग पहचान बना चुका है।

# साहित्य के एकांतिक साधक और मनुष्यता के कवि थे डा दीनानाथ शरण : गंगा प्रसाद

## 'रामायण परिपथ बिहार' के लेखक रवि संगम तथा विभारानी श्रीवस्तव को दिया गया स्मृति-सम्मान, डा शशि भूषण सिंह को 'सरस्वती श्री सम्मान'





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्य के एकांतिक साधक और मनुष्यता के कवि थे डा दीनानाथ शरण। उन्होंने नेपाल में हिन्दी के प्रचार में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण कार्य किए। त्रीभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू में 'हिन्दी-विभाग' की स्थापना का सारा श्रेय भी शरण जी को जाता है। वे एक विद्वान समालोचक और लोकप्रिय प्राध्यापक थे। उनकी रचनाओं में, सत्य, न्याय और आदर्श जीवन के सभी तत्त्व हैं। उनकी लेखनी से मानवीय करुणा और समाज की पीड़ा की अभिव्यक्ति हुई है। यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती एवं सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। इस अवसर पर उन्होंने बहुचर्चित पर्यटक डायरी और शोध पुस्तक 'रामायण परिपथ बिहार' के लेखक रवि संगम को 'डा दीनानाथ शरण स्मृति सम्मान' से तथा लेखिका विभारानी श्रीवास्तव को 'विदुषी शैलजा बाला स्मृति सम्मान' से विभूषित किया। सम्मान स्वरूप दोनों हिन्दी-सेवियों को वंदन-वस्त्र और प्रशस्ति-चिन्ह सहित क्रमशः ग्यारह हजार रूपए एवं पाँच हजार एक सौ रूपए की सम्मान-राशि भी प्रदान की गयी। वरिष्ठ लेखक डा शशिभूषण सिंह को ब्रजेंद्र कुमार श्रीवास्तव स्मृति न्यास के सौजन्य से 'सरस्वती श्री सम्मान' से विभूषित किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, शरण जी की ख्याति उनके द्वारा प्रणीत आलोचना-ग्रंथ 'हिन्दी काव्य में छायावाद' से हुई। उन्होंने वे 'नेपाली साहित्य का इतिहास' लेखन तथा नेपाली कृतियों के हिन्दी अनुवाद के लिए भी सम्मान पूर्वक स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने साहित्य की प्रायः सभी विधाओं; कविता, कहानी, संस्मरण, उपन्यास, ललित निबंध, भेंट-वार्ता तथा शोध-निबन्ध में भी अधिकार पूर्वक लिखा। सम्मेलन के साहित्य मंत्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। अनेक देशों में भारतीय दूतावासों में अधिकारी रहे स्वर्गीय शरण के पुत्र शम्भु अमिताभ, पुत्री वंदना वीथिका, पुत्रवधु निशा अमिताभ, डा जंग बहादुर पाण्डेय, प्रेम खन्ना, प्रभात धवन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डा दीनानाथ शरण स्मृति न्यास के सौजन्य से आयोजित इस समारोह में एक भव्य कवि-सम्मेलन भी संपन्न हुआ, जिसमें वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, सुशील साहिल, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, कवयित्री आराधना प्रसाद, डा पूनम आनन्द, मधुरेश नारायण, डा नागेश्वर शर्मा, डा मेहता नगेंद्र सिंह, कुमार अनुपम, मोईन गिरिडिहवी, डा समरेंद्र नारायण आर्य, डा प्रतिभा रानी, समरेंद्र नारायण आर्य, मिथिलेश कुमार सिन्हा, सच्चिदानन्द शर्मा, संजयलाल चौधरी, इन्दुभूषण सहाय, आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से समारोह को मधुमय बनाया। इस अवसर पर कमल नयन श्रीवास्तव, डा राजेंद्र प्रसाद, नागेंद्र तिवारी, अविनाश नारायण लाल, डा कुंदन लोहानी, श्याम पतिराम, राजेश राज, श्याम मनोहर मिश्र आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पांडेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

### कम बजट में दमदार फीचर्स वाले फोन खरीदने का मौका

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज स्मार्टफोन सिर्फ बातचीत का साधन नहीं रह गया है। पढ़ाई, काम, मनोरंजन और रोजमर्रा के कई जरूरी काम अब मोबाइल पर ही निर्भर हैं। ऐसे में ग्राहक ऐसे फोन चाहते हैं, जिनमें अच्छी बैटरी, बेहतर कैमरा और तेज परफॉर्मेंस मिले, लेकिन कीमत जेब पर भारी न पड़े। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा 2 प्रो और नोवा 2 नियो की बिक्री शुरू कर दी है। दोनों स्मार्टफोन 26 जून से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। इन फोन्स को अलग-अलग तरह के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चाहे पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वाले हों या बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश में अपग्रेड करने वाले ग्राहक, दोनों के लिए इसमें विकल्प मौजूद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो उजबेकिस्तानी महिलाएं रक्सौल में पकड़ी गईं

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने दो उज्बेकिस्तानी महिला नागरिकों को हिरासत में लिया है। दोनों महिलाएं भारत से नेपाल जाने के दौरान रक्सौल के कस्टम चौक स्थित मैत्री पुल के समीप एसएसबी की जांच के दौरान पकड़ी गईं। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान मखफूजा देखकोनोवा (32 वर्ष) और मफतुना किलिचेवा (35 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में दोनों के अवैध रूप से भारत में रहने की बात सामने आई है। एसएसबी ने पूछताछ के बाद दोनों विदेशी महिलाओं को अग्रिम कार्रवाई के लिए हरैया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस उनके पास उपलब्ध यात्रा दस्तावेजों, भारत में प्रवेश और ठहरने की वैधता की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मामले की गहन छानबीन जारी है। जांच पूरी होने के बाद विदेशी नागरिकों से संबंधित प्रचलित कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### पांच घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताज़िया जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को चिरैया पावरग्रिड से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति करीब पांच घंटे तक बाधित रहेगी। चिरैया पावरग्रिड के सहायक कनीय अभियंता पवन कुमार ने बताया कि पुलिस प्रशासन के अनुरोध व जुलूस में शामिल लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शनिवार को अपराह्न 2 बजे से शाम 7 बजे तक चिरैया क्षेत्र के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने तथा चिरैया थाना से अनुमति मिलने के बाद बिजली आपूर्ति तत्काल सामान्य कर दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि की बिजली कटौती को ध्यान में रखते हुए पेयजल एवं घरेलू उपयोग के लिए पहले से आवश्यक पानी का भंडारण कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अस्थाई व्यवस्था केवल सुरक्षा कारणों से की जा रही है। इधर थानाध्यक्ष अंबेश कुमार ने लोगों से सहयोग बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा है कि जनसुरक्षा सर्वोपरि है।

### एनकाउंटर मामले के विरोध में एकमा में कैंडल मार्च

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले के विरोध में गुरुवार की शाम एकमा बाजार में विभिन्न समाज के लोगों, छात्र-युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। कैंडल मार्च की शुरूआत हंसराजपुर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री राम बहादुर सिंह के स्मारक स्थल से हुई। इसके बाद मार्च एकमा बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए दुर्गा स्थान, स्टेशन रोड, हंसराजपुर, सोनार पट्टी होते हुए एकमा रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित परिसर पहुंचा। रेलवे स्टेशन परिसर में कैंडल मार्च एक नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी सेनानी एवं पूर्व जिला पार्षद सुदामा तिवारी, भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, नीरज दुबे सहित अन्य वक्ताओं ने भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की। वक्ताओं ने सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया तथा न्याय के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, छात्र-युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

### बेतिया में बीपीसीएल ने शुरू की पीएनजी आपूर्ति

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बिहार के मधुबनी और बेतिया जिलों में वैकल्पिक गैस परिवहन अवसंरचना के माध्यम से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति शुरू कर दी है। इससे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पहुंचने से पहले ही घरों को पीएनजी उपलब्ध हो सकेगी। बीपीसीएल के 'हर घर पहुंचेंगे' मिशन के तहत मधुबनी में रिकॉर्ड समय में पीएनजी अवसंरचना का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से मुख्य पाइपलाइन कनेक्टिविटी पूरी होने की प्रतीक्षा किए बिना प्लग-एंड-प्ले मॉडल के जरिए 3,000 से अधिक घरों को पीएनजी आपूर्ति संभव होगी। पाइपलाइन नेटवर्क चालू होने के बाद यह प्रणाली निर्बाध रूप से पाइपलाइन-आधारित आपूर्ति में परिवर्तित हो जाएगी। बेतिया में बीपीसीएल ने डीआरएस और एलसीवी कैस्केड-आधारित आपूर्ति मॉडल के जरिए पीएनजी की आपूर्ति शुरू की है। कंपनी ने कमीशनिंग के पहले ही दिन 35 घरों को जोड़ा तथा आने वाले सप्ताहों में 1,000 से अधिक घरों तक पीएनजी पहुंचाने की योजना बनाई है। बीपीसीएल के अनुसार, यह पहल स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक ऊर्जा को अधिक से अधिक घरों तक शीघ्र पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी की नवाचारपूर्ण कार्यान्वयन रणनीति उन क्षेत्रों में भी पीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, जहां पाइपलाइन कमीशनिंग में अधिक समय लग सकता है।

### आज माकपा राज्य सचिव ललन चौधरी मोतिहारी में

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी पूर्वी चंपारण जिला कमिटी के द्वारा आयोजित दो दिवसीय बैठक मे जिला कार्यालय मोतिहारी मे आ रहे है।पार्टी जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने प्रेस व्यान जारी कर के बताया कि सरकार के जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध रणनीति तैयार करने ,अन्य राजनीतिक एवं कार्यनीतिक तथा सांगठनिक विषयों पर विमर्श कर अगे का कार्यक्रम तैयार करने के उद्देश्य से जिला कमिटी का दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें सभी जिला कमिटी सदस्य भाग लेंगे।उक्त अवसर पर राज्य सचिव के अतिरिक्त राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड शशिकांत राय भी मौजूद रहेंगे।



### रेलखंड पर कई ट्रेनों का परिचालन विलंब से

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर रेलखंड पर शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनें निर्धारित समय से विलंब से परिचालित हुईं। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर दानापुर इंटरसिटी,डाउन विक्रमशिला,हावड़ा जमालपुर, पटना दुमका,लोकमान्य तिलक,दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन विलंब से परिचालन हुआ।

### बरामद शव की पहचान जहानाबाद निवासी के रूप में

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के सकरपुर गांव में सती स्थान मंदिर के बगल खंधा में बीते गुरुवार शाम बरामद अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के माई निवासी नंद मिश्रा, पिता गोवर्धन मिश्रा के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने गुरुवार शाम मंदिर के पास खंदा में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची धनरुआ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के द्वारा अभी तक थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। शव की पहचान के बाद परिजनों से संपर्क किया गया है। प्रारंभिक तौर पर हत्या की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।पुलिस ने मामले में हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### बारा पैक्स चुनाव पर ब्रेकः 2 नामांकन रद्द पर प्राधिकार सख्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स का चुनाव नामांकन रद्द करने के विवाद में फंस गया। प्राधिकार ने अधिसूचना संख्या 681/18.03.2026 के तहत हो रहे चुनाव को तत्काल स्थगित कर दिया है। साथ ही इउ्ढ मसौढ़ी को निवार्ची पदाधिकारी के पद से हटाकर अंचलाधिकारी को नई जिम्मेदारी दी है। अब नामांकन के स्तर से नया चुनाव कार्यक्रम जारी होगा। दरअसल.नगौली के कौशल कुमार और खरौना के नंदु प्रसाद यादव का नामांकन 08.04.2026 को इउ्ढ-सह-निवार्ची पदाधिकारी ने रद्द कर दिया था। दोनों का दावा है कि वे पैक्स के पूर्ण सदस्य हैं। कौशल के पास 2010 की ₹11 रसीद और 2014-2026 की मतदाता सूची में क्रमांक 764 पर नाम है।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले छह शातिर चोर गिरफ्तार

## छह मोबाइल, नकदी व जेवरात बरामद

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रेनों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ सीआईबी जमालपुर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी के छह मोबाइल फोन, चांदी के जेवरात, 17,950 रुपये नकद, एक कलाई घड़ी तथा चोरी में प्रयुक्त कई उपकरण बरामद किए गए हैं।आरपीएफ सुजीत कुमार यादव एवं सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा बताया कि 25 जून को ट्रेन संख्या 13236 डाउन में अभियान के दौरान छह संदिग्धों को पकड़ा गया।



गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बमबम कुमार, रंजीत कुमार, धीरज कुमार, सुमन कुमार, प्रिंस कुमार (सभी बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी) तथा कृष्ण कुमार (कासिमबाजार थाना क्षेत्र निवासी) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनके पास से छह मोबाइल फोन, चांदी के जेवरात, 17,950 रुपये नकद, एक कलाई घड़ी, फेविक्विक, पेचकस, मास्टर चाबी, वेसलिन सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ में बरामद उपकरणों का उपयोग चोरी की घटनाओं में किए जाने की आशंका जताई जा रही है।गिरफ्तार सभी आरोपितों को आरपीएफ, सीआईबी जमालपुर की टीम ने रेल थाना जमालपुर को सुपुर्द कर दिया। मामले में रेल थाना द्वारा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस बरामद मोबाइल और अन्य सामान के वास्तविक मालिकों की पहचान करने के साथ-साथ आरोपितों के आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की भी जांच कर रही है।

# आमने-सामने की टक्कर में राहगीर की मौत

## दो वाहन छोड़ चालक व सवार फरार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान एनएच-531 पर आमडाढ़ी गांव स्थित राम जानकी सह हनुमान मंदिर के समीप गुरुवार की देर रात को दो चारपहिया वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में एक अधेड़ राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक एवं सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। मृतक की पहचान मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी मुंद्रिका बीन के 59 वर्षीय पुत्र सर्वजीत बीन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह आमडाढ़ी स्थित एक पोखरे में मछली मारने आए थे। देर शाम के समय सड़क पार करने के दौरान सीवान की ओर से आ रही बोलेरो और छपरा की ओर जा रही कार की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज कर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों वाहनों के चालक व अन्य सवार वाहन छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने बोलेरो और कार को जब्त कर एकमा थाना परिसर में लाया। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक एनएच-531 पर यातायात बाधित रहा, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से सामान्य कराया गया। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है तथा फरार चालकों की पहचान का प्रयास जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# चिरांद में मुख्यमंत्री के 29 जून के आगमन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

## चिरांद चेतना महोत्सव एवं गंगा महाआरती में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के चिरांद में आगामी 29 जून को आयोजित होने वाले चिरांद चेतना महोत्सव एवं भव्य गंगा महाआरती कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर जिलाधिकारी वैभव कुमार ने शनिवार को चिरांद स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पार्किंग, वीआईपी आगमन, मंच व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। गौरतलब है कि चिरांद विकास परिषद एवं गंगा समग्र उत्तर बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला चिरांद चेतना महोत्सव एवं गंगा महाआरती इस वर्ष अपने आयोजन के 19वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अंचलाधिकारी आंचल कुमारी,डोरीगंज थानाध्यक्ष राजशेखर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शाहबाजपुर से 8-10 किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहबाजपुर गांव से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर निवासी रोशन कुमार, पिता राजकेश्वर दास के घर से पुलिस ने छापेमारी कर 8 से 10 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना मिलने के बाद टीम ने रोशन कुमार के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान घर से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का वजन करीब 8-10 किलोग्राम आंका गया है। पुलिस ने आरोपी रोशन कुमार को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ ठउ्ढर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।थानाध्यक्ष ने बताया कि नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# नशा निरोधक दिवस पर जमालपुर में निकली जागरूकता प्रभात फेरी

## मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-09 जमालपुर की ओर से नशामुक्त समाज का संदेश देने के लिए जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और नशे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाने की अपील की गई।प्रभात फेरी की शुरूआत बीएमपी-09 परिसर से हुई। इसके बाद यह दौलतपुर कॉलोनी, जमालपुर-मुंगेर रोड, जुबली कुआं,जमालपुर स्टेशन परिसर, कारखाना मार्ग,ईस्ट कॉलोनी थाना होते हुए पुनः वाहिनी परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में पुलिसकर्मियों ने नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया और समाज से नशे की बुराइयों को खत्म करने का संदेश दिया। समादेष्टा विद्यासागर, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार यादव सहित वाहिनी के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोगों से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील की।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से नशे के प्रलोभन से बचने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।




# आंदोलन में बीती जवानी, इमरजेंसी की याद आज भी करती है बेचैन

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश में आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूरे होने के साथ ही उस दौर की यादें एक बार फिर ताजा हो उठी हैं। जमालपुर के नयागांव सिकंदरपुर निवासी व जेपी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे दीपक कुमार सिन्हा आज भी उस दौर को याद कर भावुक हो जाते हैं। उनका कहना है कि इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया था, लेकिन आंदोलनकारियों ने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा। दीपक कुमार सिन्हा बताते हैं कि वर्ष 1975 में उनकी उम्र महज 21 वर्ष थी। उस समय वे डीजे कालेज, मुंगेर के छात्र थे और छात्र राजनीति के माध्यम से जेपी आंदोलन से जुड़े हुए थे। वे आंदोलन के दौरान बरियारपुर, जमालपुर और धरहरा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी का विरोध करने के कारण उन पर सीआईडी की नजर रखी जा रही थी। अक्टूबर 1975 में जमालपुर प्रखंड क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया, जहां वे करीब ढाई महीने तक बंद रहे।दीपक सिन्हा ने आगे बताया कि आंदोलन के दौरान उन्हें मुंगेर और भागलपुर जेल में भी रखा गया था। जेल की यातनाओं और उस समय के हालात को याद करते हुए वे कहते हैं कि आज भी इमरजेंसी की याद आते ही मन में आक्रोश और बेचैनी पैदा होने लगती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हजारों युवाओं ने अपनी पढ़ाई, करियर और भविष्य की चिंता छोड़कर आंदोलन में भाग लिया था। उन्होंने भी अपनी युवावस्था का महत्वपूर्ण समय जेपी आंदोलन को समर्पित कर दिया।दीपक सिन्हा ने बताया कि जेल से रिहा होने के बाद वे जनता पार्टी से जुड़ गए और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी आंदोलन के सेनानियों के योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें जेपी सेनानी पेंशन योजना का लाभ दिया, जिससे आंदोलनकारियों को सम्मान मिला। दीपक कहते हैं कि इमरजेंसी का दौर देश के इतिहास का ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। नई पीढ़ी को भी उस दौर के संघर्ष और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए बलिदान की जानकारी होनी चाहिए।

### मोकामा भूमि विवाद हत्याकांड में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के साहेबगपुर गांव में 4 कट्ठा जमीन के विवाद में हुई मां-बेटे की दोहरी हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस हत्याकांड के प्राथमिक अभियुक्त दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, साहेबगपुर में भूमि विवाद को लेकर विजय यादव ने अपने स्वजनों के साथ मिलकर अपनी भाभी और भतीजे की हत्या कर दी थी। इस मामले में विजय यादव का दामाद, पीरी बाजार निवासी दीपक कुमार भी नामजद प्राथमिक अभियुक्त था, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था।मोकामा थानाध्यक्ष के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पीरी बाजार में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान फरार चल रहे आरोपी दीपक कुमार को हिरासत में लिया गया।

# मोहर्रम के ताजिया निर्माण स्थल पर बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

## लाठी-डंडे से सात घायल, बेहतर उपचार के लिए तीन सदर अस्पताल रेफर





**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा पुलिस अंचल के दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में मोहर्रम के ताजिया निर्माण स्थल के समीप दो बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। गांव में ताजिया का निर्माण किया जा रहा था, जिसके लिए जनरेटर चलाकर प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान दो बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के परिजन भी विवाद में शामिल हो गए और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों एवं अन्य हथियारों से हमला कर दूसरे पक्ष के सात लोगों को घायल कर दिया। घायलों में जैतपुर गांव निवासी खुर्शीद आलम (40), अफरोज अली (20), रिजवान अली (22), सकीना खातून (50), सायरा खातून (70), मुन्नी खातून (45) तथा मेंहदी हसन (40) शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को परिजनों द्वारा एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार प्रसाद ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध दाउदपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकला गया ताजिया जुलूस : थाना अध्यक्ष रंजन कुमार

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में चारों ओर मुहर्रम पर्व को लेकर खगौल अंतर्गत बाग दिल बड़ी खगौल दिल कमिटी से निकाला गया ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया जिसमें हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से अखाड़ा का प्रयोग किया अखाड़ा का आयोजन किया बाग दिल बड़ी खगौल के अध्यक्ष मोहम्मद शैफ ने बताया कि हर साल की भांति इस साल शांतिपूर्ण तरीके से ताजिया जुलूस का आयोजन किया गया हिंदू मुस्लिम सभी धर्म के लोग ने मिलकर ताजिया देखने को बेताब थे। वहीं दूसरी तरफ जमालुद्दीन चक सोनारपट्टी खगौल से ताजिया जुलूस का प्रदर्शन किया गया ।इस दौरान दोनों समुदाय के लोग अपनी अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया का नमूना पेश किया इस ताजिया में मौजूद रहे। वही खगौल थाना के थानाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। और चारों ओर ताजिया को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। जिसका नेतृत्व खगौल थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने किया । वहीं दूसरी ओर अपर थानाध्यक्ष विकाश कुमार सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, सिद्धार्थ कुमार, अरविंद कुमार महतो, पीटीसी अरुण कुमार सिंह ने मोती चौक चौक में अपना मोर्चा संभाल रखे थे। ताजिया जुलूस में मौजूद लोग मोहम्मद सलमान मोहम्मद मनुआर, मोहम्मद निसार, मोहम्मद मोनू, मोहम्मद असलम, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद वकील, मोहम्मद बिट्टू, मौजूद थे।



### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, 2 ट्रैक्टर बालू जब्त

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के शिवनगर कसहा दियारा और विजयगढ़ में शुक्रवार को पुलिस ने शराब तस्करी और अवैध बालू खनन के खिलाफ एक साथ छापेमारी की। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने जानकारी दी कि शिवनगर कसहा दियारा में की गई छापेमारी में हरेराम सिंह निषाद को मौके से गिरफ्तार किया गया।

# महाराणा प्रताप के जयंती पखवारा समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराणा प्रताप जन्म जयंती पखवारा समारोह का भव्य आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित किया गया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पखवारा समारोह के सफल आयोजन को लेकर आगामी 28 जून 2026 (रविवार) को महात्मा गांधी सभागार, कचहरी रोड, राजा बाजार, मोतिहारी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में महाराणा प्रताप के अद्वितीय शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान पर आधारित विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, युवा एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में शंकर सिंह बघेल जी पूर्व मंत्री गुजरात महेंद्र सिंह तंवर जी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा दयाशंकर सिंह जी मंत्री परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन सरयू राय जी विधायक एवं पूर्व मंत्री झारखंड श्री केपीएस राणा जी पूर्व स्पीकर पंजाब श्री अवधेश नारायण सिंह जी विधानस भापति बिहार सरकार राजीव प्रताप रूडी सांसद, संजय सिंह जी मंत्री बिहार सरकार पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह, बीवी डॉ दिलीप जायसवाल मंत्री बिहार सरकार आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। समिति का कहना है कि यह आयोजन महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में पूर्वी चंपारण जिला के सभी विधायक विधान परिषद के सदस्य तथा सभी पूर्व विधायक को आमंत्रित किया गया है।



# धान के बिचड़े तैयार, आद्रा में बारिश का इंतजारः 2300 हेक्टेयर का लक्ष्य

## बीज-खाद-विजली की किल्लत बनी चुनौती

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड की 6 पंचायतों के 33 राजस्व गांवों में धान रोपनी की तैयारी पूरी है। हाइब्रिड नस्ल के बिचड़े तैयार हैं। छिटपुट बारिश से खेतों में नमी आई है, जिससे बिचड़े अच्छी हालत में हैं। मगर रोपनी के लिए किसान आद्रा नक्षत्र में तेज बारिश का इंतजार कर रहे हैं। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लखमीचंद ने बताया, प्रखंड में 2300 हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य है। करीब 300 हेक्टेयर में किसानों ने परंपरागत सीधी बुआई कर ली है। **किसानों का दर्द :** प्रगतिशील किसान संघ के हसनपुर के रामनाथ सिंह, पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, सरथुआ के रामप्रवेश प्रसाद, नागेंद्र पटेल, संतीश कुमार, बबन सिंह, तोप के रणधीर कुमार व इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि हर खेत तक बिजली चालित मोटर से पटवन की सुविधा नहीं है। बारिश की कमी, अच्छे उर्वरक का अभाव और सरकारी लाभ का वक्त पर नहीं मिलना सबसे बड़ी चुनौती है। डीजल पंप से पटवन बेहद महंगा पड़ रहा है। **दोहरा संकटः** घटते भूजलस्तर और आहर-पइन सूखने से सिंचाई का संकट गहरा है। 85% किसान मानसून पर निर्भर हैं। वहीं प्रखंड कृषि कार्यालय में धान बीज, जैविक खाद व यूरिया का वितरण अबतक सुनिश्चित नहीं हो सका है। **राहत की खबरः** हाल की छिटपुट बारिश से मक्का, मूंग, सब्जी व आम की फसल फिलहाल ठीक हालत में है। किसानों को उम्मीद है कि तेज बारिश हुई तो धान रोपनी समय पर हो जाएगी। **बीएओ का जवाबः** बीज-यूरिया की डिमांड भेजी गई है। 2-3 दिन में खेप पहुंच जाएगी। बिजली कनेक्शन के लिए ऊर्जा विभाग से समन्वय किया जा रहा है। **फिलहालः** बिचड़ा और किसान तैयार, लक्ष्य तय- बस इंतजार है तो तेज बारिश, बिजली-पानी और समय पर सरकारी मदद का। अगर आद्रा में बादल नहीं बरसे तो दनियावां का 2300 हेक्टेयर का लक्ष्य खतरे में पड़ सकता है।



CMYK

# मुहर्रम पर इंसानियत की मिसाल: लक्ष्मी पूजा समिति ने पिलाया शीतल जल, बांटे लड्डू




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना के समीप पीएनबी बैंक के सामने मुहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को श्री लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा राहगीरों, ताजियादारों और आम लोगों के लिए शीतल पेयजल एवं लड्डू वितरण का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य ने सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारे और मानवता का प्रेरणादायक संदेश दिया। समिति के अध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव का वातावरण मजबूत करें।युवा समाजसेवी सुजीत कुमार गुप्ता ने कहा, "हम हिंदू धर्म से जुड़े होने के बावजूद सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करते हैं। मुहर्रम के अवसर पर मानवता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए पानी और मिठाइयों के वितरण की व्यवस्था की गई। हमारा उद्देश्य लोगों की सेवा करना और आपसी प्रेम, सम्मान तथा एकता का संदेश देना है। धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है।" कार्यक्रम में मों ग्यास साहब, रंजीत सिंह, गोपाल यादव, मंटू प्रजापति, अभिषेक गुप्ता, दानिश आलम, अंकुश कुमार, टन्नू आलम, प्रभात यादव, जगन, विकास सिंह, मुन्ना बाबा, विकास मालाकार, गोरा मांझी, रौशन, सोनू पाठक, दीपक यादव, रोहित टेंट, चंदन, नीतीश, पिंटू, चंदन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। उन्होंने संदेश दिया कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में मारपीट, चाकू मारकर किया घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के काजीचक गांव में 22 जून की रात्रि मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक व्यक्ति चाकूबाजी में घायल हो गया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पहले पक्ष के काजीचक नहर के समीप निवासी मणउल्लाह ने आवेदन में आरोप लगाया है कि मोहर्रम जुलूस के दौरान वह मस्जिद के पास से स्कूल के पीछे लघुशंका के लिए गए थे। इसी दौरान पूर्व से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और चाकू व लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में सात बार चाकु से हमला किया गया है। उन्होंने मोहम्मद सोहेल, जफर आलम, मोहम्मद सादिक के पुत्र मोहम्मद आदिल, मोहम्मद तनु, मोहम्मद पांचु, मोहम्मद छठु, मोहम्मद अनस, फरहान, कैला, मोहम्मद रेयाज के पुत्र मोहम्मद आदिल तथा मोहम्मद शरफान समेत 11 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।

# उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल, 39 डिग्री तापमान ने बढ़ाई परेशानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर उमस भरी गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तीखी धूप और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दोपहर के समय घर से बाहर निकलना लोगों के लिए चुनौती बन गया। सुबह नौ बजे के बाद ही तेज धूप और उमस के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई। दोपहर में शहर की प्रमुख सड़कें लगभग सुनसान नजर आईं। गर्म हवाओं और उमस के चलते कूलर और पंखे भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। थोड़ी दूर पैदल चलने पर ही लोग पसीने से तरबतर हो जा रहे हैं, जिससे बार-बार पानी, जूस और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेना पड़ रहा है। भीषण गर्मी का असर स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और दैनिक मजदूरों पर सबसे अधिक देखा जा रहा है। चिकित्सकों ने भी लोगों को गर्मी और लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। सदर अस्पताल की चिकित्सक डॉ. देवाश्री सिंह ने बताया कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पीना, समय-समय पर चेहरे पर पानी के छींटे मारना तथा धूप में निकलने से बचना आवश्यक है। यदि जरूरी काम से बाहर निकलना पड़े तो सिर और चेहरे को अच्छी तरह ढंककर ही निकलें। उन्होंने बताया कि शरीर अत्यधिक गर्म हो जाए और कान ठंडे महसूस हों तो यह लू लगने का संकेत हो सकता है। ऐसे में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पीना, नारियल पानी, ताजे फलों का रस, खीरा और तरबूज जैसे पानी से भरपूर फलों का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। साथ ही दोपहर के समय अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचना चाहिए, ताकि लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से सुरक्षित रहा जा सके।

# शांतिपूर्ण माहौल में निकला मुहर्रम का ताजिया जुलूस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, अनुशासन और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। विभिन्न अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सत्य, न्याय और बलिदान के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मुहर्रम को लेकर पूरे प्रखंड में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। औरंगाबाद डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एसएसबी के जवानों तथा स्थानीय पुलिस बल ने संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी, अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी एवं बीपीआरओ मनोज कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी हसपुरा मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप कैंप कर विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रहे। प्रखंड में कुल 32 स्थानों पर ताजिया स्थापित किए गए थे, जबकि अमझर शरीफ में 39 अखाड़ों के ताजियों का मिलान कर कर्बला में दफन किया गया। इनमें हसपुरा के अलावा दाऊदनगर और अरवल जिले के विभिन्न अखाड़ों के ताजिए भी शामिल थे। पीरु, गहना, हसपुरा, तेतरही, परनपुरा, हलीमचक, सलेमपुर, इटवां, खुटहन, चहूंटा, बड़ोखर और नरसन सहित अन्य स्थानों पर ताजिया चौकों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सभी प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताजिया जुलूस के दौरान समाजसेवियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की गई। वहीं शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता पूरे समय शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय रहे। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, पूर्व मुखिया विजय अकेला, पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, राकेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद, अनिल आर्य, पिंटू चौधरी, डॉ. अता रिजवी, मो. शमीम अहमद, हसन इमाम, सद्दाम हुसैन सहित शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# चांदपुर-केताकी मार्ग बदहाल, बारिश में राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** चांदपुर से केताकी मोड़ तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। दिन हो या रात, पैदल, साइकिल अथवा दोपहिया वाहन से सफर करना जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जलजमाव के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बाइक या टेंपो से गुजरने के दौरान यदि सामने से कोई चारपहिया वाहन निकल जाए तो गड्ढों का गंदा पानी राहगीरों और वाहन सवारों पर उछल जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सड़क देव से कंचनपुर को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग से गोपालपुर मोड़ होते हुए केताकी तक दूसरी सड़क भी जाती है। वर्तमान में दोनों मार्गों की स्थिति जर्जर है, जबकि चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक का हिस्सा सबसे अधिक बदहाल है। बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव होने से कई स्थानों पर झील जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन और भी कठिन हो जाता है। यह मार्ग केताकी, कंचनपुर सहित आसपास के कई गांवों की जीवनरेखा है। ग्रामीण इसी सड़क के माध्यम से प्रखंड एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचते हैं। आपात स्थिति में मरीजों को देव अस्पताल ले जाने के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। सटवट गांव निवासी बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि सड़क का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में गांव में आयोजित यज्ञ के दौरान ग्रामीणों ने अपने स्तर पर कुछ गड्ढों में मिट्टी और अन्य सामग्री भरकर आवागमन सुचारु रखने का प्रयास किया था, लेकिन यह केवल अस्थायी उपाय है।

# शांतिपूर्ण ढंग से निकला मोहर्रम का जुलूस, सभी उस्तादों ने अपने अपने अखाड़े का किया नेतृत्व



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़े के खलीफाओं के नेतृत्व में निकला गया। मोहल्ला महाराजगंज मो सैफ, मो शाहनवाज, मोहल्ला राजा बागीचा से वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद ख़ां, महावीरगंज मो एहसान, खैरा मो जावेद खान, किया खाप मरगुबुल हसन, सहित विभिन्न मोहल्लों का जुलूस थाना में पहुंचा। सभी अखाड़े के लोगों ने अपने अपने अंदाज में खेल का कर्तव्य दिखाया। ग्रामीण क्षेत्रों में काजीचक, अमरपुरा, सोनबरसा, नीमा वाजिद, दरमियां, मखदुमपुर, औरवां, चरकावा, चन्द्रहटा, सिहुली दरगाह, चौबड़ा, मौलागंज, बहादुरपुर, भादवा बाजार, गौसपुर , सैलोपुर, गेवाल बिगहा, मंझखड़, केराप, हाजीपुर, इमादपुर, तेंदुआ, हाजीपुर गोला, रुकुमचक समेत विभिन्न गांव के ख़लीफ़ाओं ने अपने अपने अखाड़े का नृतत्व किया। इस मौके पर एसडीपीओ 2 आदित्या कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी अनुराग कुमार, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सीओ भारतेंदु कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा,अपर थानाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, एसआई, मिथिलेश कुमार, ध्रुव कुमार, पप्पू कुमार, उमेश कुमार, मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष नुरूल होदा खां, तजम्मुल खां, लक्खू खां, मो सईद अनवर,माहिद खान,फहद शाही, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष रणविजय यादव, मो सुहैल आरज़ू, हाजी मो इक़बाल हुसैन फिरदौसी, सुनील कुमार वर्मा, सुबोध सिंह, जिला परिषद प्रदीप चौरसिया, विकाश कुमार पासवान, डॉ मो जावेद, शम्मू खां, शहज़ादा शाही, रविन्द्र कुमार सिंह, रोहन कुमार, रोहित कुमार, मो इमरान खां, मो मंसूर खां, सुधीर चन्द्रवंशी, मो दस्तगीर, शम्स तबरेज आल म, आमिर सुहैल, मो सरफराज आलम, पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार,, अब्दुल्ला सिद्दीकी, खाजा अतीक रजा, पूर्व मुखिया नेशात अहमद, मो मुन्ना, हस्सान सिद्दीकी, इरफान आलम, प्रवेज आलम, मो जावेद, संजय सैनिक, मो शकील अजहर, इश्तियाक फरहान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ओरडीह टोले में नहीं मिल रहा नल-जल योजना का लाभ, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड की चेई नवादा पंचायत के ओरडीह टोले में आज भी ग्रामीण सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना के लाभ से वंचित हैं। करीब एक हजार की आबादी वाले इस टोले में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की सात निश्चय योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य अभी तक इस गांव में धरातल पर नहीं उतर सका है। नतीजतन लोगों को वैकल्पिक साधनों से पानी की व्यवस्था कर अपनी जरूरत पूरी करनी पड़ रही है। गर्मी और बरसात दोनों मौसम में पेयजल संकट ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की कुछ गलियों में पेवर ब्लॉक और नाली का निर्माण कराया गया है, लेकिन नल-जल योजना अब तक शुरू नहीं हो सकी है। साथ ही कई स्थानों पर गली एवं नाली का निर्माण भी अधूरा है, जिससे आवागमन और जलनिकासी की समस्या बनी रहती है। ग्रामीण फुलकुमारी देवी ने बताया कि यदि गांव के देवी स्थान पर एक चापाकल लगा दिया जाए तो तत्काल पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिल सकती है। उन्होंने मांग की कि गांव में शीघ्र जलमीनार (वाटर टावर) का निर्माण कर हर घर तक नल के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को वर्षभर पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से गांव का सर्वेक्षण कर नल-जल योजना को जल्द शुरू कराने, अधूरी गली-नाली का निर्माण पूरा कराने तथा विशेष शिविर लगाकर विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है।

## खनन विभाग की कार्रवाई से बचने के प्रयास में बालू लदा ट्रैक्टर पलटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरियक।** पावापुरी थाना क्षेत्र के बकरा गांव में गुरुवार रात करीब नौ बजे खनन विभाग की कार्रवाई से बचने के प्रयास में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पलट गया। बताया जाता है कि खनन विभाग की टीम ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए पीछा कर रही थी। पकड़े जाने के डर से चालक एनएच-20 छोड़कर गांव की पुरानी सड़क से तेज रफ्तार में भागने लगा। उसी समय गांव में मुहर्रम का जुलूस निकल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे। तेज गति से आते ट्रैक्टर को देख जुलूस में अफरातफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ दूर आगे चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बालू लदा डाला गड्ढे में पलट गया। हालांकि चालक इंजन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर के डाले को कब्जे में लेकर चालक व मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

# जुलाई से फिर शुरू होगी राजगृह गंगाजल योजना की लिफ्टिंग, सालभर की जलापूर्ति की तैयारी

## हाथीदह में गंगा का जलस्तर 36 पहुंचते ही शुरू होगी पानी की लिफ्टिंग, राजगीर व नवादा को मिल रहा शुद्ध पेयजल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगृह गंगाजल योजना के तहत जुलाई माह से गंगा जल की लिफ्टिंग की तैयारी शुरू हो गई है। सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ ने मॉनसून के दौरान गंगा का पानी संग्रहित करने की तकनीकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। योजना के तहत हथीदह से गंगा का पानी लिफ्ट कर शुद्धिकरण के बाद राजगीर, गया, बोधगया और नवादा सहित विभिन्न शहरों में पूरे वर्ष पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, गंगा जल की लिफ्टिंग चार जुलाई से अक्टूबर तक की जाती है। इसके बाद धोड़ाकटोरा जलाशय में संग्रहित पानी से अगले आठ महीनों तक जलापूर्ति होती है। वर्तमान में हथीदह में गंगा का जलस्तर 35 है, जबकि 36 पर पहुंचते ही लिफ्टिंग शुरू कर दी जाएगी। उम्मीद है कि एक जुलाई तक जलस्तर निर्धारित स्तर पार कर जाएगा। फिलहाल जलाशय में लगभग 25 दिनों का पानी सुरक्षित है। योजना के तहत वर्तमान में राजगीर शहर को प्रतिदिन 14 एमएलडी तथा नवादा के शहरी क्षेत्र को 10 एमएलडी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। हथीदह से धोड़ाकटोरा जलाशय तक 83 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाता है, जिसके लिए 16,728 पाइप बिछाए गए हैं। इसके बाद मोतनाजे स्थित डिटेंशन टैंक एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जल शोधन कर आपूर्ति की जाती है। राजगृह गंगाजल परियोजना को वर्ष 2023 में भारत सरकार के सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर का राष्ट्रीय पुरस्कार तथा वर्ष 2022 में बिहार सरकार का सम्मान मिल चुका है। मुख्यमंत्री द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन 27 नवंबर 2022 को किया गया था।

# शादी समारोह में चली गोली, एक जखमी

## हत्या की नीयत से फायरिंग का आरोप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के शिव शंकरपुर गांव में गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान गोली चलने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची तेल्हाड़ा एवं चिकसौरा थाना पुलिस ने घायल को अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया।घायल के परिजनों ने बाद में उन्हें बिहारशरीफ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन शुक्रवार को उनकी हालत और गंभीर होने पर पुलिस के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया।घायल की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के पार बिगहा गांव निवासी महावीर पासवान के 50 वर्षीय पुत्र सूरत पासवान के रूप में हुई है। उन्हें पेट में गोली लगी है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हिलसा के टू डीएसपी कुमार ऋषिराज ने बताया कि शादी समारोह के दौरान गोली चलने की घटना हुई है। इस मामले में घायल की पुत्री के बयान पर तेल्हाड़ा थाना में कई लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें हत्या करने की नीयत से गोली मारने का आरोप लगाया गया है।

# जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन ने मनाया काला दिवस

## आपातकाल के विरोध में नारेबाजी कर लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन ने आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ को काला दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान जेपी सेनानियों ने प्रजातंत्र चौक स्थित जयप्रकाश नारायण के स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर आपातकाल के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद शहर के फल गली स्थित आरएसएस कार्यालय में संगठन के जिलाध्यक्ष जयनारायण प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वक्ताओं ने संपूर्ण क्रांति आंदोलन एवं आपातकाल के विरोध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जेपी सेनानियों ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार बताते हुए कहा कि उस दौर के संघर्ष और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की जरूरत है, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जागरूकता बनी रहे। प्रवक्ता आदित्य विशाल ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन सरकार के द्वारा लगाए गए आपातकाल ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर आघात पहुंचाया था। उस वक्त लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों व लोकतंत्र समर्थकों ने तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफ संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के उस दौर को याद करना इसलिए आवश्यक है, ताकि नई पीढ़ी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुए संघर्षों से प्रेरणा ले सके। मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष जयनारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, अर्जुन सिंह, महामंत्री अमरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद, प्रवक्ता आदित्य विशाल, कुलदीप प्रसाद, अनुज प्रसाद एवं ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य जेपी सेनानी उपस्थित रहे।

# ओबरा में किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती मनाई गई 76वीं पुण्यतिथि

## किसानों के अधिकार, सामाजिक न्याय और शोषण के खिलाफ उनके संघर्ष को किया याद




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित डा. श्रीकृष्ण सिह स्मृति भवन में श्रीकृष्ण सिह स्मृति मंच के तत्वावधान में किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 76वीं पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती ने किसानों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और शोषण के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने किसानों को संगठित कर उनके हक की लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। उनका जीवन आज भी समाज और विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने उनके विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण सिह स्मृति मंच के अध्यक्ष विवेश पांडेय ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती का संघर्ष किसानों के आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए समर्पित था। वहीं मंच के उपाध्यक्ष संजय कुमार ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। भोजपुरी अकादमी, के पूर्व अध्यक्ष डा. चंद्रभूषण राय, पूर्व अध्यक्ष ने स्वामी सहजानंद के सामाजिक एवं ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच के सचिव कृष्णकांत शर्मा, अरविद शर्मा, सहजानंद कुमार डिकू, पुष्कर अग्रवाल, अभिषेक पांडेय, रविन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा, बब्लू शर्मा, रवि कुमार, गिरीश कुमार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फाइटर जेट की झांकी ने जगाया देशभक्ति का भाव

## मुहर्रम : कर्बला की मातमी प्रस्तुति ने किया भावुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** मुहर्रम के अवसर पर बरही नगर और आसपास के क्षेत्रों में निकले जुलूस एवं झांकियां भव्यता, अनुशासन और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बन गईं। गुरुवार रात्रि नवमी और शुक्रवार को दशमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों एवं मुहर्रम समितियों द्वारा निकाले गए जुलूसों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सन्नी और टाइगर जैसे विशाल डीजे की गूंजती धुनों के बीच निकली झांकियों से पूरा बरही देर रात तक गुंजायमान रहा।




कोनरा पंचायत के दरगाह, आजाद और बीच मोहल्ला सहित विभिन्न क्षेत्रों की झांकियां तथा मल्लाह टोली की ताजिया आकर्षण का केंद्र रहीं। युवाओं ने तलवारबाजी, लाठी खेल और अन्य पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया। कई स्थानों पर आग के साथ किए गए साहसिक खेलों ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। झांकियों में शामिल फाइटर जेट की प्रतिकृति ने लोगों में देशभक्ति का भाव जगाया, जबकि आजाद मोहल्ला से बिना डीजे के निकली घोड़े वाली झांकी और कर्बला के मातमी दृश्य ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत और बलिदान की याद ताजा कर लोगों को भावुक कर दिया। सभी अखाड़ों के पदाधिकारी और स्वयंसेवक अनुशासित ढंग से जुलूसों का संचालन करते हुए बरही चौक पहुंचे, जहां प्रशासनिक शिविर स्थापित किया गया था। अनुमंडल पदाधिकारी जोहान टुडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी, सुरक्षा बल और स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मुस्तैद रही।

जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों, शांति समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने भी सार्थक भूमिका निभाई। सभी के सहयोग और प्रशासन की सतर्कता से मुहर्रम के कार्यक्रम पूरी गरिमा, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न हुए।

# सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले भर में मुहर्रम का पर्व शुक्रवार को पूरी श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से ताजिया जुलूस निकाले गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। अखाड़ों द्वारा हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्व के दौरान जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे तथा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुहर्रम के अवसर पर सभी समुदायों के लोगों ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति का परिचय दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने भी लोगों से शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों तथा पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों एवं जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे जिले में मुहर्रम का पर्व सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बनकर संपन्न हुआ।




# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर तैयारियां पूरी

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में 28 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 4,91,038 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों के लिए जिले में 2,337 पोलियो बूथ, 45 ट्रांजिट टीम, 9 मोबाइल टीम, 453 सुपरवाइजर तथा 210 सब-डिपो बनाए गए हैं। अभियान के लिए जिले को 6,21,180 डोज बीओपीवी (बीओपीवी) वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। अभियान की तैयारियों की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. बच्चा सिंह एवं डॉ. आर. पी. दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दीं। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर जीवनरक्षक पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि गिरिडीह को पोलियो मुक्त बनाए रखने के राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाया जा सके।

# गिरिडीह के सिकदारडीह करबला में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

## मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने की अमन-चैन की दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुहर्रम की 10वीं तारीख पर गिरिडीह के सिकदारडीह करबला में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मातमी रस्मों और इबादत के बीच पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब का सुंदर नज़ारा देखने को मिला। इस अवसर पर राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, महापौर प्रमिला मेहरा, उपमहापौर सुमित कुमार, सिकदारडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महताब मिर्ज़ा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग करबला पहुंचे और अकीदतमंदों से मुलाकात कर मुहर्रम की अहमियत पर प्रकाश डाला। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने करबला में



इबादत करते हुए गिरिडीह जिले की सुख-समृद्धि, अमन-चैन, शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम हमें त्याग, इंसाफ, सत्य और मानवता का संदेश देता है। समाज के सभी लोगों को इन मूल्यों को अपनाकर आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करना चाहिए पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने करबला में इबादत कर शांति, खुशहाली और देश-दुनिया में अमन की दुआ मांगी। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# सांसद ने किया हाइ मास्ट एलइडी लाइट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के सिरनिया पश्चिम पंचायत के हफला मखदुमपुर हाट एवं अंबेडकर चौक हफ़लागंज में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत सांसद तारिक अनवर के द्वारा अनुशंसित 16 मीटर हाई मास्ट एलईडी लाईट अधिष्ठापन कार्य का उद्घाटन फीता काटकर, शीला पट्ट का अनावरण एवं नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों के मुख्य चौक चौराहे, सार्वजनिक स्थल के सामने हाई मास्ट एलईडी लाईट लगाने का कार्य जोरों पर है। इस कड़ी में सिरनिया पश्चिम पंचायत के मखदुमपुर हाट एवं अंबेडकर चौक हफ़लागंज में एलईडी लाईट लगाने का कार्य किया गया इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। अब इस लाइट के लग जाने से शाम के समय में दोनों जगह पर उजाला ही उजाला दिखाई पड़ेगा। वही सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की जो समस्या हैं, उनका जल्द ही निदान किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, सिरनीया पश्चिम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गुलाम मुस्तफा, अवधेश मंडल, कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, विक्रम पासवान, निरंजन पोद्दार, सुनील साह, मुजीबुर रहमान आदि उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट में तीन गिरफ्तार

## मादक पदार्थ तस्करी पर पुलिस का शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**केरेडारी (हजारीबाग)।** झारखंड के हजारीबाग जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केरेडारी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, केरेडारी थाना कांड संख्या 80/26 (दिनांक 25 जून 2026) में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 22(बी) एवं 29 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज साव

**सफलता**

(निवासी- केरेडारी), राहुल ठाकुर (निवासी- पांडेय मोड़, थाना टंडवा, जिला चतरा) तथा किशोर कुमार (निवासी- पांडेय मोड़, थाना टंडवा, जिला चतरा) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। यह कार्रवाई केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय एवं उपनिरीक्षक (एसआई) टिंकू सिंह के संयुक्त नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

केरेडारी पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे, ताकि युवाओं को नशे के जाल से बचाया जा सके और समाज में सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# मुहर्रम को लेकर निकाला गया ताजिया जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में मोहर्रम का पर्व परंपरागत भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। गम और शहादत के इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़ों ने ताजिया जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल जंगियों ने पारंपरिक युद्ध कौशल का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन के दौरान लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उनके बताए ईमान, सत्य, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और मानवता की रक्षा के लिए दी गई उनकी कुर्बानी को



श्रद्धापूर्वक नमन किया। मनिहारी अनुमंडल क्षेत्र में भी मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के खलीफाओं के नेतृत्व में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए थाना परिसर स्थित इमामबाड़ा पहुंचा। जहां जंगियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी अखाड़े अपने-अपने ताजियों के साथ कर्बला के लिए रवाना हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और लोग जुलूस का शांतिपूर्ण तरीके से स्वागत करते नजर आए। मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, डीएसपी विनोद कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता रंजीत कुमार, अंचलाधिकारी निहारिका राय, बीडीओ सनत कुमार तथा थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी से पूरे आयोजन में शांति और व्यवस्था बनी रही। वहीं नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव भी ताजिया जुलूस के साथ भ्रमण करते रहे और लोगों को आपसी भाईचारे, शांति तथा सद्भाव का संदेश देते रहे।

# विहिप, बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

## नए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी, आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** मनोकामेश्वर शिव मंदिर परिसर में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने संगठन कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने और युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने




पर बल दिया। वहीं जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंहा, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता तथा जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान संगठन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई नए दायित्वों की घोषणा की गई। बजरंग दल में सोनू केसरवानी एवं संजय केसरी को सहसंयोजक, रोहित कुमार को धर्म प्रसार प्रमुख, अभय कुमार को सह मंत्री, धर्मेंद्र कुमार को सुरक्षा प्रमुख, रविशंकर साहू को सत्संग प्रमुख तथा शिवम कुमार को विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया। वहीं दुर्गा वाहिनी में पलक कुमारी को प्रखंड संयोजिका, संतुष्टि केसरी को सह संयोजिका, रिया कुमारी को बल संस्कार केंद्र प्रमुख, विशाखा कुमारी को विद्यार्थिनी प्रमुख तथा संध्या ठाकुर को शक्ति साधना केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# जुराबगंज-मुसापुर मार्केट के पास स्कॉर्पियो-ऑटो में भीषण टक्कर

## 10 घायल, पांच की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोढ़ा /कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र एनएच-31 पर जुराबगंज मुसापुर मार्केट के सामने स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोग घायल हो गए। इनमें से 5 घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो पूर्णिया की ओर से आ रही थी जबकि ऑटो गेड़ाबाड़ी की तरफ से पूर्णिया जा रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार सभी 10 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोढ़ा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्कार्पियो चालक ने पुलिस को बताया कि वाहन का हैंडल



अचानक लॉक हो गया था, जिसके कारण वह नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे ऑटो से टक्कर हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घायलों की पहचान रिचा प्रिया मोरसंडा, भारतीय कुमारी महिनाथपुर, काजल कुमारी मोरसंडा, मोहम्मद चांद मोरसंडा, पार्वती कुमारी मोरसंडा, छोटी कुमारी पूर्णिया, सिंटू कुमार मोरसंडा, पिंटू महतो मोरसंडा, आशुतोष सिंह मडवा एवं अजय कुमार मुसापुर के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर कोढ़ा थाना पहुंचा दिया है। वहीं इस सड़क हादसे को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस व्यस्त मार्ग पर यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। ताकि

# 'बेटियों को पढ़ाइए, शादी की चिंता मत कीजिए'

## सम्मान समारोह में भावुक हुईं बीपीएससी सफल ऐश्वरी, समाज के तानों के बीच माता-पिता ने जताया विश्वास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारसोई/कटिहार।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बनी बारसोई की बेटी ऐश्वरी कुमारी के सम्मान में शुक्रवार को उनके पैतृक आवास के सामने भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर, गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। सम्मान से अभिभूत ऐश्वरी अपने माता-पिता के संघर्ष को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि एक समय समाज के कई लोग उनके माता-पिता से कहते थे कि बेटी को अधिक पढ़ाने के बजाय उसकी




शादी के लिए पैसे जमा करें, लेकिन उनके माता-पिता ने समाज की बातों पर ध्यान न देकर अपनी बेटी की क्षमता पर विश्वास किया और अपनी मेहनत की पूरी कमाई उसकी शिक्षा पर लगा दी। भावुक स्वर में उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा, अगर आपकी बेटी पढ़ना चाहती है तो उसे अवश्य पढ़ाइए, उसकी शादी की चिंता मत कीजिए। यदि उसमें काबिलियत होगी तो योग्य परिवार स्वयं आपके घर आकर रिश्ते का प्रस्ताव देगा।'' उनके इस संदेश पर उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। ऐश्वरी ने अपने गुरुजनों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कई शिक्षकों ने फीस की परवाह किए बिना उन्हें पढ़ाया और हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के सभी लोगों के प्रेम, सम्मान और सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि सागर साह, संजीव कुमार, शिक्षक अनिल भगत, विकास साह, दुलाल चंद्र साह, वार्ड पार्षद दीपक चंद्र दास, नीरज दास, भारती दास, गौतम दास, जॉनी दास, प्रभुदयाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ऐश्वरी की सफलता आज केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि उस विश्वास, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन की कहानी बन गई है, जो यह संदेश देती है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज का सबसे बड़ा गौरव होती हैं।

# खरीफ महाभियान के तहत खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बारसोई/कटिहार।** प्रखंड ई-किसान भवन सभागार बारसोई में खरीफ महाभियान के तहत एकदिवसीय खरीफ कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रखंड कृषि पदाधिकारी बारसोई पवन कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद जिन्ना एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ सुशील सिंह, डॉ प्रभात कुमार तथा उप परियोजना निदेशक शशिकांत झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बड़ी संख्या क्षेत्र के अन्नदाता मौजूद रहे। इस दौरान बीएओ ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा खरीफ महाभियान के तहत देशभर में कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस महाभियान का यह उद्देश्य है कि सभी किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेती के तरीके में परिवर्तन लाकर अपनी उपज बढ़ाएं। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं मोटे अनाज के उत्पादन पर जोड़ दिए जाने की बात कहीं। बीएओ ने दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भरता, बीज उपलब्धता, कॉटन मिशन, बागवानी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक एवं ड्रॉप मोर क्रॉप तथा कृषि यंत्रीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दीं। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा आज किसानों को खेती में सहूलियत देने के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# पीएचसी के सामने ट्रांसफार्मर में लगी आग, बिजली आपूर्ति ठप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अमदाबाद/कटिहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग सुरक्षित स्थानों की ओर हट गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बिजली बोर्ड ने एहतियात के तौर पर संबंधित फीडर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। ट्रांसफार्मर जल जाने से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जदयू नगर अध्यक्ष संजीव कुमार साह ने बिजली विभाग से अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इधर बिजली विभाग के कनीय अभियंता कौशल कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। नया ट्रांसफार्मर शनिवार को उपलब्ध होने के बाद उसे स्थापित कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# सांसद ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के सिरनिया पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या नौ हफलागंज कार्तिक स्थान चौक में विवाह भवन एवं हाई मास्ट एलईडी लाईट लगाने की मांग स्थानीय ग्रामीण सहित सिरनिया पश्चिम पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार साह ने सांसद तारिक अनवर से किया। इससे पूर्व सांसद को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं सिरनिया पूरब पंचायत के गोलाघाट में वार्ड सदस्य सह उप मुखिया मो. सकुर आलम के आवास पर सांसद का भव्य स्वागत किया गया। फूलों का माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया । मौके पर उप मुखिया मोहम्मद सकुर आलम ने अपने पंचायत में बड़ी नहर मरंगी पिच रोड से परतेली फोर लाइन तक पक्की सड़क का निर्माण,गोलाघाट चौक से बलुआ संथाली तक पक्की सड़क का निर्माण, गोलाघाट में जन वितरण प्रणाली की दुकान खोलने की मांग सहित बिजली में हो रही भारी कटौती को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा कहा कि अभिलंब इन पर सांसद को संज्ञान लेना चाहिए। वहीं सांसद ने कहा कि सबों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# बरौनी रिफाइनरी और एनटीपीसी ने आपसी औद्योगिक सुरक्षा को किया मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी और एनटीपीसी बाढ़ एवं एनटीपीसी बरौनी ने साथ मिलकर शुक्रवार को औद्योगिक सुरक्षा और क्षेत्रीय मजबूती की दिशा में' आपसी सहायता योजना पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक समझौता औद्योगिक इकाइयों के बीच सहयोग की भावना को मजबूत करेगा और सामूहिक आपातकालीन तैयारी के लिए एक ठोस आधारशीला साबित होगी। इस म्यूचुअल एड स्कीम' को औपचारिक रूप से बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश और एनटीपीसी बाढ़ के कार्यकारी निदेशक व प्लांट प्रमुख सी सत्य



राम कृष्ण ने लागू किया। एनटीपीसी बरौनी का प्रतिनिधित्व सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा), बी एन गुप्ता ने एनटीपीसी बरौनी के प्लांट प्रमुख जॉयदीप घोष की अनुपस्थिति में किया। यह साझेदारी आपातकालीन स्थितियों के दौरान प्रभावी तालमेल, तेज़ संचार और ज़रूरी संसाधनों के बेहतर साझाकरण के लिए एक व्यवस्थित ढांचा तैयार करती है। औद्योगिक क्षमताओं को मिलाकर और प्रतिक्रिया तंत्र (रिस्पॉन्स मैकेनिज्म) को एक-दूसरे के अनुरूप बनाकर, किसी भी औद्योगिक या आपदा-संबंधी आपात स्थिति में त्वरित और अच्छी तरह से समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। समझौते के तहत इसमें शामिल इकाइयां संयुक्त रूप से जानकारी बढ़ाने वाले कार्यक्रम (फैमिलियराइजेशन प्रोग्राम) और एकीकृत 'आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल आयोजित करेंगी, ताकि टीमों के बीच बेहतर तालमेल और उच्च स्तर की तैयारी सुनिश्चित हो सके। तकनीकी विशेषज्ञता, आपसी विश्वास और समय पर समन्वित कार्रवाई के माध्यम से, यह समझौता आपातकालीन तैयारी के स्तर को काफी ऊपर ले जाता है और सभी औद्योगिक इकाइयों के बीच सुरक्षा, स्थिरता और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एकजुट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) हंसराज गनवीर, महाप्रबंधक (एचएसई एवं पीएसएम), आलोक कुमार गुप्ता तथा महाप्रबंधक (विद्युत एवं उपयोगिता, यांत्रिक) एस एम हेरलेकर सहित एचएसई और फायर एंड सेफ्टी टीमों के सदस्य भी मौजूद थे।

# अररिया में बड़े पैमाने पर कर्मियों का स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की उपस्थिति में एनआईसी के रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से समाहरणालय एवं विभिन्न विभागों में पदस्थापित कर्मियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न की गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई ताकि स्थानांतरण प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, बिहार, पटना तथा आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया से प्राप्त दिशा निर्देशों के आलोक में कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से समाहरणालय एवं समाहरणालय से संबद्ध कार्यालयों के 04 सहायक प्रशासी पदाधिकारियों, 10 प्रधान लिपिकों, 29 उच्चवर्गीय लिपिकों तथा 59 निम्नवर्गीय लिपिकों का स्थानांतरण एनआईसी के रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। सभी स्थानांतरित कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपना संपूर्ण प्रभार हस्तांतरित करते हुए 30 जून 2026 तक अपने नवपदस्थापित कार्यालय में योगदान सुनिश्चित करें। संबंधित कार्यालय प्रधानों को भी प्रभार का आदान-प्रदान कराते हुए कर्मियों को अविलंब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। स्थानांतरित कर्मियों का जुलाई 2026 का वेतन नवपदस्थापित कार्यालय से देय होगा। निर्धारित तिथि तक विरमित नहीं होने की स्थिति में कर्मियों को 1 जुलाई 2026 से स्वतः विरमित माना जाएगा। इसी क्रम में समाहरणालय अंतर्गत अनुमंडल/प्रखंड कार्यालयों में कार्यरत 11 आईटी सहायकों एवं 30 कार्यपालक सहायकों को भी एनआईसी रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से विभिन्न कार्यालयों में अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है। संबंधित कर्मियों को तीन दिनों के भीतर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**आईसीडीएस में कार्यरत कर्मियों का भी स्थानांतरण**

समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) के अंतर्गत जिले की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में कार्यरत 08 कार्यपालक सहायकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों का एक प्रखंड से दूसरे प्रखंड में स्थानांतरण किया गया है तथा उन्हें 30 जून 2026 तक नए कार्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा आईसीडीएस के अंतर्गत कार्यरत 06 प्रखंड समन्वयकों का भी रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से पारदर्शी तरीके से स्थानांतरण किया गया। आईसीडीएस के अंतर्गत कार्यरत संविदा पर नियुक्त 02 लिपिक एवं 03 सांख्यिकी सहायकों का भी कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से एनआईसी रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्थानांतरण किया गया।

# एनएच-31 पर पिकअप खराब होने से लगा जाम

**कुरसेला/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनएच-31 पर कुरसेला चौक के समीप शुक्रवार को एक ओवरलोड पिकअप वाहन के अचानक खराब हो जाने से करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार नवगछिया की ओर से आ रही एक ओवरलोड पीकअप कुरसेला चौक पहुंचते ही अचानक खराब हो गई। व्यस्त मार्ग होने के कारण कुछ ही देर में सड़क पर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम में यात्री वाहन, ट्रक, बस,ऑटो और निजी वाहन फंस गये।

# बरौनी में मुहर्रम पर अकीदत का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में शुक्रवार को बरौनी के फुलवड़िया क्षेत्र में मोहर्रम का भव्य अखाड़ा एवं ताजिया जुलूस निकाला गया। हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी, आकर्षक झांकियों, पारंपरिक युद्धक कलाओं के प्रदर्शन और या अली व या हुसैन के गूंजते नारों के बीच पूरा इलाका अकीदत, जोश और गंगा-जमुनी तहजीब के रंग में रंगा नजर आया। सुबह करीब सात बजे कलामबाग शोकहारा से अखाड़ा जुलूस की शुरुआत हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए फुलवड़िया बाजार पहुंचा। जुलूस में मर्कजी मोहर्रम कमेटी फुलवड़िया बाजार, अंजुमन इस्लामिया कमेटी शोकहारा,



समाजी इस्लाही तहरीक कमेटी फुलवड़िया कैरीबाड़ी, दरगाह मोहर्रम कमेटी फुलवड़िया गंज, पोखर मोहल्ला एवं बीच मोहल्ला के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। फुलवड़िया बाजार में मर्कजी मोहर्रम कमेटी के अखाड़े का उद्घाटन कमेटी के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद असजद अली, मोहम्मद सलमान, पूर्व जिला पार्षद सिकंदर अली, मंजूर आलम, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद अनवर हैरान, मोहम्मद कैफ अख्तर, अरषु, मोहम्मद असफाक सहित अन्य अतिथियों ने अखाड़ा कमेटी के खलीफा मोहम्मद मन्नान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। जुलूस में मिसाइल, नौसेना के युद्धपोत, टैंक, दिल्ली के इंडिया गेट, रंग-बिरंगे घोड़े एवं ताजिया की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं युवाओं ने सैफ, वाना, बनेठी, तलवार, भाला, बरछा और लाठी जैसे पारंपरिक हथियारों से हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। हाथों में तिरंगा लिए युवाओं ने देशभक्ति और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। जुलूस फुलवड़िया के विभिन्न गली-मोहल्लों से होते हुए सिंधिया चौक, वाटिका चौक, राजेंद्र रोड एवं आलू चट्टी रोड का भ्रमण कर पुनः फुलवड़िया बाजार पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया तथा पारंपरिक करतबों का आनंद लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। उन्होंने कहा कि कर्बला की शहादत आज भी पूरी मानवता को अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। मुहर्रम के इस ऐतिहासिक आयोजन में हिंदू-मुस्लिम एकता, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनुपम मिसाल देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान लोगों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना का परिचय दिया, जिससे बरौनी का सामाजिक ताना-बाना और अधिक मजबूत होता दिखाई दिया।इस अवसर पर मेराज आलम, मोहम्मद आजाद, सिराज अख्तर दाना, तनवीर आलम, मोहम्मद मोइन, असफाक, अरषु, सलमान, हैदर, बबलू रजा, मुनव्वर आलम सहित हजारों की संख्या में अकीदतमंद एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बीपीएससी के सफल अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार भवन में शुक्रवार को डॉ. कलाम फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट के तत्वावधान में 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले दो मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शंकरपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार तथा रमौल गांव निवासी स्वाति कुमारी को अंगवस्त्र, मोमेंटो, मेडल, प्रशस्ति पत्र, शिवाजीनगर के कर्मवीर नामक पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने की, जबकि संचालन संस्था के ललित कुमार सिंह एवं सचिव राज नारायण ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, संस्थापक ललित कुमार सिंह, सचिव राज नारायण, सेवानिवृत्त सम्मानित अभ्यर्थी स्वाति कुमारी एवं अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक ललित कुमार सिंह ने अभिषेक कुमार को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। वहीं संस्था के अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने स्वाति कुमारी को भी पुष्पगुच्छ, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद दोनों सफल अभ्यर्थियों के माता-पिता को मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाग, चादर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने इस सम्मान को पूरे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। समारोह में बताया गया कि शंकरपुर गांव निवासी दीपक कुमार एवं इंदु कुमारी के पुत्र अभिषेक कुमार ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 1319वीं रैंक प्राप्त कर सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शनिवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की लगातार निगरानी के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रहटौली, बलीपुर, परशुराम, मधुरापुर, हबका, सभा, काजी डुमरा, शाहिद तथा चक चौहान समेत विभिन्न गांवों एवं चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिसकर्मी लगातार गश्ती करते रहे और ताजिया जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर बनाए रखी वहीं, शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में भी थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल एवं अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। जुलूस के निर्धारित मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया थाना अध्यक्षों ने लोगों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की थी, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। मोहर्रम के अवसर पर सभी समुदायों के लोगों ने प्रशासन का सहयोग किया।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नशा मुक्त भारत सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी थे।इस अवसर पर 17 जून से 26 जून तक जिलेभर में आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सप्ताह के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता, रन फॉर नशा मुक्त भारत मैराथन, ताइक्वांडो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कबड्डी



प्रतियोगिता में बिहट की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन एवं बच्चों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कबड्डी कोच श्वेता कुमारी एवं गौरी कुमारी, चित्रकला प्रशिक्षक मनीष कौशिक एवं इंद्र मोहन प्रसाद, ताइक्वांडो कोच मणिकांत तथा शारीरिक शिक्षक विश्वजीत कुमार को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत से हुई तथा समापन बिहार गीत के साथ किया गया। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई रचनात्मक कलाकृतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) रश्मि कुमारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभिजीत सोनम, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम साहनी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंकुल चंद्र राय सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# मुहर्रम पर शांतिपूर्ण निकला ताजिया जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा, आस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। देवपुरा, विष्णुपुर, समसा, पीरनगर, गम्हरिया, खैरवन, रजाकपुर, पहसारा, छतौना, नावकोठी, हसनपुर बागर सहित विभिन्न गांवों में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने पारंपरिक करतब एवं लाठी-भाला सहित अन्य हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कई स्थानों पर युवाओं ने पारंपरिक लड़वाड़ी खेल का भी प्रदर्शन किया। विष्णुपुर पंचायत में तीन स्थानों पर ताजिया बनाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। पूरे प्रखंड में मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अंचलाधिकारी सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, सर्किल इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इस दौरान एसआई विश्वजीत कुमार, रंजीत कुमार, पूनम कुमारी साहा, गुड़िया कुमारी, अंकिता कुमारी, अबोध कुमार सिंह, राकेश कुमार, मिथिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बिजली संकट को लेकर सीएम से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** नावानगर प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्युत उप केंद्र के पदाधिकारियों सहित कर्मियों के मनमानी एवं निकम्मापन की वज़ह से जिले के महत्वपूर्ण पंचायतों में शुमार कड़सर पंचायत के ग्रामीण इस गर्मी और उमस के दिनों में खासे परेशान हैं। विद्युत उप केंद्र नावानगर के कर्मियों की शिकायत कड़सर निवासी निराला कुमार चौधरी ने सूबे के मुख्यमंत्री और सचिव ऊर्जा विभाग को ईमेल के माध्यम से पत्र प्रेषित की है। पत्र में श्री चौधरी ने इस विद्युत उप केंद्र नावानगर के पदाधिकारियों और कर्मियों के कार्यो सहित कारगुजारियों की पोल खोल कर रख दी है। इन्होंने स्पष्ट रूप से जिक्र किया है कि आए दिन इस पंचायत में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो जाती है साथ ही कई कई दिनों तक बाधित रहती है। क्षेत्र मे बूंदा बूंदी और आँधी पानी आने पर तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इस दशा में इस विद्युत उप केंद्र के पदाधिकारी और कर्मियों द्वारा अपने कर्तव्य और दायित्व का सही रूप से निर्वहन करने में कोई अभिरुचि नहीं दिखाई जाती है जिसकी वजह से कई कई दिनों तक इस पंचायत के लोगों को बिजली नसीब नहीं होता है साथ ही बाकी के दिनों में भी दिन के दस बजे से शाम के पांच बजे तक बिजली आपूर्ति की स्थिति काफी खराब रहती है। इस पंचायत के बुजुर्ग समाजसेवी बृज बिहारी दुबे ने इस पंचायत में बिजली की लचर व्यवस्था पर क्षोभ व्यक्त करते हुए बताते है कि इस क्षेत्र मे बिजली अनियमित सप्लाई के मामले मे सरकार और बिजली विभाग पूरी तरह लापरवाह तो है ही उससे भी अधिक इस पंचायत के नेता बने घूमने वाले लोग भी जिम्मेदार है जो इस भीषण गर्मी में भी बिजली संकट की बात सरकार और उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने की हिम्मत नहीं रखते हैं।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 25.06.2026 को बुनियाद केंद्र, अररिया में नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान विषय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनकी रचनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला प्रबंधक-सक्षम, नवीन



कुमार नवीन द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के बीच नारा लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण पर अपने विचार रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे, नारा लेखन प्रतियोगिता प्रथम स्थान-गोलू कुमार शाह, द्वितीय स्थान-मोनक, तृतीय स्थान-अभिषेक कुमार। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -लव कुमार, द्वितीय स्थान -बाबुल, तृतीय स्थान -राकेश कुमार रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-सुमन सौरभ, द्वितीय स्थान-इमाम हुसैन, तृतीय स्थान-रोशन मिश्रा रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लेखापाल पुष्कर पुष्प, केस मैनेजर करुण कुमार, सीनियर फिजियो तरन्नुम निगार, ऑप्थेल्मो अनिल, टेक्नीशियन (स्पीच एंड हियरिंग) कुमार साहेब सहित अन्य कर्मी विजय, राजा, हरदेव, अरविंद एवं सनोज कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# मुहर्रम को लेकर डीएम ने लिया विधि-व्यवस्था का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण माहौल में पर्व सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने जोकीहाट क्षेत्र में धनपुरा चौक से करबला (नगर पंचायत जोकीहाट), ठेंगापुर चौक,



भेवड़ा चौक होते हुए मुख्य सड़क (अररिया-जोकीहाट मार्ग) तक भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों की तैनाती की समीक्षा करते हुए सभी को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम तथा ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्गों पर की गई प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि जुलूस मार्गों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित रहें। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद कार्यालय फारबिसगंज में स्थापित कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। यहां से वे पूरे शहर में निकल रहे ताजिया जुलूसों की लगातार निगरानी करते रहे तथा विभिन्न स्थानों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मुहर्रम आयोजन समितियों के सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

# पर्यवेक्षण गृह, अररिया में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पर्यवेक्षण गृह, अररिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई अररिया शम्भू कुमार रजक द्वारा बच्चों एवं कर्मियों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाते हुए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, भविष्य और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बच्चों से नशे से हमेशा दूर रहने, अच्छे संस्कार अपनाने, शिक्षा पर ध्यान देने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ''नशामुक्त युवा ही सशक्त भारत की पहचान हैं।'' कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षण गृह में आवासित सभी बच्चों को नशा न करने, किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज में भी नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से वरिष्ठ अधिवक्ता, किशोर न्याय परिषद की सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और जिम्मेदार जीवन के लिए प्रेरित करना था।

# औरंगाबाद में परंपरा एवं अकीदत के साथ मनाया गया मुहर्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुसलमान भाइयों के मातम का त्योहार मोहर्रम शुक्रवार को जिले में परंपरा एवं अकीदत के साथ मनाया गया। मुहर्रम के दसवें दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय में जुलूस निकाला गया। इसमें कई अखाड़ों के प्रतिनिधियों और उस्तादों सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस क्रम में या हुसैन, या हुसैन के नारों से जिला मुख्यालय गूंजता रहा। उर्दू की पांचवीं तारीख से ही कर्बला मैदान से पवित्र मिट्टी लाने का कार्य आरंभ हुआ जो सातवीं तक जारी रहा। नौवीं तारीख यानी गुरुवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों मे एक से बढकर एक ताजिया रखे गए। शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के ताजिया का विभिन्न मुहल्लों एवं रूटों पर भ्रमण करते हुए पुनः रख दिया गया। इस बीच जगह-जगह फन ए सिपहगिरी का प्रदर्शन किया गया। इस क्रम में युव कों द्वारा एक से बढ़कर एक करतब भी दिखाए गए। ताजियों के साथ भ्रमण करते एवं करतब दिखाते देर रात तक ग्रामीण क्षेत्र के ताजिया का पहलाम किया गया। मुहर्रम की दसवीं पर शहर में गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। विभिन्न मोहल्लों से निकले ताजिया जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पारंपरिक अलम और या हुसैन के झंडों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने सिर पर टोपी और हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम अभिलाषा शर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिह, एसडीपीओ सुशील कुमार, नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, नगर सर्किल इंस्पेक्टर फहीम आजाद खान आदि लगातार जायजा लेते दिखे। मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की ऐसी पुख्ता व्यवस्था की गई थी कि परींदा भी पर नहीं मार सके। वहीं पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी सल्लू खान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन का पूरा जीवन अमन, इंसाफ और सच्चाई का संदेश देता है। कहा कि कर्बला का पैगाम अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने, सत्य के मार्ग पर डटे रहने तथा समाज में शांति और भाईचारा कायम रखने की प्रेरणा देता है। जुलूस में पठान टोली के उस्ताद शाहनवाज उर्फ टीका खान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रईस आजम खान, वार्ड पार्षद सिकंदर हयात, सैयद असलम उर्फ चुना, औरंगजेब खान, अजीम खान, अब्दुल्ला राजा, मो. नईम नियाजी, मो. गुलफाम, इनाम मुस्तफा खान, आरिफ उर्फ टीका खान, मो. इमरान खान सहित हजारों लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जवान पूरी तरह मुस्तैद रही।





## संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में जिला के सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैदी से कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं तथा लगातार क्षेत्र की गतिविधियों पर निगरानी रखे हुए हैं। जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्ती, निगरानी एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में दाउदनगर, हसपुरा, नवीनगर, गोह, मदनपुर एवं अन्य प्रखंडों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों के साथ भ्रमण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर रहे हैं तथा मुहर्रम के अवसर पर सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। किसी भी परिस्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने जिलावासियों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को देने का आग्रह किया गया है।

## त्याग, बलिदान व इंसानियत का संदेश देता है मुहर्रम : डॉ सुरेश पासवान



**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** बिहार सरकार कि पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत हक और सच की राह पर चलते हुए ज़ुल्म के ख़िलाफ़ डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। मुहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि त्याग, धैर्य, इंसाफ़ और मानवता के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की। साथ ही ककहा कि समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना को मज़बूत करना ही इमाम हुसैन साहब की कुर्बानी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर शांति सद्भाव और परस्पर सम्मान की भावना के साथ इस पर्व को मनाएं और समाज में अमन- चैन और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लें।

## डीएम-एसपी ने फ्लैग मार्च कर दिया शांति का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था के सफल संधारण, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औरंगाबाद शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा जुलूस मार्गों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ताकि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी द्वारा आमजन से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है ताकि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# कबाड़ की दुकान में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के बाईपास मार्ग के पास स्थित एक कबाड़ की दुकान में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी दुकान उसकी चपेट में आ गई। दुकान मालिक रिंकू कुरैशी मुहल्ला के निवासी हैं। इन्होंने बताया कि इस हादसे में करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की एक छोटी गाड़ी करीब 30 मिनट बाद मौके पर पहुंची, जबकि दो बड़ी दमकल गाड़ियां लगभग 50 मिनट बाद पहुंचीं। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास के मकानों तक आग नहीं पहुंची और एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने दमकल गाड़ी के देरी से पहुंचने पर नाराजगी जताई और कहा कि यदि आग और फैल जाती, तो स्थिति भयावह हो सकती थी। घटना के बाद शहर में घनी आबादी वाले क्षेत्रों में संचालित कबाड़ की दुकानों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बाईपास ही नहीं बल्कि टिकरी रोड समेत शहर के कई रिहायशी इलाकों में भी कबाड़ का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, जहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।




# हाइटेंशन तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज( औरंगाबाद)।** हाइटेंशन विद्युत करंट की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के जाखिम-पड़रिया गांव की है। यहां शुक्रवार की सुबह हाइटेंशन तार की चपेट में आने से यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान स्व. सूर्यदयाल महतो के 50 वर्षीय पुत्र राजेश महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेश महतो शुक्रवार सुबह कृषि कार्य के लिए घर से करीब 700 मीटर दूर उत्तर दिशा स्थित बधार में गए थे। इसी दौरान पहले से टूटा हुआ 11 हजार वोल्ट का विद्युत तार जमीन पर गिरा हुआ था जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उन्हें जीवित समझकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई कौशलेंद्र कुमार सिंह, एसआई सुधांशु कुमार, एसआई शमा परवीन सहित अन्य पुलिसकर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार राजेश महतो एक मेहनतकश किसान थे। इस हादसे से पत्नी केसरी देवी, पुत्र कृष्ण कुमार, पुत्री रिंकी देवी एवं सविता कुमारी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों के लिए उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## स्पर्शाघात से चार लोग झुलसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चार लोग झुलस गए। इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की है। जानकारी के अनुसार गयाजी के कोच थाना क्षेत्र के निघई गांव निवासी बच्चू यादव अपने ससुराल आए हुए थे। शुक्रवार सुबह वह अपने साले विरेंद्र यादव के साथ शौच के लिए गांव के बाहर गए थे। इस दौरान पहले से जर्जर होकर नीचे लटक रहे तार की चपेट में विरेंद्र यादव आ गए और जमीन पर गिर पड़े। उन्हें बचाने के लिए दौड़े बहनोई भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों को गिरा देख विरेंद्र यादव का पुत्र रंजीत उन्हें उठाने पहुंचा, लेकिन वह भी हाईवोल्टेज तार की चपेट में आकर झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अन्य ग्रामीण भी घायल है। इसी बीच हल्की बारिश के कारण बिजली लाइन अचानक ट्रिप हो गई जिससे बड़ा हादसा टल गया और सभी की जान बच सकी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा गांव के सभी जर्जर बिजली तारों को तत्काल बदलने की मांग की है।

# पॉक्सो सहित अन्य अपराधों में 15 लोग भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार पॉक्सो में 1, एसटी-एससी एक्ट में 3, दहेज हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 6, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 8 तथा अन्य मामलों में 11 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 24.80 देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 896 वाहनों की जांच की गई जिसमें 26500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 19 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 21160 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# मौलाबाग से हटाया गया अतिक्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के मौलाबाग स्थित बालिका इंटर विद्यालय की चाररदीवारी से सटा हुआ अतिक्रमण शुक्रवार को नगर परिषद द्वारा हटाया गया। यहां खान-पान की सामग्री बेचने वाली कई दुकानें लगी हुई हैं। अधिकारियों ने कुछ अतिक्रमण हटाया है और कुछ को नोटिस देना तय किया है। जो बड़े अस्थाई निर्माण वाली दुकान हैं, उनको दो या तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का समय देते हुए नोटिस दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों और पुलिस बल की टीम पहुंची तो एक दुकान संचालक विधवा कलपने लगी। उसके पति की मौत हो गई थी और उसके बाद वह इसी छोटे से दुकान से अपनी आजीविका चलाती है। हालांकि अधिकारियों ने संवेदना दिखाते हुए उसे तत्काल नहीं हटाया। इस स्थान पर कुछ बड़े अस्थाई दुकान भी हैं। जिनको हटाने के लिए प्रशासन नोटिस देने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तुरंत हटाने से बड़ी क्षति हो सकती थी, इसलिए अधिक क्षति इन दुकानदारों को ना हो, इसका ख्याल रखते हुए दो से तीन दिन का वक्त देने संबंधित नोटिस जारी किया जाएगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी के नेतृत्व में सड़क एवं सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान में टाउन स्वच्छता पदाधिकारी अमन कुमार, नगर परिषद के अमीन अर्जुन कुमार, सफाई कर्मी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना और शहर को व्यवस्थित बनाना है। इसलिए आने वाले दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा।



# मारपीट में पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम के दौरान नबीनगर थाना क्षेत्र के महसू गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस क्रम में विधि-व्यवस्था के मद्देनजर एक पक्ष से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरे पक्ष से दो जख्मियों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान उस गांव निवासी जिकरुलाह अंसारी, मो. सिराज, मो. सद्दाम, गुलाम गौस एवं गुलाम सरवर के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पुरानी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई और फिर हिंसक मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें परिजनों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिकी इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। जख्मियों के परिजनों द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दूसरे पक्ष के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि घटना को लेकर दोनों पक्ष से प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल की गई जिसमें एक पक्ष से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से जख्मी दो लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में पकड़े गए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों के सेवन, नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवा सदन में जागरूकता सह शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनीष कुमार जायसवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधान जिला जज ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत विश्व के साथ-साथ भारत के युवाओं के बीच तेजी से फैल रही है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा युवाओं को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने सभी से 'जीवन चुनें, नशा नहीं' का संदेश अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत की ओर धकेलता है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि नशीली दवाओं का निर्माण केवल चिकित्सकीय उपचार के लिए किया जाता है और बिना चिकित्सकीय परामर्श एवं वैध पर्ची के इनका उपयोग, बिक्री या वितरण कानूनन अपराध है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।इस

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नशे से कमजोर होती है आर्थिक स्थिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नशा मुक्त भारत दिवस के अवसर पर वृहद आश्रय गृह में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक महेशानंद की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों एवं कर्मियों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के द्वारा बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इसके कारण पारिवारिक संबंधों में तनाव उत्पन्न होता है, आर्थिक स्थिति कमजोर होती है तथा समाज में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे। इस अवसर पर 'नशा मुक्त भारत अभियान' के उद्देश्यों एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता प्रयासों की जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ जीवनशैली, आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित सभी लाभार्थियों एवं कर्मियों ने नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया।







CMYK